चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 38, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शनिवार, 18 मार्च, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : केएल राहुल ने जड़ी 13वीं फिफ्टी



अन्दर : संसद का ठप रहना उचित नहीं

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# बिजली फीडर बंद करने वालों पर करें कार्रवाई

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

**बैठक**

**नगर आयुक्त से कहा : आपके अफसर नहीं कर रहे अपने क्षेत्र का भ्रमण**

**बीएचयू अस्पताल की समस्याओं के समाधान को एचआरडी को लिखें पत्र**

**जनसंदेश न्यूज**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली हड़ताल को देखते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया है कि ऐसी व्यवस्था तय हो जिससे आमजनता को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। अराजकता उत्पन्न करने वाले बिजलीकर्मियों के नाम सूचीबद्ध करें। विद्युत फीडर बंद करने वाले लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हो। सरकार हर साल 20 हजार करोड़ रुपये पावर कार्पोरेशन को उसका घाटा पूरा करने के लिए देती है। सो, हर हाल में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए।

दो दिनी दौरे पर शुक्रवार की शाम पहुंचे सीएम योगी सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिये। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि शहरी क्षेत्र में समस्याओं को देखते हुए स्पष्ट है कि अफसर अपने-अपने इलाके में भ्रमण नहीं करते। विभाग के अधिकारी नियमित भ्रमण कर उसी दिन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएं। नगर आयुक्त स्वयं क्षेत्रों का दौरा कर अफसरों द्वारा इलाके में किए जा रहे भ्रमण और कार्यवाही पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की तर्ज पर वाराणसी में घाटवार नावों का रेट तय करने के निर्देश दिये। सर सुंदरलाल अस्पताल में एमआरआई मशीन खराब होने, सिटी स्कैन के लिए लंबी लाइन लगने, वेंटीलेटर बेड की कमी आदि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए एचआरडी एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के उच्च स्तर पर पत्र लिखने को कहा। सीएम ने बाबतपुर मार्ग की सड़क गंदी होने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने अस्सी नदी के पुनरुद्धार के लिए सिंचाई विभाग के अफसरों को ठोस प्लान बनाकर कार्यवाही करने पर बल दिया। उन्होंने गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 30 हजार से अधिक करने के लिए बीसीसीआई से वार्ता करने के निर्देश दिये।

### यह निर्देश भी दिये

टाटा कैंसर अस्पताल से जुड़े प्रस्ताव पर धनराशि के लिए शासन को लिखें। गोल्डन कार्ड बनाने में आ रही सॉफ्टवेयर संबंधी अड़चन जल्द दूर कराएं। काशी विश्वनाथ धाम के पुलिस कर्मियों की काउसिंलिंग हो। गंगा में गहरे स्थानों पर साइन इन लगाए जाएं। रेल यात्रियों को दिये जाने वाले खाद्य पदार्थों खराब गुणवत्ता के बारे में रेलवे अधिकारियों से वार्ता करें।

### हरहुआ में बनेगा वर्ल्ड सिटी एक्सपो



बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास नितिन रमेश गोकर्ण ने वाराणसी के विकास के लिए तैयार कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले का जन घनत्व अधिक है। यातायात समस्या व पार्किंग की कमी है। जबकि पर्यटकों की आमद बहुत अधिक है। हरहुआ में वर्ल्ड सिटी एक्सपो बनाया जाएगा जो कंवेंशन सेंटर के रूप में कार्य करेगा। बाबतपुर में वरुणा विहार एवं सारनाथ में मेडिसिटी का निर्माण होगा। शहर की बड़ी मंडियों को शिफ्ट करने की जरूरत है। तैयार मास्टर प्लान में एनवायरनमेंट का पूरा ध्यान रखा गया है। सीएम ने इस कार्य योजना को सराहा।



## सीएम ने किया इंटीग्रेटेड पैक हाउस का मुआयना



वाराणसी। दो दिनी दौरे पर शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर हवाईअड्डे पर उतरने के तुरंत बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 मार्च को जनपद में प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर चल रही तैयारियों का जायजा लिय। सीएम योगी ने सबसे पहले करखियांव औद्योगिक आस्थान क्षेत्र में नवनिर्मित इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निरीक्षण किया। इसे मंडी परिषद ने तैयार किया है। 15 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना में फल और सब्जियों की धुलाई और ग्रेडिंग का कार्य होगा। इस पैक हाउस से वाराणसी सहित पूर्वांचल के कई जनपदों के किसान लाभांवित होंगे। यहां किसानों के फलों व सब्जियों की धुलाई कर ग्रेडिंग के बाद निर्यात करेंगे। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार पैक के मुआयने के दौरान सीएम के साथ मंत्री अनिल राजभर व सांसद वीपी सरोज आदि भी रहे। योगी ने मौके पर मशीनों की जानकारी ली। साथ ही वहां ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये।

# एससीओ के सदस्य देश एकजुट होकर पर्यटन को देंगे बढ़ावा

## शंघाई सहयोग संगठन की मीटिंग में टूरिज्म संबंधी कार्ययोजनाएं निर्धारित कर सदस्य देशों ने दिया अनुमोदन

**उच्चस्तरीय बैठक**

**तय किया गया ईयर ऑफ टूरिज्म डेवलपमेंट इन द एससीओ स्पेस इन 2023 का वर्कप्लान**

**मेडिकल व हेल्थ टूरिज्म, सांस्कृतिक विरासत आदि को संयुक्त रूप से प्रोत्साहन पर सहमति**

**जनसंदेश न्यूज**



एससीओ के सदस्य देशों की बैठक शुक्रवार को नदेसर क्षेत्र स्थित एक तारांकित होटल में आयोजित हुई

**वाराणसी।** शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ के पर्यटन प्रशासन प्रमुखों की दो दिनी बैठक शुक्रवार को नदेसर क्षेत्र स्थित एक तारांकित होटल में शुरु हुई। केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में इस मौके पर एससीओ पर्यटन मंत्रियों ने सदस्य देशों के बीच टूरिज्म क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर संबंधित देशों की सरकारों के बीच समझौते को लागू करने के लिए तैयार संयुक्त कार्य योजना को अंतिम रूप देते हुए हरी झंडी दे दी। इस दौरान कई देश वर्चुअल स्तर पर शामिल हुए।

मीटिंग में एससीओ सदस्य देशों के पर्यटन विभागों के आला अफसर, संबंधित देशों के सचिवालय, पर्यटन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति है। इस दौरान जिन बिंदुओं पर अनुमोदन दिया गया उनमें एससीओ पर्यटन ब्रांड का प्रचार करने, सदस्य देशों की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने, पर्यटन में सूचना और डिजिटल प्रौद्योगिकियों को साझा एवं उसका आदान-प्रदान करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पर्यटन में आपसी सहयोग को बढ़ाने और पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर 'ईयर ऑफ टूरिज्म डेवलपमेंट इन द एससीओ स्पेस इन 2023' के लिए कार्य योजना स्वीकृत की गयी। बैठक में संयुक्त कार्य योजना पर बनी सहमति के अनुसार सदस्य देश एससीओ पर्यटन प्रदर्शनी, एससीओ फूड फेस्टिवल, पर्यटन पर वेबिनार व सेमिनार, क्षेत्र में पर्यटन के प्रचार एवं विकास पर सम्मेलन और विशेषज्ञ सत्र जैसे विभिन्न कार्यक्रम करेंगे। बैठक में ईयर ऑफ टूरिज्म डेवलपमेंट इन द एससीओ स्पेस इन 2023 के लिए भी कार्य योजना निर्धारित हुई।

सदस्य देशों के पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने और प्रदर्शित करने के लिए कार्यों और कार्यक्रमों की एक सूची तैयार की गयी। सायंकालीन सत्र में होटल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सहभोज का आयोजित हुआ। भारत की अध्यक्षता में एससीओ पर्यटन प्रशासन के प्रमुखों की बैठक में दो विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की पूर्व में मीटिंग हुई थी। जिसके तहत बीते 31 जनवरी की मीटिंग ऑनलाइन थी जबकि दूसरी बैठक गत 14-15 मार्च को वाराणसी में की जा चुकी है।

### आठ देश हैं सम्मिलित



15 जून 2001 को शंघाई में स्थापित शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ एक स्थायी अंतर सरकारी संगठन है। इसमें वर्तमान में आठ सदस्य देश चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सम्मिलित हैं।

### बैठक में इनकी रही हिस्सेदारी

बैठक में कजाकिस्तान गणराज्य के संस्कृति और खेल उप-मंत्री येरजान येरकिनबायेव, चीन के संस्कृति और पर्यटन उपमंत्री लू यिंग चुआन, किर्गिज गणराज्य के संस्कृति, सूचना, खेल और युवा नीति उपमंत्री सामत बेक्तुरोविच शतमानोव और उज्बेकिस्तान गणराज्य के पहले संस्कृति और पर्यटन उपमंत्री आजमोव उलुगबेक एक्समातोविच उपस्थिति दर्ज करायी। जबकि ऑनलाइन मोड के जरिये रूस के आर्थिक विकास उपमंत्री ब्लादिमीर एवगेनविच इलिचेव, ताजिकिस्तान गणराज्य के पर्यटन विकास समिति अध्यक्ष मुमिनजोद कमोलिद्दीन और इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के पर्यटन और खेल सलाहकार औन चौधरी ने हिस्सा लिया।

### 2024 में अगली मीटिंग कजाकिस्तान में

काशी को एससीओ की प्रथम पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में घोषित किया गया है। यह मान्यता शहर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र में अधिक प्रमुखता का अवसर देगी। यह पहल वाराणसी की आध्यात्मिकता, रहस्यवाद, शिक्षा को उजागर कर अधिक ध्यान आकर्षित करेगी, जो भारतीय सभ्यता का पालना भी है। पर्यटन प्रशासन के एससीओ प्रमुखों की आगामी बैठक अगले वर्ष 2024 में कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3285780 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। तूफानी यादव पुत्र धूमराज, दुधैला, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2138695 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। पिन्की राजभर पुत्री काशीनाथ राजभर, पकहा, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222103919 का अंकतालिका मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। अनिल राय पुत्र राजन राय, ग्राम करमा, पोस्ट-दिलदारनगर, जिला-गाजीपुर उ.प्र.।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2754554 अंकपत्र सहमूल प्रमणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। विशाल सरोज पुत्र मुन्नीलाल ग्राम-अहिबरनपुर, पोस्ट-जैतीपुर, जिला-आजमगढ़।

ADIT KUMAR SHARMA व ADITI KUMAR SHARMA दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है भविष्य में मुझे अब ADIT KUMAR SHARMA पुत्र मारकन्डेय सिंह, निवासी-माधोपुर कुरूहुआ, जिला-वाराणसी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**- एस.के.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन रग्घूपुर, बेहड़ा, केराकत, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष प्रवक्ताओं (बी.एड.) हेतु योग्य अभ्यर्थी योग्यता यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु 21 दिन के अंदर अपने शैक्षणिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में संपर्क करें। **प्रबंधक चंद्रभान सिंह 9793103333**

**आवश्यकता है** - वीर बहादुर सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध केदार सुखदेव एस0 एन0 ओ0 पी0 महाविद्यालय हरसरपुर चौबेपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत समाजशास्त्र-02 प्रवक्ता, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान व भूगोल विषय में 3-3 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अंदर शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं दो-दो फोटो के साथ आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष नम्बर पर दी जायेगी।
**प्रबन्धक-मो0-9415810991**

**आवश्यकता है** - बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध विमला रमाशंकर महाविद्यालय युसूफपुर शाहपुर, गाजीपुर उ0प्र0 में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद, स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक रिक्त पदों पर एवं शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष एक पद तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र में दो-दो प्रवक्ताओं एवं गृहविज्ञान में तीन प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई0 न्यू रेगुलेशन 2014 तथा यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट फोटो के साथ आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक, फोन व स्वयं से दी जायेगी।
**प्रबन्धक**
**मो0-9161221561, 9838825063**

## फूड प्वाइजनिंग के मरीजों का सीएमओ ने जाना हाल

**कुशल क्षेम**

**उपचार के हर संभव प्रयास का परिजनों को दिया भरोसा**



**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय में भर्ती कराए गए संभावित फूड प्वाइजनिंग के मरीजों का हाल जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि बेहतर उपचार के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। पिण्डरा ब्लाक के बरवा गांव में हुए संभावित फूड प्वाइजनिंग के मामले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों का हाल जानने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी शुक्रवार को वहां पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती संभावित फूड प्वाइजनिंग के सभी मरीजों के स्वास्थ्य और उनके हो रहे उपचार की बारी-बारी से जानकारी ली। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों को भरोसा दिलाया कि उपचार के हर संभव प्रयास किये जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पिंडरा ब्लाक के बरवा गांव में हरिनाथ बेनवंशी की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया था। भण्डारे में खाना खाने वालों को उसी रात को उल्टी दस्त होने लगा। स्वास्थ्य टीम ने 38 लोगों को ग्राम में ही उपचार दिया तथा 26 लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिण्डरा रेफर किया। सीएमओ ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिण्डरा लाये गये सभी 26 लोगों को उसी शाम रेफर कर पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# दलित समाज के उत्थान को सूबे में पीएम आदर्श ग्राम व अंबेडकर उत्सव धाम

**पत्रकारवार्ता**

**उप्र एसटी वित्त एवं विकास निगम तथा भारतरत्न डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल बोले**

**कहा : सूबे में डॉ. अंबेडकर को सम्मान दे रही योगी सरकार, लखनऊ में बन रहा है अंबेडकर स्मारक एवं**



'लालजी प्रसाद'

**वाराणसी।** यूपी में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में से चयनित 10385 गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम के रूप में ढाल रहे हैं। इन गांवों में सभी मूलभूत सुविधाओं संग अन्य विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। दूसरी ओर, ?बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से राज्य में 1336 आदर्श गांवों को डॉ. अंबेडकर उत्सव धाम के तौर पर विकसित करेंगे। इन ग्रामसभाओं में सामाजिक जरूरतों को पूरा करने समेत महिला स्वयं सहायता समूहों का निर्माण, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान के रूप में प्रयोग किये जा सकेंगे। वाराणसी में ऐसे 28 गांव चयनित किये गये हैं।उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा भारतरत्न डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा योगी सरकार डॉ. अंबेडकर के साथ दलितों को भी सम्मान दे रही है। लखनऊ के रामलीला मैदान ऐशबाग के निकट डॉ. अंबेडकर के विचार व दर्शन के अनुरूप स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें वृहद संग्रहालय के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवनवृत्त एवं उनके दर्शन की अभिव्यक्ति प्रदर्शित होगी। साथ ही संबंधित विषयों पर शोध की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए शोधार्थियों को छात्रवृत्ति देंगे। डॉ. निर्मल ने आरोप लगाया कि पूर्व की अखिलेश यादव सरकार ने डॉ. अंबेडकर एवं बहुजन महापुरूषों के नाम पर बने संस्थानों को मिटाकर दलितों का उत्पीड़न किया।

### काशी के यह गांव बनेंगे उत्सव धाम

प्रेसवार्ता में डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि वाराणसी में डॉ. अंबेडकर उत्सव धाम के तौर पर विकसित किये जाने वाले गांवों में कुर्सियान, भिदुर, करिया, हमिरापुर, जामिन बैरवान, जद्दूपुर, रतवारबंगपुर, महदा, ओदरहां, नरैचा, भदेवली, मनोरथपुर, पचई-2, दुलहनपुर, भटउली, रामपुर, प्रह्लादपुर, गादर, पश्चिमपुर, रसदा, चंदापुर, चक चमरान, बीरबलपुर, मगरहउआ, लोकापुर, भइथउली, सुइलारा एवं अनंतपुरनवां हैं। इन गांवों में 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवनों का निर्माण भी होगा।

# शहर की आधे से अधिक टंकियां खाली

**झेलनी पड़ी दुश्वारी**

**बिजली संकट के बीच बाल्टी लेकर पानी के लिए भटकते रहे लोग**

**मच्छरों से बचने और पानी के लिए किराए पर जेनरेटर लेने को विवश**

**वाराणसी।** शरह में बिजली कर्मियों के हड़ताल से पाने की पानी का भी संकट गहराता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को बिजली आपूर्ति न होने से कई इलाकों की टंकियां भी खाली हो गई। वहीं आलाधिकारियों के भी फोन दिनभर खनखनाते रहे, लेकिन समस्या से समुचित रूप से राहत नहीं मिल सकी। इस बीच लोगों को भारी दुश्वारियों का समाना करना पड़ा।

शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति न होने से हाहाकार की स्थिति देखने को मिली। एक ओर बिजली आपूर्ति की समस्या झेल रहे लोगों को मच्छरों ने परेशान किया तो दूसरी ओर लोगों को पाने के पानी के लिए आस-पास के इलाकों तक भटकना पड़ा। लोग बाल्टी लेकर हैंडपंक की तलाश करते दिखाई दिए। इस दौरान निगम की ओर से भी किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई। जबकि जलकल विभाग के अधिकारी दिन भर समस्याओं के निस्तारण में लगे रहे। लेकिन समस्या से निजात नहीं मिल सका। सिगरा, जगतगंत, भेलूपुर, शिवपुर, कंदवां, मैदागिन, सारनाथ और नई सड़क सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति न होने से पानी की टंकियां खाली हो गईं। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामाना करना पड़ा। सिगरा क्षेत्र के आशीष ने बताया कि इलाके की टंकी में पानी न होने से एक किलोमीटर दूर से बाल्टी में पानी लाना पड़ रहा है। वहीं जगतगंज के शशांक सिंह ने बताया कि बिजली की समस्या से व्यवसाय ठप हो गया है। घर में सुबह से पानी भी नहीं आ रहा। बाहर से खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है।

### डीजल की खपत और जेनरेटर की बढ़ी डिमांड

पानी की समस्या से जुझ रहे लोगों को अब जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है। शुक्रवार को मलदहिया सहित कई इलाकों में किराए पर जेनरेटर लेने वालों का तांता लगा रहा। वहीं पेट्रोल पंप पर भी डीजल की खपत बढ़ गई। दरअसल बिजली आपूर्ति न हो पाने से लोग जेनरेटर की सहायता से पानी लेने को मजबूर दिखाई दिए।

### निगम ने नहीं की पानी के टैंकरों की व्यवस्था

बिजली आपूर्ति न होने से शहर के कई इलाकों में जल आपूर्ति के संकट के बीच निगम की ओर से भी भारी लापरवाही देखने को मिली। इस दौरान निगम की ओर से किसी जल आपूर्ति के लिए कहीं भी पानी के टैंकर की व्यवस्था नहीं कराई गई। जिससे लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ी।

## बत्ती गुल से खड़े हो गये रिक्शा



**वाराणसी।** विद्युत कर्मियों के हड़ताल का असर ई-रिक्शा संचालन पर भी पड़ा, सैकड़ों ई-रिक्शा शुक्रवार को चार्जिंग के अभाव में नहीं चल सके। बिजली ना आने से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त रहा वहीं शहर में ई-रिक्शा का संवालन प्रभावित रहा। ई-रिक्शा के संचालाकों के अनुसार दिन भर संचालित होने के बाद रात में रिक्शा को चार्जिंग में लगा दिया जाता है। गुरुवार को दिन से कटी बिजली ना आने के चलते ई-रिक्शा चार्ज ही नहीं हो सका इसके चलते शुक्रवार को संचालन पूरी तरह से बंद रहा। संचालन से जुड़े लोगों की मानें तो इन्वर्टर भी बोल जाने के चलते चार्जिंग ना होने से पूरे दिन ई-रिक्शा बंद रहा

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई गाजीपुर**
**वाद संख्या-टी202214290703029**
**आशा देवी बनाम राधेश्याम आदि**
दफा 144 उ0प्र0 रा0 संहिता मौजा नगदीलपुर तहसील-सेवराई जिला-गाजीपुर
**बनाम**
1-राधेश्याम ] पुत्रगण स्व. खेदू
2-प्रेमसागर
3-रामेश्वर
4-उमाशंकर
5-पारस
समस्त साकिनान रेवतीपुर तहसील-सेवराई जिला-गाजीपुर।
हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 21 माह 3 सन् 2023 ई0 मुकर्रर है इसलिये आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाबदेही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एकतरफा समाप्त होगी।
**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
सेवराई गाजीपुर

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई गाजीपुर**
**वाद संख्या-टी202214290703031**
**आशा देवी बनाम राधेश्याम आदि**
दफा 144 उ0प्र0 रा0 संहिता मौजा जागोपुर तहसील-सेवराई जिला-गाजीपुर
**बनाम**
1-राधेश्याम ] पुत्रगण स्व. खेदू
2-प्रेमसागर
3-रामेश्वर
4-उमाशंकर
5-पारसनाथ
समस्त साकिनान रेवतीपुर तहसील-सेवराई जिला-गाजीपुर।
हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 21 माह 3 सन् 2023 ई0 मुकर्रर है इसलिये आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाबदेही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एकतरफा समाप्त होगी।
**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
सेवराई गाजीपुर

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई गाजीपुर**
**वाद संख्या-टी202214290703030**
**आशा देवी बनाम राधेश्याम वगैरह**
दफा 144 उ0प्र0 रा0 संहिता मौजा रेवतीपुर तहसील-सेवराई जिला-गाजीपुर
**बनाम**
1-राधेश्याम ]
2-प्रेमसागर
3-रामेश्वर
4-उमाशंकर
5- पारसनाथ
समस्त साकिनान रेवतीपुर तहसील-सेवराई जिला-गाजीपुर।
हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 21 माह 3 सन् 2023 ई0 मुकर्रर है इसलिये आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाबदेही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एकतरफा समाप्त होगी।
**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
सेवराई गाजीपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे**
'ई-टेण्डर' निविदा सूचना संख्याः एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/01/2023
मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार/इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेण्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो के लिये टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं।
**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः** एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/01/2023, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के गोण्डा-बुढ़वल थर्ड लाइन कार्य के सम्बन्ध में मेजर/माइनर पुल निर्माण के कारण सिग्नलिंग यूटिलिटीज के शिफ्टिंग का विविध कार्य। बयाना राशिः ₹ 2,10,000.00, अनुमानित लागतः ₹ 1,20,01,093.57, • स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। • निविदा बन्द होने की तिथिः दिनांक 10-04-2023 को 15:00 बजे।
नोटः • इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दी गयी है। • निविदादाता के पास क्लास-।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।
उप मु.सि.दू.इं./निर्माण/लखनऊ
मुजाधि/सिगनल-109
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 38, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शनिवार, 18 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : केएल राहुल ने जड़ी 13वीं फिफ्टी

अन्दर : संसद का ठप रहना उचित नहीं

# बिजली कर्मियों के खिलाफ वारंट जारी

## उप्र विद्युत कर्मियों की हड़ताल पर हाईकोर्ट गंभीर

**सख्त निर्णय**

**हड़ताली कर्मचारी नेताओं और विभाग के अधिकारियों को सोमवार को किया तलब**



**लखनऊ।** यूपी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। यूपी के बिजली। कर्मचारियों की हड़ताल पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारियों व कर्मचारी नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने सरकार को प्रदेशभर में जहां भी बिजली आपूर्ति गड़बड़ है, वहां तत्काल व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सोमवार को हड़ताली कर्मचारी नेताओं और विभाग के अधिकारियों को सोमवार को तलब किया। यह आदेश न्यायमूर्ति अवनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने अधिवक्ता विभू राय की अर्जी पर दिया है। एडवोकेट विभू राय ने शुक्रवार सुबह खंडपीठ के समक्ष बिजली कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि गत वर्ष हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को अवैध करार देते हुए हड़ताल समाप्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी यह हड़ताल की गई है, जो कोर्ट के आदेश की स्पष्ट अवमानना है। इस पर कोर्ट ने बिजलीकर्मियों की हड़ताल को अवमाननाजनक मानते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को जमानती वारंट जारी करते हुए सोमवार को सुबह दस बजे तलब किया है। साथ ही राज्य सरकार से प्रदेश में आपूर्ति बाधित न होने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

# हंगामे के बाद संसद सोमवार तक स्थगित

## कांग्रेस सांसदों की मांग- राहुल को सदन में बोलने दो, भाजपा ने कहा- पहले बयान पर माफी मांगें

**संसद सत्र**

**भाजपा ने राहुल के बयानों की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग की**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में 5वें दिन की कार्यवाही शुरू होने के 20 मिनट बाद ही खत्म हो गई। सदन में नारेबाजी के चलते अध्यक्ष ओम बिड़ला ने लोकसभा को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी को बोलने दो के नारे लगा रहे थे। जबकि भाजपा पिछले 4 दिन से राहुल गांधी के कैम्ब्रिज वाले बयान पर माफी की मांग कर रही है। राज्यसभा भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।सदन के स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसदों समेत 16 विपक्षी दलों ने सोनिया, राहुल और खड़गे के साथ मिलकर महात्मा गांधी की मूर्ति के पास अडाणी मामले पर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सदन की कार्यवाही के दौरान ऑडियो म्यूट कर दिया गया। क्या यह लोकतंत्र है? लोकसभा में कांग्रेस के लीडर अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को भी कहा था कि उनका माइक 3 दिन के लिए म्यूट कर दिया गया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने राज्यसभा में सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया। सांसद शशि थरूर ने कहा कि राहुल गांधी ने कभी भी यह मांग नहीं की कि लोकतंत्र को बचाने के लिए विदेशी ताकतें हमारे देश में आएं। मुझे नहीं लगता कि इसके लिए माफी मांगने की जरूरत है। संसद चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। राहुल गांधी गुरुवार को संसद पहुंचे थे और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मिलकर सदन में भाषण के लिए वक्त मांगा था। उधर, भाजपा उनसे माफी की मांग पर अड़ी है। इखड़ के निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी के सदन से निष्कासन की मांग की है। साथ ही कहा है कि उनके बयान की जांच करने के लिए एक जांच समिति बनाई जाए। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज पांचवां दिन है। पहले चार दिन राहुल गांधी के लंदन में दिए गए भाषण और अडाणी मामले में हंगामे की भेंट चढ़ गए। सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के बयानों की जांच के लिए एक स्पेशल कमेटी बनाने की मांग की है। दुबे ने कहा कि राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका में अपने बयानों से लगातार संसद और देश की गरिमा को धूमिल किया है।

इसलिए उन्हें संसद से निष्कासित करने का समय आ गया है। उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने में मदद करनी चाहिए। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा उनसे माफी की मांग की। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सरकार अडानी मुद्दे पर जांच से भाग रही। हमारी बात नहीं सुनी जाती। हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेंगे।

### बिना कांग्रेस के नया मोर्चा तैयार ?

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस को शामिल किए बिना आपसी सहमति से नया मोर्चा बना लिया है। दोनों शीर्ष नेताओं की शुक्रवार (17 मार्च) को मुलाकात हुई है। ममता बनर्जी अगले हफ्ते ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक से भी मुलाकात करने वाली हैं। समाजवादी पार्टी ने दोनों नेताओं की मुलाकात की जानकारी देते हुए ट्वीट किया कि अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर की शिष्टाचार भेंट की है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर टिप्पणी की और जब तक वह माफी नहीं मांगते, बीजेपी संसद नहीं चलने देगी। बीजेपी राहुल गांधी को विपक्ष के चेहरे के रूप में चाहती है जिससे बीजेपी को मदद मिले। पीएम के चेहरे पर फैसला करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को सीएम ममता बनर्जी ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मिलने वाली हैं। अन्य विपक्षी दलों के साथ हम बीजेपी और कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखने की योजना पर बात करेंगे। हम ये नहीं कह रहे कि या तीसरा मोर्चा है, लेकिन क्षेत्रीय दलों के पास बीजेपी से मुकाबला करने की क्षमता है। ये सोचना एक भ्रम है कि कांग्रेस विपक्ष की 'बिग बॉस' है।

NARAYANDAS
नारायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650580
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN

C.U.E.T CHS ENTRANCE EXAM - 2023
BHU / DU / AU 9th & 11th
B.Sc, B.Com, B.A, LL.B
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स पॉलिटेक्निक
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. किरन बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही, वाराणसी
9335418689, 9335720660

# यूपी में पुलिस विभाग में तबादले

**फेरबदल**

**बड़े पैमाने पर अपर पुलिस अधीक्षक इधर से उधर**



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने शुक्रवार को पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले कर दिए। एक तबादला संशोधित भी किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक के पचास से ज्यादा अफसरों की तैनाती स्थल बदली गई है। ओम प्रकाश सिंह - धर्द को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ. प्र. लखनऊ से सम्बद्ध को अब अपर पुलिस अधीक्षक, नक्सल, जनपद मिर्जापुर के पद पर भेजा गया है। ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध जनपद इटावा को अपर पुलिस अधीक्षक, नगर जनपद गाजीपुर भेजा गया है। हरिगोविन्द अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध, जनपद मथुरा को अपर पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण मुख्यालय, उ.प्र. लखनऊ में तैनाती मिली है। अरूण कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक/स्टाफ आफिसर, अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन को उपसेनानायक, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ भेजा गया है। दिनेश कुमार पुरी अपर पुलिस उपायुक्त, वाराणसी को अपर पुलिस अधीक्षक, फायर सर्विस मुख्यालय, लखनऊ भेज दिया गया है। राजेश कुमार पाण्डेय उपसेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ को अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद कानपुर देहात के पद पर स्थानांतरित किया गया है। राजेश कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ को अपर पुलिस उपायुक्त, कानपुर नगर भेजा गया है। अभय नाथ त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक/ (पी.आर.ओ.) मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक के पद से अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी के पद पर हुआ स्थानान्तरण संशोधित करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक, उ. प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। अवनीश कुमार मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय, उ. प्र. लखनऊ को अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध, जनपद मथुरा भेजा गया है।

## अतीक की सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद की उस याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी, जिसमें दावा किया गया है कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज के उमेश पाल मामले में झूठा आरोपी बनाया गया है। जस्टिस अजय रस्तोगी और बेलाएम त्रिवेदी की पीठ ने अतीक के वकील की ओर से कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। दस्तावेजों में कुछ बयान भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के समक्ष आवेदक के वकील द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने के बाद मामले को सूचीबद्ध किया गया था। आज जब मामला सामने आया, तो वकील ने बहस करने में असमर्थता व्यक्त की है। ऐसे में मामले को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।

# हड़ताली बिजली कर्मचारियों की बर्खास्तगी की तैयारी में सरकार

**ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बोले**

**संविदाकर्मी ने काम बंद किया तो जाएगी नौकरी, पूरे प्रदेश में एस्मा लागू**

**संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और काम करने से रोकने वालों पर भी सख्त कार्रवाई**

**विद्युत कर्मियों का दावा, अनपरा, ओबरा और पारीछा में ताप बिजलीघरों की पांच इकाइयां ठप**



**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ कई दौर की बातचीत बेनतीजा रही। विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति से जुड़े कर्मचारी रात 10 बजे से हड़ताल पर चले गए हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने हड़ताल पर जाने वाले कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और काम पर डटे कर्मियों से अभद्रता करने वालों के खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई होगी। संविदाकर्मी एवं आउटसोर्सिंग कर्मी हड़ताल पर गए तो तत्काल उनकी सेवा समाप्त की जाएगी। पूरे प्रदेश में एस्मा लागू है। ऐसे में जनता को किसी भी स्तर पर तकलीफ पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने बताया कि एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रमों एवं विभिन्न मैन पावर एजेंसियों में तकनीकी कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है। सभी निगमों को रिजर्व कर्मियों की सूची दी गई है। जहां जरूरत पड़ेगी बुलाया जाएगा। उन्होंने हड़ताल से निपटने के पुख्ता इंतजाम होने का दावा किया है। विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े कर्मचारियों ने रात 10 बजे से हड़ताल शुरू कर दिया है। इस बीच समिति से जुड़े कुछ नेता भूमिगत हो गए हैं। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से समिति के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों की डालीबाग स्थित फील्ड हॉस्टल में सभा हुई। इसमें एलान किया गया कि उत्तर प्रदेश के बिजलीकर्मियों की हड़ताल के समर्थन में देशभर के 27 लाख बिजलीकर्मी सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं। बिजली कर्मियों को गिरफ्तार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ जेल भरो आंदोलन शुरू होगा। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईई) के राष्ट्रीय संयोजक प्रशांत चौधरी ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ उत्तर प्रदेश की न होकर अब पूरे देश की हो गई है।

पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल पी. रत्नाकर राव, ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके त्रिवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चलने वाली हड़ताल में बिजलीकर्मियों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न किया गया तो पूरे देश में उग्र आंदोलन शुरू होगा। सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया जा चुका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी को असुविधा हो तो तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दें। सभी जगह आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मार्च माह अहम है। इसलिए हड़ताल खत्म करने की अपील है।

बातचीत के लिए तैयार हैं। कुछ अड़चनें बात सुनने को तैयार नहीं हैं। वे आंदोलन बढ़ने की बात के रहे हैं। दूसरी तरफ विद्युत कर्मियों ने तीन दिन की अपनी हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को दावा किया कि हड़ताल का राज्य के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। उन्होंने टकराव दूर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप की मांग भी की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा, ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण हड़ताल हुई। हड़ताल का बिजली आपूर्ति पर व्यापक असर दिखाई दे रहा है। अनपरा, ओबरा और पारीछा में ताप बिजलीघरों की पांच इकाइयां ठप हो गई हैं।

# संभल कोल्ड स्टोरेज हादसे की होगी जांच

**ऐलान**

**घायलों से अस्पताल में मिले सीएम योगी, मुआवजा देने का किया ऐलान, मृतकों के परिजन को 2-2 लाख, गंभीर घायलों को 50-50 हजार**

**अब तक गई 14 लोगों की जान, समिति गठित कर 3 दिन में तलब की रिपोर्ट**



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज के चैंबर की छत ढहने से मलबे में दबकर मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 14 हो गई। संभल के जिलाधिकारी मनीष बंसल के मुताबिक अभी तक मलबे से 10 लोगों बाहर को निकाला गया है। वहीं 14 की मौत हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना। मुख्यमंत्री योगी से पहले यूपी सरकार के पशुपालन मंत्री और संभल जिले के प्रभारी धर्मपाल सिंह शुक्रवार की दोपहर में मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार को निलंबित करने के आदेश दिए। जिले के सभी कोल्ड स्टोरेज के हालात की जांच को भी कहा है। जिले की निवासी और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी ने हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो लाख रुपये का मुआवजा और गंभीर रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने और घायलों का फ्री इलाज करने के अफसरों को निर्देश दिए हैं। इसी के साथ सीएम ने कमिश्नर मुरादाबाद और डीआईजी (पुलिस उप महानिरीक्षक) मुरादाबाद के नेतृत्व में एक जांच समिति भी गठित की है। यह समिति कोल्ड स्टोरेज ढहने के कारणों की जांच करेगी और जल्द से जल्द रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। मंत्री धर्मपाल सिंह बाद में अफसरों को कहा कि स्टोर मालिक को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मुरादाबाद के डीआईजी शलभ माथुर का कहना है कि ने कोल्ड स्टोरेज के मालिक अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर लिखी जा चुकी है। घटना के बाद से दोनों फरार हैं। गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगाई गई है। डीआईजी की मानें तो कोल्ड स्टोरेज का ढहने वाला हिस्सा प्रशासन की बिना अनुमति के तीन माह पहले ही बनाया गया था। कोल्ड स्टोरेज में क्षमता से अधिक आलू रखा जा चुका था।

## 'महंगाई का सबसे बुरा दौर गुजर चुका'

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि बैंकिंग प्रणाली के लिए अत्यधिक जमा या ऋण वृद्धि खराब है। उन्होंने कहा विश्व अर्थव्यवस्था में बड़ी गिरावट का जोखिम समाप्त हो गया है। दास ने कहा, हमारा वित्तीय क्षेत्र स्थिर है और हमने महंगाई के सबसे बुरा दौर को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि हमारा विदेशी कर्ज मैनेजेबल (नियंत्रण में) है, इसलिए डॉलर के मजबूत होने से हमें कोई समस्या नहीं है। आरबीआई गवर्नर ने डॉलर में वृद्धि के कारण उच्च विदेशी ऋण जोखिम वाले देशों की मदद के लिए जी20 देशों की ओर से समन्वित प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों को युद्ध स्तर पर सबसे अधिक प्रभावित देशों को जलवायु परिवर्तन वित्तपोषण प्रदान करना चाहिए। दास के अनुसार अमेरिका में जारी बैंकिंग संकट मजबूत नियामकों और सतत वृद्धि के महत्व को बढ़ाता है।

# सिसोदिया की ईडी रिमांड पांच दिन बढ़ी

**शराब घोटाला**

**राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला ईडी ने मांगी थी 7 दिन रिमांड**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की ईडी रिमांड को पांच दिन और बढ़ा दिया है। जिसके बाद अब सिसोदिया 22 मार्च तक जेल में रहेंगे। बता दें कि दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने आज कोर्ट में मनीष सिसोदिया को पेश किया गया था। सिसोदिया की हिरासत आज खत्म हो रही थी। ईडी ने अदालत से सिसोदिया की सात और दिन की रिमांड मांगी थी।

इससे पहले ईडी ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अगर सिसोदिया दो लोगों से नहीं मिली तो अब तक जो भी जांच हुई है सब बेकार हो जाएगी। वहीं, सिसोदिया के वकील ने पक्ष रखा कि पूछताछ के नाम पर एजेंसी उन्हें सिर्फ इधर-उधर बैठाती है। सात दिनों में सिर्फ 11 घंटे ही पूछताछ हुई है। ईडी ने कोर्ट में कहा कि जांच अहम मोड़ पर है अगर अभी हिरासत नहीं मिली तो सब मेहनत बेकार जाएगी। जांच एजेंसी ने बताया कि सिसोदिया से सीबीआई की निगरानी में पूछताछ जारी है। 18, 19 तारीख को बयान दर्ज करने के लिए दो लोगों को बुलाया है। वहीं, सिसोदिया का दावा है कि उनसे पूछताछ नहीं की जा रही।

## योगी सरकार पर अखिलेश का तंज

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रायबरेली डिपो में अनुबंधित बस को धकेलकर स्टार्ट करने के वीडियो को ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर तंज कसा है। ट्वीट में पूर्व सीएम ने लिखा- 'रुक गया डबल इंजन का चक्का...जोर से लगाओ धक्का'। उन्होंने लिखा कि मान्यवर कुछ धन उत्तर प्रदेश को भी दे दीजिए तो सवारियों को धक्का न देना पड़े। भाजपा सरकार शायद इसी प्रकार की बस पर सवार है। तभी तो विकास का पहिया रुका हुआ है। कानपुर मार्ग पर जा रही बस को लेकर पूर्व सीएम के ट्वीट के बाद परिवहन निगम के अफसर हरकत में आए। पड़ताल के बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एमएल केसरवानी ने अनुबंधित बस के संचालक प्रवीण कुमार दुबे की लापरवाही उजागर होने पर बस (यूपी 33 एटी 4039) का संचालन रोक दिया।

# यूपी बोर्ड के 58 लाख परीक्षार्थियों का रिजल्ट जल्द

**तैयारी**

**उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन नियम बदले, कंट्रोल रूम से होगी मूल्यांकन की निगरानी**

**मूल्यांकन प्रक्रिया में कई बदलाव**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षाओं में इस साल कुल 58 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इन परीक्षार्थियों का रिजल्ट तैयार करने के लिए, यूपी बोर्ड द्वारा 18 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया जा रहा है।

मूल्यांकन कार्य अप्रैल में होगा पूरा

यूपी एमएसपी की योजना के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य अप्रैल के प्रथम सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। नियमानुसार, परीक्षा समाप्ति के 40 दिनों के अंदर परिणाम आ सकता है। ऐसे में मई में इसके आने की संभावना है। यूपी बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि 18 मार्च से यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा, जो एक या दो अप्रैल तक पूरा हो सकता है। परीक्षा समाप्त होने के 40 दिनों के अंदर सामान्यतः रिजल्ट आ जाता है। ऐसे में मई के शुरुआती सप्ताह में रिजल्ट आने की संभावना है। मुख्यालय से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की निगरानी की जाएगी। परीक्षकों को मोबाइल मूल्यांकन कक्ष के बाहर ही जमा करना होगा। केंद्रों पर मूल्यांकन का कार्य शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा ली गई हैं। मूल्यांकन 18 मार्च से किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में उत्तर-पुस्तिकाएं जांची जाएंगी। परीक्षकों को मोबाइल मूल्यांकन कक्ष के बाहर ही जमा करना होगा। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मूल्यांकन कार्य होगा। जिसका जायजा शिक्षा विभाग के अधिकारी अपने कार्यालय में बैठकर ही ले सकेंगे। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटर परीक्षा के मूल्यांकन में कई बदलाव किए गए हैं। शासन ने मूल्यांकन से नदारद रहने वाले परीक्षकों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। शासन के प्रमुख सचिव वर्ष 2023 के मूल्यांकन कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करेंगे।

परीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि सुंदर लिखावट पर अभ्यर्थियों को एक अंक अतिरिक्त दिया जाए। इसका उल्लेख परीक्षक उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर करेंगे और प्राप्तांक में उन्हें 'गुड हैंड राइटिंग यानी जीएचडब्ल्यू लिखते हुए एक अंक प्रदान करेंगे।

### ये होंगे बदलाव

1. प्रमुख सचिव रोजाना मूल्यांकन, परीक्षकों से संबंधित जानकारी लेंगे। मूल्यांकन में ढील मिलने पर हाथ के हाथ कार्रवाई होगी।
2. डीआईओएस हर मूल्यांकन केंद्र का लगातार निरीक्षण करते रहेंगे। कक्षों में जाकर जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का रैंडम निरीक्षण करेंगे।
3. मूल्यांकन से नदारद रहने वाले परीक्षकों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।
4. हाई स्कूल के परीक्षक को अधिकतम 50 उत्तर पुस्तिका तथा इंटर के परीक्षक को अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिका जांचने को दी जाएंगी।
5. मूल्यांकन का समय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे निर्धारित है। कोई भी परीक्षक शाम पांच बजे से पहले मूल्यांकन केंद्र नहीं छोड़ेगा।

# बस ने आटो को मारी टक्कर एक की मौत, सात घायल

हादसा

### चालक बस लेकर हुआ फरार, जौनपुर के चौकिया धाम जा रहा था परिवार



**पिंडरा।** फूलपुर थाना से 100 मीटर की दूरी पर शुक्रवार की सुबह छह बजे एक आवारा कुत्ते को बचाने के प्रयास में रोडवेज ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गई। जिससे उसमे सवार एक बालक की जहां मौत हो गई वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल एक ही परिवार से थे और सभी जौनपुर के चौकिया धाम जा रहे थे। इस दौरान रोडवेज बस चालक मौके से फरार हो गया।

पिंडरा के रोह (मछली गांव) निवासी रेखा देवी अपने परिवार के साथ जौनपुर स्थित शीतला माता के लिए दर्शन पूजन करने ऑटो से जा रही थी। फूलपुर में जौनपुर के तरफ से आ रही रोडवेज बस आवारा कुत्ते को बचाने के चक्कर में दाहिने तरफ गई तभी सामने से आ रही ऑटो से टक्कर हो गई। जिससे ऑटो पलट गई और उसके नीचे दबने से सत्यम (16) की मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक विकास (18), मृतक की मां रेखा (42), भाई पवन (10), भांजी मृष्टि (3), सृष्टि (5), सोनम (24), प्रिया (19) गंभीर रूप से घायल हो गई। रेखा का दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया तो वहीं पवन, सृष्टि व ऑटो चालक के सिर में चोटे आयी है। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल में परिजनों की चीख पुकार से कोहराम मचा गया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था, उसकी तीन बहने भी है। मृतक टेंट हाऊस में काम करता था। पड़ोसियों ने बताया कि कल रात 10 बजे मंगारी में टेंट का काम करके लौटा था।

### कुत्ते को बचाने के चक्कर में असंतुलित हुई बस

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बस की रफ्तार थोड़ी अधिक थी और बस के सामने अचानक एक आवारा कुत्ता आ गया। कहा जा रहा है कि उसी कुत्ते को बचाने के चक्कर में बस ऑटो से टकरा गई। वहीं मौत की सूचना मिलने के बाद मृतक सत्यम के घर वाले घटनास्थल पर पहुंच गए। सत्यम की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।

### वाहन की चपेट में आए वृद्ध की मौत, मुकदमा दर्ज

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के कविरामपुर गांव निवासी दूधनाथ पटेल 72 वर्ष एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिनका उपचार बीएचयू ट्रामा सेंटर में चल रहा था जहां गुरुवार की शाम उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक घटना के समय बसनी बाजार से अपने घर की तरफ पैदल आ रहा था कि एक बलोरो गाड़ी ने उसे धक्का मार दिया था। मृतक के पुत्र संजय कुमार ने चार पहिया वाहन और उसके अज्ञात चालक के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरकार जल्द करे समाधान : युवा कांग्रेस



**वाराणसी।** युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार इस बिजली हड़ताल की आड़ में विद्युत व्यवस्था को प्राइवेट कर बढ़ती महंगाई के दौर में जनता पर एक और अतिरिक्त बोझ लादना चाहती है। विभाग के संविदाकर्मियों को नियमित न करना उनके अधिकार का शोषण है।

शासन को इस बारे में बिजली कर्मचारियों एवं अधिकारियों से पर तत्काल बातचीत कर जनहित में काम करना चाहिए। गुलाबबाग पार्क में शुक्रवार को हुई युवा कांग्रेस जिला कमेटी की आवश्यक बैठक में यह बात कही गयी।

जिलाध्यक्ष विश्वनाथ कुंवर ने हड़ताल को लेकर उपजी वर्तमान स्थिति पर समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि बिजली-पानी की दिक्कत बढ़ी है और बच्चों की परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। वक्ताओं ने चेताया कि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेजन सड़कों पर उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में हरीश मिश्र, प्रिंस राय, कुंवर यादव, उत्कर्ष त्रिपाठी, मो. वारिस 'आदुल', अंकित सिंह, जावेद मेनन आदि थे।

## फर्जी एसडीएम ने शादी के नाम पर लगाई लाखों की चपत

धोखाधड़ी

### बारात के दिन गाड़ी की करने लगा मांग, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** खुद को एसडीएम बताकर शादी से पहले लाखों रुपये ट्रांसफर कराए और शादी के दिन चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगा। बेटी की मां की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया।

भेलूपुर थाना क्षेत्र के संकुल धारा इलाके में रहने वाली स्नेहधीर नामक महिला ने बताया कि अपनी बेटी का शादी कुचौरा सिकंदरपुर गाजीपुर के रहने वाले शुभेंदु दुबे नामक के साथ तय किया था। शुभेंदु दुबे ने खुद को झारखंड में एसडीएम पद पर कार्यरत बताया। शादी तय होने के बाद आरोपी ने अपने ताऊ राजेंद्र दुबे के खाते में 450000 ऑनलाइन ट्रांसफर कराया। 14 दिसंबर 2022 को शादी तिथि नियत हुई। गुरुबाग स्थित लान बरात आने की तैयारी होने लगी। सारी तैयारी पूरा होने के बाद भी नियत समय पर बरात नहीं पहुंची। जिसके बाद फोन करने पर आरोपी ने हौंडा सिटी गाड़ी की मांग की' बीते 11 मार्च को महिला ने शुभेंदु को फोन कर पैसा सामान वापस करने को बोला तो वह सामान और पैसा भूल जाने के लिए कहते हुए धमकी देने लगा। महिला ने इसकी शिकायत पर पुलिस अपराध व मुख्यालय से की। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और मामले की जांच में जुट गई।

## बीएचयू के विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाएं 26 से 30 अप्रैल तक

**वाराणसी।** बीएचयू के विद्यालयों की विभिन्न कक्षाओं में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षाएं 26 से 30 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। कक्षा नवीं के लिए 26 अप्रैल और कक्षा ग्यारहवीं के लिए 27, 28, 29 व 30 अप्रैल को प्रवेश परीक्षाएं होंगी। प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च है। विश्वविद्यालय के सेंट्रल हिंदू ब्वाएज स्कूल (कमच्छा), सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल (कमच्छा), श्रीरणवीर संस्कृत विद्यालय, (कमच्छा) और बरकछा स्थित दक्षिणी परिसर के सेंट्रल हिंदू स्कूल की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया 25 फरवरी से आरंभ हुई थी। प्रवेश प्रक्रिया के तहत एलकेजी, नर्सरी, कक्षा-एक और कक्षा-छह में ई-लॉटरी के माध्यम से प्रवेश होगा। ई-लॉटरी के लिए 23 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया है।

## अन्य भाषाओं के ग्रंथों का संस्कृत में भी हो अनुवाद : प्रो. गोपबंधु



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय आईकेएस सेंटर, संस्कृत भारतीय काशी प्रांत एवं भारती भाषा समिति के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को 'भारतीय भाषाओं में संस्कृत भाषा के अध्यापक एवं छात्रों में कौशल का विकास' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, सोमनाथ, गुजरात के पूर्व कुलपति प्रो. गोपबंधु मिश्र ने बताया कि संस्कृत शास्त्रों के विकास के लिये दूसरे अन्य भाषाओं में जो ग्रंथ महत्वपूर्ण हैं उन्हें अनुवाद कर लोकजन के लिये सहज बनाया जाये। यद्यपि अनुवाद भाषा का होगा भावों का नहीं। इसके सतत विकास के लिये नये शब्दों का सृजन भी करने की जरुरत है।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी ने सरल मानक संस्कृत भाषा पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि संस्कृत तभी जनभाषा बन सकती है। मुख्य वक्ता और प्रशिक्षक जेएनयू के प्रो. गिरीश नाथ झां ने कहा कि संस्कृतज्ञों का परस्पर समन्वयय ही राष्ट्र उन्नति मे सहायक सिद्ध हो सकता है।

केरल से आये विद्वान प्रो. नंद कुमार ने बताया कि विविध भाषाओं के मूल स्त्रोत संस्कृत तथा संस्कृत भाषा का दक्षिण की भाषाओं पर प्रभाव और व्याकरण की दृष्टि से मलयालम, कन्नड़ आदि भाषाओं का संस्कृत भाषा के अन्तः संबंध को बताया।

इस दौरान प्रो. विजय कुमार पांडेय, रामपुजन पांडेय, प्रशिक्षक बीएचयू के प्रो. रामनारायण द्विवेदी, रमेश प्रसाद और प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, डॉ. विजय कुमार पांडेय आदि ने अपने विचार रखें। संचालक डॉ. रविशंकर पांडेय, डॉ. विजय कुमार शर्मा, डॉ. राजा पाठक, डॉ. नीतिन शर्मा रहे। इस दौरान विभिन्न खंडो में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से देश के कई प्रदेशों के 300 से अधिक प्रशिक्षार्थियों ने सहभाग कर व्यवहारिक और प्रायोगिक ज्ञान तत्व पाया।

## वेंडिंग जोन में उत्पीड़न हुआ तो सड़कों पर उतरेंगे : अभिषेक

**वाराणसी।** फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम के नेतृत्व में शुक्रवार को शहर भर के रेहड़ी पटरी व्यवसायियों के प्रतिनिधि मंडल ने अतिक्रमण प्रभारी अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति सचिव अभिषेक निगम ने कहा कि निगम द्वारा शहरी सीमा क्षेत्र में कुल 66 वेंडिंग जोन का निर्धारण पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के अंतर्गत किया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों द्वारा स्वच्छता मानकों का भरपूर ध्यान रखते हुए वेंडिंग जोन में प्रतिदिन अपना कारोबार किया जा रहा है। अपनी आजीविका चलाने वाले रेहड़ी पटरी व्यवसायियों के साथ जी-20 समिट के नाम पर लगातार उत्पीड़न किया जाने के साथ विधिक कार्यवाही की धमकी देकर कारोबार स्थल से बेदखल किया जा रहा है। अगर तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के अंदर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पीड़न की कार्यवाही नहीं रोकी गई तो आगामी प्रधानमंत्री के आगमन पर रेहड़ी पटरी व्यवसायी अपनी दैनिक आजीविका की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही वेंडिंग जोन में उत्पीड़न होने पर सड़कों पर उतर कर आंदोलन भी करेंगे।

## 'बारहमासा बीत जाए उमरिया हमार बलमू' की प्रस्तुति



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मंच कला विभाग में शुक्रवार को 'होरी चैती एवं बारहमासा गीत शैलियों' पर कार्यशाला संपन्न हुआ। कुलपति ने अपने उद्बोधन में संगीत को ध्वनि से जोड़ते हुए यह बताया कि संगीत की ध्वनियां सबको प्रभावित करती हैं, चाहे वो मनुष्य हो, पशु-पक्षी हो या पेड़ पौधे। कार्यक्रम के आरंभ में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पिछले दो दिनों में सीखे गए गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।

प्रथम प्रस्तुति होरी के प्रकार चौताल की हुई, जिसके बोल थे 'मनमोहन मोह लियो', दूसरी प्रस्तुति चैता 'अहो रामा चैत महीनवा में' की हुई और तीसरी प्रस्तुति 'बारहमासा बीत जाए उमरिया हमार बलमू' की हुई, जिसमें दिव्यांशी, प्रिया, समृद्धि, बसंत, योगेश, रोहित,अयन, सोमेंद्र आदि ने प्रतिभाग किया।

तत्पश्चात विषय विशेषज्ञ के रूप में पधारी विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता ने ठुमरी, होरी और अंत में एक दादरा की मनमोहक प्रस्तुति दी। तबला संगत सुमंत कुमार एवं हारमोनियम पर विभाग के ही विद्यार्थी शिवम सिंह ने साथ दिया साथ ही विभाग के लगभग 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ संगीता घोष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। संचालन डॉ. आकांक्षी द्वारा किया गया। कार्यशाला में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह भी उपस्थित रही।

## राजस्थानी परिवेश में निकलेगी गवरजा माता की शोभायात्रा

**वाराणसी।** श्री गवरजा माता उत्सव समिति की ओर से 20 मार्च को समाज की महिलाओं एवं कन्याओं के लिए महमूरगंज स्थित लॉन में सायंकाल 4 से सात बजे तक रंगारंग सिंधारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें राजस्थानी संस्कृति पंचतत्व की रंगारंग प्रस्तुति की जायेगी। जबकि 24 मार्च शुक्रवार को सायंकाल चार बजे गोलघर स्थित काशी गौशाला से गवरजा माता की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी शुक्रवार को संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बजाज व मंत्री पंकज तोदी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि शोभायात्रा मैदागिन, चौक, गोदौलिया, गिरजाघर होती हुई सायंकाल लक्ष्मीकुंड स्थित श्याम मंदिर पहुंचेगी। जहां पर मां गणगौर का पूजन समाज की महिलाएं व कन्याएं करेंगी। अपने-अपने घरों में पूजी गई गणगौर का लक्ष्मीकुंड तालाब में विसर्जन किया जायेगा। पत्रकारवार्ता में वीरेन्द्र भूराडिया, दीपक बजाज, पुरुषोत्तम जालान, महेश चौधरी किशोर मूंदड़ा, पवन अग्रवाल, सुरेश तुलस्यान, गौरव राठी, गूंजन बूबना, रश्मि डिडवानिया, डा. मानसी सर्राफ समेत कई लोग मौजूद थे।

## छावनी परिषद का चुनाव स्थगित होने से लोग निराश

हताशा

### सरकार की मंशा पर खड़े किए सवाल, बताया- फिर से तैयारी रह गई अधूरी

**वाराणसी।** छावनी परिषद सदस्यों का चुनाव स्थगित होने से क्षेत्र के लोगों को भारी निराशा हुई। इसे लेकर लोग सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़े करते नजर आए।

आठ साल के अंतराल के बाद छावनी परिषद सदस्यों के चुनाव की घोषणा के एक माह बाद चुनाव स्थगित होने की हवा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के अलावा समर्थकों और आम नागरिकों में चर्चा का विषय बनता जा रहा था। हालाकि चुनाव स्थगित होने की कोई लिखित सूचना नहीं थी और ना ही छावनी प्रशासन की ओर से कोई बात समाने आ रही है। चुनाव स्थगित होने की संभावना केवल हवा हवाई नहीं थी, बल्कि सही निकाली। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 17 फरवरी को मंत्रालय द्वारा जारी चुनाव से संबधित नोटिफिकेशन को ठीक एक माह बाद 17 मार्च को अगले आदेश तक के लिए निरस्त कर दिया। लंबे समय से चुनाव का इंतजार कर रहे नागरिकों को जब चुनाव निरस्त होने की सूचना मिली तो लोगों ने सरकार के इस आदेश पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे कुछ छावनी परिषदों के लोगों के विरोध का देश के सभी छावनी परिषद के चुनाव पर रोक लगाने का अविवेकपूर्ण परिणाम बताते हुए इसे गलत करार दिया। उधर प्रत्याशियों का आरोप है कि पोस्टर बैनर, जाति, निवास, नोड्यूज सर्टिफिकेट व अन्य प्रक्रिया पूरी करा लिए जाने के बाद मंत्रालय को चुनावी प्रक्रिया को बाधित नहीं करना चाहिए।

## जी-20 के रंग में दिखेगें नगर के सभी ठेले

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त व नोडल अधिकारी सुमित कुमार द्वारा आगामी माह होने वाले जी-20 सम्मेलन के दृष्टिगत शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय भवन में सभी स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिशेशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। अपर नगर आयुक्त द्वारा एसोशियेशन के पदाधिकारियों को नियमों का पालन करने को कहा। बैठक में उपस्थित स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिशेशन के सचिव अभिषेक निगम द्वारा बताया गया कि सभी वेंडर्स अपने ठेलों पर जी-20 का लोगो एवं पेंट कराकर ठेलों को आकर्षक बनाने का कार्य कर रहे हैं। स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिशेशन के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि नगर की सुंदरता में पूर्ण सहयोग दिया जायेगा।

## तनाव, अवसाद व जीवन कौशल विकास पर संवाद

**वाराणसी** । डीएवी पीजी कॉलेज में सिफ्सा द्वारा संचालित यूथ फ्रेंडली सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों व अन्य विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के प्रथम सत्र में पियर-एजुकेटर दिनकर कुमार ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं एवं समाज में लैंगिक भेदभाव पर स्वयंसेवकों से संवाद किया। पियर-एजुकेटर अंशुमान ने माहवारी एवं सुरक्षित मातृत्व विषय पर अपनी बात रखी और पियर-एजुकेटर शिवांग मौर्य ने तनाव और अवसाद व जीवन कौशल विकास पर युवाओं से सवांद करते हुऐ प्रशिक्षण प्रदान किया। अंतिम सत्र में नोडल इंचार्ज व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव ने 'सहजतापूर्ण वातार्लाप कैसे करे' विषय पर व्याख्यान दिया। कुमार पारितोष ने रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेंद्र कुमार सिंह, डॉ. अतुल प्रताप सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## अवैध बूचड़खाने का भंडाफोड़, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** अवैध रूप से चलाए जा रहे बूचड़खाने का शुक्रवार को भंडाफोड़ हुआ। जिसमें निगम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। कैंट थाना क्षेत्र के अर्दली बाजार में एक नाले में खून बहने की सूचना पर निगम के पशु चिकित्सा एव कल्याण अधिकारी (प्रवर्तन दल) अजय प्रताप सिंह ने कैंट थाने को सूचना दी। सूचना पर पुलिस के साथ निगम अधिकारियों ने अर्दली बाजार के दलित बस्ती, पक्की बाजार क्षेत्र का कैंट पुलिस के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पाया गया कि कुछ लोग अवैध तरीके से जानवारों का वध कर उनके अपशिष्ठ एवं खून को नाले के माध्यम से वरुणा नदी में बहा रहे है। क्षेत्र में अवैध रुप से भैंस-भैंसा का वध करने वालों को चिन्हित कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोषियों की तलाश शुरू कर दी।

## साइनोबैक्टीरिया के उपभेदों का विकास कर रहे वैज्ञानिक

बीएचयू

### सायनोवैक्टीरिया के लिए बीएचयू ने फाइल किया है पेटेंट

**वाराणसी।** सायनोबैक्टीरिया (पुराना नाम नीला-हरा शैवाल विशिष्ट रंग के कारण) को आमतौर पर ₹काई₹ के नाम से जाना जाता है। ये प्रकाश संश्लेषक जीव प्रोकैरियोटिक ग्राम-नकारात्मक जीवाणु हैं। जिन्होंने हजारों साल पहले वातावरण में पहली बार ऑक्सीजन का उत्पादन करके वर्तमान ऑक्सीजनजीवी जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

काई (सायनोबैक्टीरिया) किसी भी जगह जैसे ताजे और समुद्री पानी, मिट्टी, पेड़ों की छाल, कंक्रीट की दीवारों, मूर्तियों/चट्टानों, गर्म झरनों, पौधों और जानवरों के भीतर, ठंडे और समशीतोष्ण स्थानों, या किसी अन्य चरम वातावरण में शानदार ढंग से विकसित हो सकते है।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग, विज्ञान संस्थान में काम कर रहे वैज्ञानिक फोटोइंजीनियरिंग और जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग करके साइनोबैक्टीरिया को इस तरह से ढाल रहे हैं कि उनमें जैव ईंधन और मूल्यवान यौगिक उत्पादन उद्योग के लिए बेहतर फेनोटाइप हो। डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में समूह ने नीले और हरे रंग की रोशनी में जीव को विकसित करके मॉडल सायनोबैक्टीरियम सिनेकोकोकस एलॉन्गैटस पीसीसी 7942 के लिपिड सामग्री और सेल लंबाई (जो जैव ईंधन उद्योग में उपयोगी हैं) में वृद्धि की है।

## गंगा में कूदे अविनाश का तीसरे दिन मिला शव

**रामनगर।** विश्व सुंदरी पुल पर बुधवार की दोपहर बाइक खड़ी कर एक युवक गंगा में छलांग लगा दिया था। हांलांकि युवक को गंगा में कूदते किसी ने नहीं देखा, परिजनों के खोजबीन पर लावारिस मिले बाइक से पहचान हुई कि वह रोहनिया का रहने वाला युवक अविनाश था। पुलिस की खोजबीन पर तीसरे दिन शुक्रवार को विश्व सुंदरी पुल के ही समीप युवक का शव गंगा में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भीटी चौकी पुलिस ने बताया कि ग्राम जफराबाद थाना रोहनिया निवासी 30 वर्षीय अविनाश वर्मा बेरोजगार होने के कारण अवसाद ग्रस्त रहता था और परिवारिक तनाव होने के कारण उसने ऐसा कदम उठाया। बतादें कि अविनाश विश्व सुंदरी पुल पर बुधवार की दोपहर में बाइक खड़ी कर गंगा में कूद गया था।

## दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के वाराणसी-भदोही मार्ग पर सिरीहीरा बाजार में गत 10 मार्च को बाइक की चपेट में आने से शेषनाथ सिंह (65) गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घायल वृद्ध का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जिनकी शुक्रवार को मौत हो गयी। बेटे अंकुर सिंह की तहरीर पर कपसेठी पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और चालक तलाश में जुट गई। घटना के समय मृतक किसी कार्य से साइकिल से सिरीहरा बाजार जा रहा थे की तेज गति से आ रही एक बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना के बाद बाइक सवार बाइक समेत भाग निकला था।

## ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की मांग

**वाराणसी।** लहरतारा महेशपुर स्थित एक ट्रांसपोर्ट में शुक्रवार की शाम बनारस ट्रांसपोर्ट संगठन की बैठक हुई। जहां पर ट्रांसपोर्टरों ने अब तक ट्रांसपोर्ट नगर ना बसाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा की ट्रांसपोर्टरों द्वारा वीडीए में सन 2012 में ही अग्रिम राशि जमा करने के बावजूद आज तक ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बसाया गया और ना ही ट्रकों के खड़ी करने के लिए कोई जगह निर्धारित की गई। ट्रांसपोर्टरों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की मांग की। इस दौरान प्रमुख रुप से सुनील कपूर, अनिल कपूर, सूर्यमणि तिवारी, राजित यादव, अश्वनी दूबे, सुरेश चंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के स्थानीय गांव सभा अंतर्गत कोइरीपुर मौजा निवासी एक अधेड़ व्यक्ति घर से थोड़ी दूर पर स्थित एक पेड़ में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। सुबह 10 बजे पशु चराने निकले चरवाहों ने देखकर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी है। जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी मृतक गजराज विश्वकर्मा 50 वर्ष नशे का आदती था उसकी पत्नी अपने तीन पुत्रियों एवं एक पुत्र के साथ मायके गयी थी, इस बीच गुरुवार की रात में किसी समय मृतक घर से निकला और घर से कुछ दूर स्थित एक लिटोरा के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। इसके घर पर विकलांग वृद्ध मां अकेली है।

### अवैध विज्ञापनों को हटाने का अभियान जारी

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर में अवैध रूप से लगाये गये विज्ञापनों को हटाने का अभियान अनवरत जारी है। शुक्रवार को भी रात्रिकालीन अभियान चलाया गया। निगम द्वारा विज्ञापन विभाग की टीम के साथ तेलियाबाग, लहुराबीर, मैदागिन होते हुये कालभैरव मंदिर पुनः मलदहिया से होते हुये नदेसर, कचहरी, सर्किट हाउस, भोजुबीर, तरना होते हुये बाबतपुर एअरपोर्ट तक अवैध विज्ञापन के विरूद्ध अभियान चलाया गया।

### अतिक्रमण अभियान चलाकर दो गाड़ी सामान किया जब्त

**वाराणसी।** अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में निगम प्रवर्तन दल द्वारा नवलपुर मीरापुर बसही से नटीनियादाई तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान तमाम दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर सड़क और पटरी खाली करवाया गया। अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले कुछ दुकानदारों को जुमार्ना कर लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। वहीं मुख्यमंत्री के शहर आगमन के मद्देनजर चौकाघाट से मकबूल आलम रोड भोजूबीर अतुलानंद होते हुए तरना ब्रिज तक सड़क के दोनों तरफ से ठेले खोमचे वालों को हटवाया गया और साथ ही कुछ का सामान जब्त करते हुए जुमार्ना भी किया गया। अभियान के दौरान लगभग एक गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल जुमार्ना राशी 6,500 रुपये वसूल की गई।

### सामने घाट पुल से गंगा में कूदा युवक



**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के सामने घाट इलाके में स्थित गंगा पुल के ऊपर से अमन सेठ (22) बीती रात अपना बैग पुल के ऊपर रखकर गंगा में कूद गया। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की लेकिन शुक्रवार को भी युवक का पता नहीं चला। बैक से मिले कागजात से पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने के बाद शिवपुरवा सिगरा के रहने वाले पिता प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। अमन चौक क्षेत्र में सुनारी का काम सीखता था। दो भाइयों में छोटा था घटना का कारण बताने में परिजन भी अनभिज्ञ थे।

### जैतपुरा थाने से मोबाइल लूट का आरोपी फरार

**वाराणसी।** जैतपुरा थाना अंतर्गत मोबाइल लूट की घटना कर के तीन मार्च 2022 से वांछित चल रहे मोहम्मद तालिब को गुरुवार की शाम को चौकाघाट चौकी प्रभारी सुफियान खान ने पकड़ कर थाने पर सुपुर्द किया था। जो शुक्रवार की भोर में शौच करने के बहाने जैतपुरा थाने पर मौजूद पुलिस कर्मी को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस भागे मोबाइल चोर की तलाश में जुटी है।

### अज्ञात का मिला शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**वाराणसी।** मंडुवाडीह क्षेत्र के बौलिया महेशपुर में शुक्रवार की सुबह एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पता नहीं लग सका, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंडुवाडीह थाना प्रभारी ने बताया मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे और देखने में मजदूर प्रतीत हो रहा था, उसकी फोटो से शिनाख्त के प्रयास किया जा रहा है।

### नाबालिग छात्रा गायब, मां ने दो के खिलाफ दी तहरीर

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा नौ की छात्रा अपने ननिहाल खरकपुर बड़ागांव से गायब हो गई। छात्रा की मां ने दो लड़के के नाम नामजद तहरीर दी है। फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा नौ की छात्रा जो पिंडरा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में पढ़ती है। विगत एक माह से बड़ागांव थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव अपने ननिहाल में रह रही थी। 15 मार्च की रात्रि में गायब हो गई, छात्रा की मां ने देवराई गांव के दो लड़कों के नाम लिखित तहरीर बड़ागांव थाने में दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच में जुटी है।

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग को कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा शुक्रवार को मुगलसराय क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई। मुगलसराय वार्ड अंतर्गत संतोष सिंह कालोनाइजर द्वारा मौजा महेवा में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग तीन बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण कराई गई। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश और अवर अभियंता संजय मौजूद रहे।

### डिवाइन सैनिक स्कूल का वार्षिक रिजल्ट घोषित



**वाराणसी।** डिवाइन सैनिक स्कूल लहरतारा, बौलिया, छितौनी में 15 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के चेयरमैन एसएन सिंह ने उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। जिसमें नये सत्र को पुस्तकें प्रदान कर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन एक तप है। विद्यार्थी निरंतर परिश्रम करें जिसका परिणाम उनके सामने होगा। विद्यालय परिवार की तरफ सभी पुरस्कृत बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी गई। अभिभावकों ने भी विद्यालय की ओर से आयोजित सम्मान समारोह की सराहना की।

### छत्तीसगढ़ व तमिलनाडु ने दर्ज की जीत

**वाराणसी।** वाराणसी पब्लिक स्कूल बंगालीपुर, राजातालाब के प्रांगण में गुरुवार को 51वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला हैंडबाल के तीसरे दिन की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता के अतिथि डा. प्रज्ञा शुक्ला (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), शशिकांत श्रीवास्तव (एबीएसए), निभानाथ पांडेय (ज्येष्ठ प्रमुख ब्लाक आराजी लाइंस), महेन्द्र सिंह पटेल (ब्लाक प्रमुख आराजी लाइंस) रहे। आज खेले गये मैचों में छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 22/14 से, तमिलनाडु ने गुजरात को 19/3 से, चंडीगढ़ ने कर्नाटक को 17/08 से, आंध्र प्रदेश ने मध्य प्रदेश को 19/13 से, झारखंड ने दमन द्वीप को 11/1 से, केरल ने पांण्डुचेरी को 16/14 से, जम्मू और कश्मीर ने लक्ष्यद्वीप को 12/11 से, बिहार ने उत्तराखण्ड को 16/ 2 से, राजस्थान ने त्रिपुरा को 21/ 09 से पराजित किया। खेल के दौरान डा. आनंदेश्वर पांडेय (महासचिव हैंडबाल संघ उ.प्र.) शम्स तबरेज शम्पू (सचिव हैंडबाल संघ, वाराणसी) केके पांडेय (संयुक्त सचिव हैंडबाल संघ, वाराणसी), संतोष पांडेय (उपाध्यक्ष), राधेकांत शुक्ल (कोषाध्यक्ष हैंडबाल संघ, वाराणसी), प्रखर शुक्ल (अध्यक्ष तकनीकी समिति, हैंडबाल संघ, वाराणसी), अनूप पटेल के अलावा प्रतिभागी, कोच, कर्मचारी मौजूद थे।

### स्वयंसेवकों ने कबीर प्राकट्य स्थल को किया प्लास्टिक मुक्त

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसिय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ कबीर प्राकट्य स्थल नई बस्ती लहरतारा में कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पारिजात सौरभ आपके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा व्यायाम करके की गई। उसके पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा परिसर में स्थित मंदिर के प्रांगण और उसके आसपास के स्थान को प्लास्टिक मुक्त किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में परिसर के पीठाधीश से अनुमति लेकर बर्तनों को बाहर निकाल कर उसकी साफ सफाई की गई। स्वयंसेवकों द्वारा मिलजुल कर बनाए गए जलपान को सर्वप्रथम गुरुजनों को दिया गया, तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने मिल बैठकर जलपान ग्रहण किया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा भोजन में उपयुक्त होने वाली सारी सामग्री की व्यवस्था कराई गई। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में छात्रों ने मिलजुलकर भोजन बनाने में सहयोग दिया।

### पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव ने कज्जाकपुरा ओवरब्रिज कार्य का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** आदमपुर थाना अंतर्गत कज्जाकपुरा पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने कज्जाकपुरा पर बन रहे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। कार्य को 2024 तक पूरा करने को कहा गया। इस दौरान लोक निर्माण प्रमुख सचिव की नजर उस शिला पट पर नहीं पड़ी जो उखाड़ कर जमीन पर पड़ी है। शिलापट पर लिखा है शिलान्यास माननीय नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया गया है। सेतु निगम लिमिटेड के अधिकारीयों की घोर लापरवाही का प्रमाण प्रत्यक्ष दिख रहा था।

# पावर हाउस पर पहुंचे डीएम, बहाल नहीं हुई आपूर्ति



सिविल लाइन पावर हाउस पर पहुंचे जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार




बिशुनीपुर पावर हाउस पर तैनात पुलिस कर्मी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** तमाम प्रयास के बाद भी विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को बहाल नहीं हो सकी। हालांकि, जिले के अधिकारी पावर हाउस पर सुबह से देर शाम तक जमे रहे। बावजूद इसके उन्हें सफलता नहीं मिली। एक तरफ जहां पूरा नगर पानी के लिए तरस गया, वहीं दूसरी तरफ जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार सिविल लाइन पावर हाउस पर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति चालू कराने का प्रयास किया। लेकिन वह असफल रहे। एडीएम और एसडीएम भी पावर हाउस पर बैठे रहे।

अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता भी अपने कर्मचारियों को खोजते रहे, लेकिन वह भी असफल रहे। देर रात तक पावर हाउस पर उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर जमे रहे। सबसे बड़ी विडम्बना यह रही कि एक भी सर्किल का जेई अपने पावर हाउस पर नहीं मिला। यहां तक कि बिशुनीपुर पावर हाउस पर दो पुलिस कर्मी एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन पावर हाउस में बिजली नहीं था। इसके कारण नगरवासियों को बिजली नहीं मिल पायी।

36 घंटे से अधिक समय हो गया, लेकिन अधिकारी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं कर पाये। प्राइवेट कंपनी से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशासन को यह आश्वासन देते रहे कि बस तुरंत

## परेशानी बढ़ी

### देर शाम तक जमे रहे अधिकारी एवं कर्मचारी

विद्युत आपूर्ति बहाल हो जायेगी। मौके पर मौजूद अधिकारी उनकी बातों में आकर पावर हाउस से तो चले गये, लेकिन उनके जाने के बाद अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी गायब हो गये। पावर हाउस पर पीएसी का पहरा रहा।

उपभोक्ता सुरक्षा कर्मियों से बिजली बहाल होने की जानकारी लेते रहे। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि प्रयास जारी है। जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल हो जायेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

### अधिकारियों को चकमा देते रहे संविदा कर्मी

**बलिया।** विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल के चलते जहां आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशान है, वहीं अधिकारी भी कर्मचारियों की मनमानी से क्षुब्ध रहे।

संविदा कर्मी पावर हाउस के आस-पास ही डेरा डाले रहे। कोई अपने आवास पर तो कोई अपने ठिकाने पर मौजूद रहा, लेकिन पावर हाउस के पास नजर नहीं आये। अधिकारी उनको तलाशते रहे, लेकिन वह उनको चकमा देते रहे। अधिकारियों से उपभोक्ताओं ने सवाल किया कि बिजली व्यवस्था को ठप करके आमजन को परेशान करना अपराध नहीं है।

यदि यह अपराध है तो उन पर कार्रवाई क्यो नहीं हो रही है। इधर, कुछ उपभोक्ताओं ने जेई एवं अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे और पत्रक दिया।



विद्युत उपकेन्द्र रसड़ा पर जानकारी लेने पहुंचे उपभोक्ता

### विद्युत आपूर्ति ठप होने से मचा हाहाकार

**रसड़ा।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल से आपूर्ति ठप होने से शुक्रवार को हाहाकार मच गया। विद्युत उपकेन्द्र पर पुलिस तैनात रही। बताया जाता है कि कस्बा का फीडर नंबर वन के 11000 के खंभे टूटे हुए हैं। इससे विद्युत बाधित है। इसी तरह फीडर नंबर दो सुलुई के भी हाईटेंशन तार टूटे हुए हैं। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन अरुण कुमार एवं विकास खंड अधिकारी प्रवीण जीत से पूछने पर बताया कि बलिया से विद्युत कर्मचारी चल दिए हैं। बहुत जल्द विद्युत सप्लाई मिल जाएगी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पानी के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### रात्रि आठ बजे गायब हो गये कर्मचारी

**बलिया।** पिछले बार की तरह इस बार भी विद्युत कर्मचारियों का आंदोलन सफल रहा, जबकि यह तय था कि गुरुवार की रात 10 बजे से बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली को चालू अवस्था में विभाग को हैंडओवर करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रात्रि आठ बजे से ही विद्युत कर्मचारी बिजली व्यवस्था ठप करके उपकेन्द्र से गायब हो गये।

### प्रयास के बाद भी नहीं मिली सफलता

**बलिया।** प्राइवेट कंपनी भी हाथ पर हाथ धरे रह गई। जिला के आला अफसरों को विद्युत प्राइवेट कंपनी ने आश्वासन दिया था कि हम बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू रखेंगे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाये। एसडीएम सदर प्रयास करते रहे कि प्राइवेट कंपनी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति बहाल की जाय। शाम लगभग छह बजे के बाद सिविल लाइन फीडर किसी तरह से चालू हो सका।। इससे कुछ समय के लिए लोगों को बिजली मिली।

### बिजली गुल होने से आमजन परेशान, मचा हाहाकार



**बिल्थरारोड।** विद्युत विभाग द्वारा 15 सूत्री मांगों के समर्थन में किये गए हड़ताल के क्रम में तहसील के आवाया, पशुहारी विद्युत उपकेन्द्र और माल्दा विद्युत उपकेंद्र की लगभग 20 घण्टे से बिजली गुल होने से आमजन परेशान हो गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के एएसमा कानून लगाने की हनक को भी बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कुछ नहीं समझ रहे है। सभी कर्मचारियों का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया है। लगभग पूर्ण रूप से बिजली आपूर्ति ठप हो गयी है। एसडीएम एआर फारुकी भी राजस्व कर्मियों संग विद्युत उपकेन्द्र पर लाचार बैठे दिखे। विद्युत आपूर्ति के अभाव में अधिकांश मोबाइल चार्ज नहीं होने से बन्द हो गए है और इंटरनेट सेवा लगभग ध्वस्त हो चुकी है। आवाया विद्युत उपकेन्द्र पर ग्रामीण और तहसील फीडर के लिए आईटीआई कर्मी लगाए गए है, लेकिन उन्हें लोकल फाल्ट खोजने और दुरुस्त करने के लिए किसी तरह की ट्रेनिंग न मिलने के कारण पूरी तरह लाचार बने हुए है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए लगाये गए टीम पूरी तरह फेल साबित हुई है, जिससे आवाया और माल्दा विद्युत उपकेंद्र से होने वाली विद्युत आपूर्ति न होने से सम्बंधित गांवों के लोग परेशान हो गए है। मोबाइल और अन्य बिजली के उपकरण बन्द हो गए है। आवाया उपकेन्द्र पर वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल जमे हुए है। किन्तु किसी कोई प्राइवेट कर्मी नही मिलने से लगभग बृहस्पतिवार की 10 बजे रात्रि से लगभग 20 घण्टे बाद भी विद्युत उपकेन्द्र पर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए लाचार बने हुए है। एसडीएम का कहना है कि प्राइवेट या संविदा लाइनमैन से सम्पर्क बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सम्पर्क होते ही शीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल की जायेगी।

### डेढ़ सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप, बंद बता रहा अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मोबाइल



**बैरिया।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल के चलते 24 घंटे से क्षेत्र में बिजली गायब है। हड़ताल के क्रम में विद्युत आपूर्ति बहाल रखने के लिए उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं इलाकाई पुलिस लगातार एक विद्युत उपकेंद्र से दूसरे विद्युत उपकेंद्र का चक्कर लगाती रही। बावजूद इसके गुरुवार की देर रात से पूरे क्षेत्र के विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। बैरिया तहसील क्षेत्र के बैरिया कस्बा, रानीगंज बाजार, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन सहित लगभग डेढ़ सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप है। बता दे कि गुरुवार की शाम उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, क्षेत्राधिकारी उस्मान के प्रयास से बैरिया के दोनों विद्युत उपकेंद्र व जयप्रकाश नगर विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति शुरू हुई थी। इसी बीच अचानक विद्युत लाइन में फाइल फाल्ट आ गया। पहले विद्युत आपूर्ति लोक धाम ठेकहा की बंद हुई। बाद में जयप्रकाश नगर, बैरिया ग्रामीण व बैरिया नगर विद्युत उपकेंद्र की भी विद्युत लाइन में फाल्ट आ गई और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जानकार लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के हड़तालियों द्वारा जान-बूझकर विद्युत लाइन में फाल्ट पैदा कर दी गई। इससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने के लिए अधिशासी अभियंता उपखंड अधिकारी व अवर अभियंताओं से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला। बिजली अनापूर्ति के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मोबाइल की बैटरी डाउन हो गई है। वही, साइबर कैफे व अन्य बिजली से चलने वाले यंत्र भी ठप हो गए हैं। बिजली कब चालू होगी? यह बताने वाला कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। अलबत्ता इस बाबत पूछने पर उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### पानी के लिए वसूला मनमाना पैसा

**बलिया।** बिजली आपूर्ति ठप होने से जनता की परेशानी बढ़ गई है। इसके चलते लोगों को जेनरेटर से 300 रुपये प्रति टंकी पानी भरवाना पड़ा। नगर की कालोनियों में ठेला पर जेनरेटर लेकर निकले मजदूर पैसा लेने के बाद लोगों के घरों की पानी टंकी को भरते रहे। लोग पैसा देकर पानी टंकी भराने को विवश नजर आये।

### दो फीडरों से शुरू की गई विद्युत आपूर्ति

नगरा। विद्युत आपूर्ति ठप कर बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों के हड़ताल पर चले जाने पर कुछ ही घण्टों के पश्चात् शासन के निर्देश पर केवल दो फीडर से ही आपूर्ति चालू हो पायी। बिजली कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से क्षेत्र में गुरुवार की रात से ही कुछ फीडर से आपूर्ति ठप हो गई। अपनी मांगों के समर्थन में विद्युत विभाग कर्मियों के 72 घण्टे आपूर्ति बन्द कर हड़ताल पर चले जाने के एलान पर सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए अन्य विभाग को अलर्ट किया है। नगरा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बन्द होते ही तत्काल उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार यादव, थानाध्यक्ष वृजेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा, सिंचाई विभाग के अवर अभियन्ता ओमप्रकाश भारती के साथ स्थानीय उपकेन्द्र पर पहुंच गये। उपकेंद्र मे कुल छह फीडर को चालू कराने का प्रयास होता रहा। बड़ी मशक्कत के बाद केवल दो फीडर कसौण्डर व टाउन से ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो पायी।

# युवती ने प्रेमी पर दर्ज कराया मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

## रिपोर्ट

### अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेलिंग

**बांसडीह।** फेसबुक पर हुई दोस्ती एवं प्यार मुलाकात के बाद धोखे से अश्लील वीडियो बनाकर युवती को धमकी, ब्लैकमेलिंग व जबरन संबंध बनाने के लिये बुलाने पर पुलिस ने युवती की शिकायत पर उसके फेसबुक वाले प्रेमी के खिलाफ छेड़खानी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कस्बे की एक युवती कुछ समय पूर्व फेसबुक पर एक युवक के प्रति आकर्षित हुई और उसके साथ सोशल मीडिया पर चैटिंग करने लगी। बातों-बातों में नजदीकियां बढ़ी तो युवक ने युवती को बलिया स्टेशन पर मिलने के लिये बुलाया और उसे एक होटल के कमरे में ले जाकर उसके साथ जबर्दस्ती का प्रयास किया।

इसी दौरान उसने युवती के साथ बिताये समय की फोटो वीडियो बना ली और उसे परेशान करने लगा। लोकलाज के कारण युवती इस मामले को परिजनों से छुपाती रही, लेकिन कुछ समय पूर्व उसकी किसी अन्य जगह पर शादी तय हुई तो उस कथित फेसबुक प्रेमी ने उसकी होने वाली ससुराल में उसकी फोटो वीडियो आदि भेज कर उसकी शादी कटवा दी। इसके बाद से वह युवक उसे लगातार धमकी देकर प्रताड़ित करता रहा और उसे अपने पास बुलाता रहा।

बकौल पीड़िता उसे युवक द्वारा काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है। मामले में पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जलकर राख हुई बाइक



**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में गुरूवार की देर रात घर के बरामदे में खड़ी सुपर स्पलेण्डर बाइक अज्ञात बदमाशों ने जला दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव के सोनू कुमार चौरसिया अपनी मोटरसाइकिल सुपर स्पलेंडर पड़ोस में रहने वाले चंद्र कुमार चौरसिया के दरवाजे पर रोज की भांति खड़ी कर अपने घर चले गए। रात्रि में किसी समय अबूझ परिस्थितियों में मोटरसाइकिल में आग लग गई। घर वालो को जब तक इसका पता चला, तब तक मोटरसाइकिल जल कर खाक हो गई। चन्द्र कुमार चौरसिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि देर रात घर के बरामदे में बाइक खड़ी थी। हम लोग घर के मकान के दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। देर रात को बाइक को बदमाशों ने जला दिया था। सुबह सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# इनई की टीम ने शील्ड पर जमाया कब्जा



**बैरिया।** दोकटी थाना क्षेत्र के धतुरी टोला गांव में सैनिक चंद्रशेखर सिंह एवं राजीव सिंह की स्मृति में शंकर बाबा स्पोर्टिंग क्लब द्वारा गुरूवार की रात आयोजित रात्रिकालीन अंतरप्रांतीय वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बिहार के इनई की टीम ने छपरा की टीम को सीधे सेटों में दो अंकों से पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। वही, एक अन्य मुकाबले में श्याम चक की टीम ने धतुरी टोला की टीम को पराजित किया।

विजेता टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

## प्रतियोगिता

### मुख्य अतिथि ने विजेता टीमों को किया पुरस्कृत

दो दिनों तक चले अंतरप्रांतीय रात्रिकालीन बालीवाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने गेंद उछाल कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कहा कि खेल से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने वालीबाल, फुटबाल, क्रिकेट, कबड्डी सहित कई खेलों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु सरकार गंभीर है। मैच के दौरान रेफरी की भूमिका में विजय पाल सिंह व सनी सिंह ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। प्रतियोगिता में सारण, आरा, बलिया, गाजीपुर एवं मऊ की दर्जनों टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर अशोक सिंह, शत्रुघ्न सिंह, डिंपल सिंह, प्रतीक सिंह, अकाश सिंह गोलू, कुंदन सिंह, सौरभ सिंह, विशाल सिंह, मुकेश सिंह, राजेश सिंह, सोनू चौबे आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### टेम्पो पलटने से दो घायल

**बैरिया।** बिहार सीमा के जानकी बाजार से तेज रफ्तार में आ रही टेंपो साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में तहसील मोड़ के पास शुक्रवार की देर शाम पलट गई, जिसमें दबकर एक 10 वर्षीय बालक व टेंपो ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य सोनबरसा पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि दोकटी थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी बबलू कुमार 10 वर्ष पुत्र राहुल यादव जो बैरिया किराए की मकान में परिवार के साथ रहता है वह बाहर खड़ा था। तेज रफ्तार से आ रही टेंपो उसके ऊपर पलट गई, जिससे बालक बुरी तरह घायल हो गया। वहीं मौके पर टेंपो चालक सोनू यादव भी घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

### परिवहन मंत्री एवं कुलपति ने की भेंट

**बलिया।** विरेन्द्र सिंह धुरान लोक सांस्कृतिक सेवा संस्थान बसंतपुर के सदस्यों एवं भोजपुरी गीत-संगीत से जुड़े लोगों ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं जननायक चंद्रशेखर विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय से भेंटकर ख्यातिलब्ध गायक विरेन्द्र सिंह धुरान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को विवि के पाठ्यक्रम में शामिल करने के साथ ही धुरान की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि धुरान बलिया एवं भोजपुरी के धरोहर है। उप्र सरकार उनकी विद्या को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने धुरान की प्रतिमा सार्वजनिक स्थान पर लगाने का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने कहा कि धुरान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को हिंदी के पाठ्यक्रम में इस वर्ष से ही सम्मिलित कर लिया जायेगा। कुलपति ने कलाकारों को 28 मार्च को विवि में उपस्थित होकर धुरान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा, नारदीय तथा चईता गायन के लिए आमंत्रित किया।






# कड़ी मेहनत से अवश्य मिलेगी सफलता : राजीव कुमार मिश्र

**बिल्थरारोड।** स्थानीय नगर के न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने परीक्षाफल सहित पुरस्कार वितरण किया। अपने अभिभावकों संग वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने कहा कि किसी बच्चे की पहली गुरु माता-पिता होते हैं, जहां से पारिवारिक संस्कार बच्चों को मिलता है। दूसरे गुरु स्कूलों में नामांकन के बाद शिक्षक मिलते हैं, जिनके द्वारा शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त होता है। बच्चा बचपन से लेकर अपने सफल जीवन तक ज्ञान अर्जित करता है। उन्होने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा में प्रगति लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में देश तथा समाज के अन्दर अपने माता-पिता, गुरु का नाम रोशन कर सकें। अंत में प्रभारी निरीक्षक ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रसंशा की। एकेडमी के प्रबन्धक सतीश दूबे ने स्कूल की प्रगति प्रस्तुत करते हुए स्वच्छ एवं खुले वातावरण में चल रहे शिक्षण कार्य की विस्तार से चर्चा की। साथ ही मुख्य अतिथि राजीव कुमार मिश्र का आभार प्रकट करते हुए अपने सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों सहित अन्य कर्मियों को कार्यक्रम की सफलता पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नौनिहालों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रबंध निदेशिका मोनिका दुबे व प्रधानाचार्या पूनम प्रसाद मौजूद रही। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र, एकेडमी के प्रबंधक सतीश दुबे, प्रबन्ध निदेशिका मोनिका दुबे व प्रधानाचार्या पूनम प्रसाद ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।




## आयोजन

### न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



### समारोह में इनकी रही मौजूदगी

**बिल्थरारोड।** इस अवसर पर रुमिता शर्मा, सृजन राय, अन्नू वर्मा, आशिया, रिया कुमारी, पारुल गुप्ता, साधना शर्मा, रौनक परवीन, सुप्रिया जायसवाल, आंचल, शबीहा, जूही शर्मा, निशी चौरसिया, रेखा शाही, कमलेश शर्मा, सुष्मिता चौरसिया, राकेश जायसवाल, रविशंकर चौबे, विशाल गुप्ता, सुजीत गुप्ता, राजीव गुप्ता, प्रगति, दिब्या, सत्येंद्र मौर्य, दीपक कुमार पंडित, नेहा, संध्या सिंह, अमर प्रताप सिंह, घनश्याम यादव, अंजू प्रसाद, तेज बहादुर सिंह, मुकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे। संचालन आनंद श्रीवास्तव एवं जिशान ने किया।











# जच्चा-बच्चा की मौत मामले में क्लीनिक संचालक गिरफ्तार



**नगरा।** जच्चा-बच्चा की मौत मामले में नगरा पुलिस को वांछित अपराधी वैष्णवी क्लीनिक के संचालक को हिरासत में लेने में कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के अपराध को समूल नष्ट करने चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्रधिकारी रसड़ा एसएन वैश्य की देखरेख में थानाध्यक्ष वृजेश सिंह के कुशल निर्देशन में नगरा पुलिस ने पंजीत मुकदमा अपराध संख्या 263/2022 धारा 304, 420, 120बी भादवि व 15 (3) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार रहने में सफलता हासिल की है।

उपनिरीक्षक झून्ना सिंह की देखरेख मे कांस्टेबल विवेक कुमार मौर्या हमराहियों के साथ क्षेत्र में तलाश वांछित वारंटी चेकिंग के दौरान संदिग्ध ब्यक्ति को पुलिस ने ढोढा चट्टी से गिरफ्तार कर लिया।

अवैध रुप से संचालित वैष्णवी क्लीनिक के संचालक अमित सिंह पुत्र अवध किशोर सिंह निवासी ग्राम लोहटा पचदौरा, थान भीमपुरा को हिरासत में लेकर न्यायालय चालान कर दिया।

# 1.16 करोड़ से होगा पुलिया एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण

**पहल**

### शासन से स्वीकृति मिलने के बाद शुरू हुई टेंडरिंग प्रक्रिया

**बलिया।** वर्ष 2022-23 में लोक निर्माण विभाग ने नगर के गांधी नगर में कटहल नाला पर पुलिया व एप्रोच मार्ग के निर्माण के लिए शासन को 1.16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। शासन ने राज्य योजना सामान्य के तहत स्वीकृति दे दी है। अब इसके निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके निर्माण से नगर के लोगों को सुविधा मिलेगी।

नगर से होकर गुजरने वाले कटहल नाला के दोनों किनारे अब घनी आबादी हो चुकी है। अब इस आबादी को सुविधा देने की कवायद तेज हो गई है। नगर के गांधीनगर से सटे कटहल नाला का बहाव है। इस क्षेत्र में रेलवे के लिए कटहल नाला पर पुल है, जिसका आबादी के लोग कभी-कभार आने-जाने के लिए उपयोग भी करते हैं। इससे खतरा बना रहता है। लोक निर्माण विभाग ने अब गांधीनगर में पुलिया निर्माण कराने की तैयारी शुरु कर दी है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार परमंदापुर होकर टीडी कालेज जाने वाली सड़क को चित्तू पांडेय चौराहा-कचहरी मार्ग को पुलिया के सहारे जोड़ने की तैयारी है। कटहल नाला पर पुलिया व एप्रोच मार्ग निर्माण के लिए शासन को 1.16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए टेंडरिंग की प्रक्रिया शुरु की गई है, जो जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। पुलिया व एप्रोच मार्ग निर्माण के लिए नौ माह की समय सीमा निर्धारित की गई है। कटहल नाला पर पुलिया व एप्रोच बन जाने से चित्तू पांडेय चौराहा-कचहरी मार्ग से परमंदापुर होते हुए टीडी कालेज, विकास भवन, कृषि भवन आदि जाना काफी आसान हो जाएगा। यह मार्ग एक तरह से बाईपास का कार्य भी करेगा। क्योंकि कचहरी मार्ग पर आए दिन जाम लगता है।

> गांधीनगर में पुलिया व एप्रोच मार्ग निर्माण के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। जल्द ही कार्यदायी संस्था का चयन किया जाएगा।
>
> **सीपी गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बलिया**

# ज्ञान जहां से भी मिले, ले लेना चाहिए

**बोले संतोष जी महाराज**

### प्रभु श्रीराम ने काफी सोच-समझकर किया किसी का अपमान



**मझौवां।** ग्राम पंचायत जगदेवा के पूरवा मिश्रि गरी के मठिया के प्रांगण में आयोजित नव दिवसीय मानस नवाह परायण में संतोष जी महाराज ने कहा कि मानव शरीर को ढकने के लिए पट यानी वस्त्र की जरूरत पड़ती है। जिस समय प्रभु श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ सुख आसीन होकर वार्तालाप कर रहे थे। मन, ज्ञान, वैराग्य, कर्म, धर्म, सुख पर चर्चा कर रहे थे। उसी समय सुपनखा वासना की भावना लेकर प्रभु श्रीराम के पास पहुंच गई।

मानस समिति द्वारा आयोजित 48वां नौ दिवसीय मानस सम्मेलन में रायपुर, छत्तीसगढ़ से पधारे संतोष जी महाराज ने कहा कि कोई भी अच्छा कार्य करने के उपरांत ही बुरा का आक्रमण होता है। कारण परीक्षा तो पढ़ाई के बाद ही होती है।

ज्ञान जहां से भी मिले, ले लेना चाहिए। उसमें कोई संकोच नहीं। वास्तव में सुपनखा का नाक प्रभु श्रीराम ने नहीं काटा। नाक काटने का मतलब सुपर्णखा के अंदर जो वासना थी, उसको प्रभु ने ठुकरा नष्ट कर दिया। बताया कि किसी का मान और अपमान प्रभु श्रीराम ने बहुत सोच समझकर किया है, ताकि चराचर में एक अलग ज्ञान उत्पन्न हो। वहीं, मानस किंकर महाराज मुन्ना दुबे ने बताया कि प्रभु श्रीराम ब्रह्मा है। सुग्रीव जीव है। संत वीर हनुमान है। जब जीव रूपी सुग्रीव का मिलन संत रूपी हनुमान से हुआ तो ब्रह्म रूपी श्रीराम ने जीव सुग्रीव का कल्याण कर दिया।

इधर, कुमारी साधना जी ने बताया कि विवाह आठ प्रकार का होता है। इसमें सर्वोपरी ब्रह्म विवाह कहा जाता है। प्रभु भोलेनाथ का विवाह ब्रह्म विवाह के द्वारा ही हुआ, जिसके फलस्वरूप मां पार्वती सात जन्मों तक प्रभु भोलेनाथ को ही पति रूप में वरण करती रही। अन्य जो विवाह हुआ, वह गंधर्व विवाह था। इसलिए आज भी शादी विवाह में माताएं भगवान भोलेनाथ की विवाह के गीत गाती है। कथा देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर हरेंद्र नाथ तिवारी, अजय कुमार मिश्र उर्फ डब्बू बाबा, विद्यापति तिवारी, राजेश यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, लल्लन अंसारी, शाह अली अंसारी, नेहा पांडे, वंदना गुप्ता, अंजली गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सीता राम विवाह की सजायी गई झांकी

**फेफना।** क्षेत्र के कर्चा परिवा नारायणपुर में चले रहे श्रीशत् चण्डी महायज्ञ के श्रीराम कथा में कथावाचिका गौरांगी गौरी ने सीता राम विवाह पर प्रकाश डाला। कथा का आरंभ श्रीराम, लक्ष्मण एवं विश्वामित्र के मिथिला प्रवेश से किया गया। मिथिला का वर्णन करते हुए गौरांगी गौरी ने कहा कि मिथिला के नर-नारी सभी सुंदर है। संत एवं ज्ञानी है। गुणों की खान है। यह सब जनक के भजन का प्रभाव है। उन्होंने फुलवारी प्रसंग की अद्भुत चर्चा की। तत्पश्चात धनुष यज्ञ एवं सीता राम विवाह का वर्णन किया। इस दौरान सीता राम विवाह की झांकी भी प्रस्तुत किया गया। वहीं, दूर-दराज से आये श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। महायज्ञ में क्षत्रवासियों की भीड़ उमड़ रही है। लखन बाबा ने श्रद्धालुओं से महायज्ञ में शामिल होने का आह्वान किया है।

# आज से होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**तैयारी पूरी**

### मूल्यांकन के दौरान मोबाइल के इस्तेमाल पर रहेगा प्रतिबंध

**बलिया।** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान मोबाइल के इस्तेमाल पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। प्रश्नोत्तरों का मूल्यांकन क्रमवार मार्किंग के जरिए किया जाएगा। स्वच्छ एवं सुंदर लिखावट पर भी छात्र-छात्राओं को नंबर दिए जाएंगे। त्रुटिरहित व समयबद्ध मूल्यांकन के लिए उप नियंत्रक से लेकर कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षकों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल एवं इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए शहर के राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कालेज और कुंवर सिंह इंटर कालेज को मूल्यांकन केंद्र घोषित किया गया है। चारों केंद्रों पर 18 मार्च से मूल्यांकन शुरू होगा। इसके लिए गैर जनपदों से उत्तर पुस्तिकाएं आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। हाईस्कूल के प्रत्येक परीक्षक प्रतिदिन 50 एवं इंटर के परीक्षक 45 कपियां चेक करेंगे। उत्तर पुस्तिका जांचने के बाद परीक्षकों को अपने हस्ताक्षर व परीक्षक संख्या अंकित करनी होगी। जिन कपियों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक या शून्य अंक दिए जाएंगे, उनका पुनर्मूल्यांकन उप प्रधान परीक्षक करेंगे।

> मूल्यांकन कार्य वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। मूल्यांकन के दौरान मिलने वाले पारिश्रमिक को लेकर अभी कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।
>
> **रमेश कुमार सिंह, डीआईओएस, बलिया।**

# मादक पदार्थों से संबंधित अपराधियों पर करें कार्रवाई

**बोले डीएम**

### कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान नगर मजिस्ट्रेट नितीश कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी महीने में अवैध/जहरीली शराब के खिलाफ की गई कार्रवाईयो में दक्षिण टोला थाने में एक अभियोग पंजीकृत से 27 हजार, सरायलखंसी में एक अभियोग पंजीकृत हुआ जिससे 10 लाख 36 हजार 500 रू, घोसी में दो अभियोग पंजीकृत जिनसे 7500 रु, दोहरीघाट में चार अभियुक्त पंजीकृत हुए जिनसे 2800 रु, कोपागंज में तीन अभियोग पंजीकृत जिनसे 4500 रु, मोहम्मदाबाद गोहना में चार अभियोग पंजीकृत जिनसे 9500 रु, चिरैयाकोट में एक अभियोग पंजीकृत जिनसे 2000 रु, रानीपुर में दो अभियोग पंजीकृत जिनसे 5000 रु तथा हलधरपुर में तीन अभियोग पंजीकृत हुए जिनसे 1500 की अवैध शराब बरामद की गई। इसी प्रकार अवैध मादक पदार्थ/ड्रग्स से संबंधित कार्यवाई के दौरान थाना कोतवाली में एक अभियोग पंजीकृत हुआ जिससे 1 लाख 50 हजार, कोपागंज में एक अभियोग पंजीकृत जिससे 1 लाख 60 हजार तथा थाना चिरैयाकोट में एक अभियोग पंजीकृत हुआ जिससे 85 हजार के मादक पदार्थ बरामद किए गए। इसके अलावा फरवरी महीने में ही गैंगस्टर एक्ट के तहत थाना घोसी, कोपागंज एवं चिरैयाकोट में 1 तथा रानीपुर में दो अभियोग पंजीकृत किए गए। गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के तहत 14 (1) के अंतर्गत थाना मोहम्मदाबाद में दो आदेश पारित हुए जिसके तहत लगभग 5 करोड, थाना चिरैयाकोट के तहत एक आदेश पारित हुआ जिसके तहत 60 हजार तथा थाना रानीपुर के तहत एक आदेश पारित हुआ जिसके तहत 69 लाख 10 हजार रुपए की संपत्ति को कुर्क किया जाना है।

जिलाधिकारी ने अवैध शराब, मादक पदार्थों के उत्पादन एवं तस्करी से संबंधित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को महीने में कम से कम एक बार संयुक्त बैठक कर गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की संपत्तियों की पहचान कर उनके कुर्क की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर मानकों का उल्लंघन करने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध फरवरी महीने में की गई कार्यवाहीयों की समीक्षा के दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि थाना कोतवाली से 9, दक्षिण टोला से 2, सराय लखंसी से 1, घोसी से 129, दोहरीघाट से 33, कोपागंज से 74 तथा मोहम्मदाबाद से 2 लाउडस्पीकर धार्मिक स्थलों से हटाए गए।

इस दौरान गैंगस्टर एक्ट तथा एमपी/एमएलए कोर्ट में अभियोजन शाखा की निष्क्रियता से किसी भी मामले में सजा दिलाने में असफल होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियोजन शाखा को सक्रियता बढ़ाने के साथ ही संबंधित मामलों में अपराधियों को दंड दिलाने हेतु अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष सहित अभियोजन शाखा के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

# टॉपर छात्रों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** कस्बा के मोहल्ला अतरारी स्थित साबेरा पब्लिक स्कूल में गुरुवार की देर संध्या को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जहां विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के देश भक्ति सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिस के जरिए सामाजिक संदेश दिए। जहां विद्यालय के टॉपर छात्रों को विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा ट्राफी देकर एवं फूल माला से भव्य स्वागत किया। वहीं मेधावी छात्रों में काफी उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत से किया। हिंदू मुस्लिम एकता, आर्मी ब्वॉय, बेटियां तो है लम्हा खुशी, मुझे वक्त बदलना है, उंगली पकड़कर चलना सिखा दें, खुदा नाराज है हमसे, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, तू चल तेरे वजूद का समय की तलाश है आदि कई शानदार कार्यक्रम पेश किए। विद्यालय के कक्षा नर्सरी में तृप्ति भारती, एलकेजी में उम्मे एमन, यूकेजी अलशिफा, कक्षा एक में उम्मे हबीबा इसी तरह से कक्षा दो में शिद्रा नूरी, तीन में श्याम सुंदर, पांच में वर्तिका मौर्या, छह में शाह फैसल, सात में अजीज अख्तर व आठ में शगुन भारती ने अपने अपने कक्षाओं में प्रथम स्थान ग्रहण किया है। इन सभी छात्रों को विद्यालय के प्रबंधन तंत्र मोहम्मद जाहिद अंसारी, नूर अफ्शां बानों, मोहम्मद राशिद अंसारी ने ट्राफी देकर एवं फूल माला से जबरदस्त स्वागत कर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। इन तीनों छात्रों को विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित साड़ी व्यवसाय हाजी परवेज अहमद एवं हाजी आबिद के हाथों द्वारा ट्राफी एवं अन्य इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि ने कहा कि बच्चों ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है।

# लंबित प्रकरणों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने के सीडीओ ने दिये निर्देश



**मऊ।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल संरक्षण सेवाएं, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरण आदि की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर सरोज ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 195 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 170 आवेदनों को स्वीकृत कर 120 लाभार्थियों के खाते में धनराशि भेज कर योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। शेष लाभार्थियों को जल्द ही उनके खाते में धनराशि भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत 317 किशोर/किशोरियों जिनके माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड-19 से हुई है का चिन्हीकरण कर 195 किशोर/किशोरियों को भुगतान किया जा चुका है, शेष लाभार्थियों को जल्द भुगतान करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिए। रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत 9 प्रकरण प्रेषित किए गए जिसमें एक प्रकरण पास्को से संबंधित होने के कारण लंबित है शेष प्रकरणों का निस्तारण हो चुका है। मुख्य विकास अधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में अन्य और आवश्यक जरूरतों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 8317 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 3494 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है शेष लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने जल्द से जल्द सत्यापन कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी सहित संबंधित कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### केन्द्र व प्रदेश सरकार दलित विरोधी है : विनय कुमार गौतम



**मऊ।** शुक्रवार को दलित कांग्रेस मऊ के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष विनय कुमार गौतम के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में राष्ट्रपति से मॉग किया गया कि उप्र के भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केन्द्र की मोदी सरकार की दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ उप्र जमीनदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 के तहत अनुसूचित जाति को किसी भी व्यक्ति को अपनी खेती की जमीन अगर तीन एकड़ से कम है तो उसपर डीएम भी परमिशन नही दे सकते और तीन एकड़ से अधिक है तब डीएम परमिशन दे सकते है लेकिन केन्द्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार द्वारा नियम को उपेक्षा करके जमीने बेची जा रही है। यह दलितों के साथ धोखा है इसको तत्काल रोका जाय। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष विनय कुमार गौतम नें प्रेस वार्ता में कहा कि सुबे की योगी सरकार और केन्द्र की मोदी सरकार दलित विरोधी है दलितों को फिर से गुलाम व तबाह करनें की साजिश रची जा रही है। जिसको दलित कांग्रेस व कांग्रेस जन कभी कामयाब नही होने देगी। उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिता गौतम ने कहा कि हम कांग्रेस के लोग इस काले कानून को कभी भी पारित नही होने देगे जिससे कि देश व प्रदेश के दलित समाज के लोगों को प्रताड़ित होना पडे। ज्ञापन देने वालों में से प्रमुख रूप से दलित कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार गौतम, उप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव व मऊ जनपद के प्रभारी जनक कुशवाहा, संजय यादव, छोटेलाल, अजय भारती, रामकरन यादव, उमाशंकर सिंह, राजू राम, उदय नारायण राय एडवाकेट, अनिल कुमार राय, सुखचयन राम, बब्लू यादव, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, हंसनाथ तिवारी, क्रान्ति निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मुअसं 74/23 धारा 376,504,506 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त कृष्णा यादव पुत्र यदुराम निवासी खानपुर मठिया थाना सरायलखंसी मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### अजय चन्द चौबे को जवाहर बाल मंच का राष्ट्रीय समन्वयक बनायें जाने पर कांग्रेसजनों में हर्ष

**मऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी के फायर ब्राण्ड प्रवक्ता अजय चन्द चौबे को जवाहर बाल मंच का राष्ट्रीय समन्वयक (कोआर्डिनेटर) नियुक्त किया है। जिनके पिता विजय प्रकाश चौबे जखनियॉ में अधिवक्ता हैं। अजय चन्द चौबे बीए, एमए बीएड, एमएड शिक्षा शास्त्र विषय से यूजीसी जे आरएफ के साथ साथ पीजीडीजेएमसी हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति से अपना राजनैतिक कैरियर प्रारम्भ किये हैं। फिर यूथ कांग्रेस एलेक्शन कमीशन में एआरओ के रूप में बिहार मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, हरियाणा एवं एनएसयूआई आरो के रूप में हिमांचल प्रदेश में संगठन का चुनाव कराया। इनको नियुक्त होनें पर उप्र अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व उपाध्यक्ष पूर्वांचल की सर्वमान्य नेता डा सुधा राय जी, अखिल भारतीय कांग्रेस की सदस्य पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. कल्पनाथ राय की सुपुत्री वैष्णवी राय, उप्र कांग्रेस कमेटी की सदस्य अनिल कुमार राय, उप्र कांग्रेस कमेटी की सदस्य अनिता गौतम, ओमप्रकाश ठाकुर, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, हंसनाथ तिवारी एवं मऊ जनपद के कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है।

### कम राशन देने के मामले में कोटेदार के खिलाफ जांच



**कोपागंज, मऊ।** ब्लाक क्षेत्र के पारा मुबारकपुर गांव के राशन की दुकान पर राशन वितरण के दौरान कोटेदार द्वारा किए जा रहे धांधली और कम राशन देने के ग्रामीणों की शिकायत के बाद विभाग ने जांच शुरू कर दी। शुक्रवार को विभाग के पूर्ति अधिकारी शरद कुमार सिंह ने गांव के पंचायत भवन पर सुभावती, सुभाष, रीना, मंजू, सुगिया, लक्ष्मीना बहादुर, शमशेर समेत करीब 2 दर्जन ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा प्रत्येक राशन कार्ड पर 3 किलो राशन कम दिया जाता है। जबकि अंत्योदय कार्ड धारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार 3 किलो चीनी न देकर केवल 2 किलो ही चीनी दिया जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार के शिकायत पर कोटेदार दबंगई और धमकी देता है। जिसके बाद ग्रामीणों ने व उप जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की थी।

## संक्षेप

### अपने कार्यालय के पूर्व बजट को 20 मार्च तक कोषागार में अवश्य कर दें जमा

**बलिया।** जिले के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने बताया कि अपने कार्यालय के समस्त देयक जिसके सापेक्ष पूर्व में बजट प्राप्त हो चुका है, वे 20 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत कर दें अन्यथा 21 मार्च से उन्हीं लोगों को प्राप्त किया जाएगा, जिनका बजट 20 मार्च को उपरांत प्राप्त हुआ हो। साथ ही अपने कार्यालय से प्राप्त बजट मिलान 20 मार्च तक कोषागार बजट पटल सहायक से अवश्य पूर्ण करा लें एवं लंबित देयकों को 25 मार्च तक कोषागार में अवश्य प्रस्तुत करा दिया जाए, अन्यथा की स्थिति में आहरण वितरण अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संगोष्ठी आज

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं राष्ट्रपति अभिभाषण संगोष्ठी के जिला संयोजक अरुण सिंह बंटू ने बताया कि भाजपा केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला संगठन द्वारा बलिया जनपद के सभी 457 शक्ति केंद्रों पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर 18 मार्च को बलिया लोकसभा के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त बैरिया मंडल के नगर पंचायत एवं मुरली छपरा मंडल के अठगांवा में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर बेलहरी मंडल के महौथा, दुबहड़ मंडल के नंदपुर एवं छाता मंडल के नगवां ग्राम सभा में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। सलेमपुर के सांसद रवींद्र कुशवाहा सिकंदरपुर नगर, बेल्थरा रोड नगर एवं मनियर मंडल के छितौनी में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

### सीएचसी पर नहीं हो रहा आयुष्मान कार्ड से इलाज

**बलिया।** गरीबों को समुचित इलाज की निःशुल्क व्यवस्था के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत क्षेत्र में धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही कहें या उदासीनता जनपद के एक दर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल इस सुविधा से आच्छादित हैं। लेकिन सदर अस्पताल छोड़कर किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी रोगी का इलाज आयुष्मान कार्ड से नहीं हुआ है। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा, सोनवानी, सिकंदरपुर, खेजुरी, नरही, रसड़ा, सीयर, दुबहड़, बांसडीह व रेवती पर आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है, लेकिन कहीं भी एक भी रोगी का इलाज इस कार्ड से नहीं हुआ है। कार्डधारकों का आरोप है कि चिकित्सक अपने निजी लाभ के लिए इस कार्ड का उपयोग नहीं करते हैं। सीएचसी सोनबरसा की बात करें तो यहां आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी रोजाना हाइड्रोसील व हार्निया आदि का आपरेशन तो करते हैं, लेकिन एक भी रोगी का हाइड्रोसील या अन्य आपरेशन व इलाज आयुष्मान कार्ड से नहीं करते हैं। इससे सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जनपद के आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर तैनात वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि अभी किसी सीएचसी पर एक भी रोगी का इलाज नहीं हुआ है। जल्द यह योजना सीएचसी पर शुरू की जाएगी। कहा कि जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है।

### गतात्मा की शांति को प्रार्थना

**बलिया।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्याशंकर यादव की माता के निधन पर जिला कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर राजन कन्नौजिया, रामेश्वर पासवान, रवीन्द्र नाथ यादव, सामू ठाकुर, जेडी जलालुद्दीन, मंटू साहनी, सुभाष यादव, चंदन यादव, गनेश यादव, अजय यादव, हरेन्द्र गौंड़, अजीत यादव, छोटू यादव, राजेश यादव, अमरजीत यादव, सुरेश कन्नौजिया, रामप्रवेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन व सम्मान समारोह कल

**बलिया।** अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा बलिया के तत्वावधान में 19 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से होली मिलन, परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन गड़वार रोड मिड्ढ़ा स्थित मैरेज हाल में किया गया है। इसके मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना, देवरिया के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, विशिष्ट अतिथि सोनी चौरसिया एवं रिशी चौरसिया होंगे। यह जानकारी शंकर प्रसाद चौरसिया ने दी है।

### स्वास्थ्य शिविर कल

**बलिया।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बलिया के तत्वावधान में 19 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे सश्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम निःशुल्क परामर्श देंगे। यह जानकारी प्रदेशिक उपाध्यक्ष डा. दयाल शरण वर्मा ने देते हुए शिविर में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने का आह्वान किया है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गए विनोद सिंह

**बलिया।** कर्नल ब्रिज बिहारी सिंह के पुत्र विनोद सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वह सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष भी रहे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, शंभू नाथ, पारस नाथ, विश्राम दूबे, रमेश, अलका सिंह, अरुण सिंह, मनीष सिंह, राजश्री सिंह, रीना सिंह, भूमि, सिद्धि, रूद्र आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा मित्र के निधन पर शोक

**बांसडीह।** शिक्षा क्षेत्र बांसडीह के प्राथमिक विद्यालय खोरौली पर तैनात शिक्षा मित्र 50 वर्षीय कमला देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थी। बीआरसी मे शिक्षकों की हुई बैठक में उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर बीईओ सुनील चौबे, शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, केके सिंह, घनश्याम चौबे, एहशानुल हक, अरूण सिंह, शर्मा नाथ यादव, सत्येन्द्र सिंह, मु. अली, विनय सिंह, ब्रजेश चौरसिया, लक्ष्मी यादव, कौशल सिंह आदि मौजूद रहे।

### कोतवाल ने बैंकों में चेकिंग कर लिया सुरक्षा का जायजा

**बांसडीह।** आमजन को सुरक्षा एवं क्षेत्र में प्रभावी अपराध नियंत्रण के लिए कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कस्बा सहित कोतवाली क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाल ने क्षेत्र में स्थापित विभिन्न बैंकों में चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। चेकिंग के दौरान खाताधारकों को अपने बैंक खाते की सूचनाओं को गोपनीय रखने एवं फोन पर अपने खातों से जुड़ी जानकारी किसी के साथ भी साझा नही करने की हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरे सही से कार्य कर रहे या नही, इसकी सघन जांच किया गया। बैंक डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चेकिंग के दौरान बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।



इसके अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि स्थानों पर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। दुकानों में लगे सीसीटीवी सुचारू रूप से कार्य कर रहे है या नही आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, श्याम यादव आदि मौजूद रहे।

### रुपये के भरा झोला लेकर भागे बाइक सवार लुटेरे

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा-तिराहीपुर मार्ग स्थित रोहना पुल के समीप शुक्रवार की दोपहर एक महिला से बाइक सवार लुटेरे झोले सहित रुपया छीन कर फरार हो गये। पीड़िता ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के कटहुरा गांव निवासी प्रभा यादव पत्नी इंद्रजीत यादव शुक्रवार की दोपहर मुड़ेरा के बस्ती चट्टी पर भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से 20,000/- रुपए निकालकर अपने घर जा रही थी। बस्ती चट्टी के ग्राहक सेवा केंद्र से ही दो बाइक सवार लुटेरे पीछे लग गए। रसड़ा-तिराहीपुर मार्ग स्थित रोहना पुल के समीप पहुंचते ही प्रभा यादव से बाइक सवार लूटेरों ने झपट्टा मारकर प्लास्टिक के झोला सहित 20 हजार रुपया लेकर फरार हो गये। महिला के चीखने-चिल्लाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। महिला रोते हुए घर पहुंची और मामले से अपने पति को अवगत कराया। पुलिस लूटेरों की धर पकड़ में जुट गई। इस तरह की घटनाओं को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### पशुपालकों को किया गया जागरूक

**मझौवां।** विकास खंड बेलहरी के ग्राम पंचायत बघौच के पूरवा हृदयचक में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला/शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान संतोष सिंह उर्फ बच्चा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान शिवपूजन राम ने संयुक्त रूप से गौ पूजन करके किया। पूर्व प्रधान संतोष सिंह उर्फ बच्चा सिंह ने पशुपालकों को इस मेले सह शिविर के महत्व के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान शिवपूजन राम ने अच्छे देशी नस्ल की पशुपालन के महत्व पर जोर दिया। पशु चिकित्साधिकारी रेवती डा. ओमप्रकाश प्रजापति ने पशुपालकों को पशु बीमा, नियमित टीकाकरण एवं सामान्य स्वास्थ्य देखभाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पशु चिकित्साधिकारी रामपुर दिघार डा.अग्रेश सिंह यादव ने पशुपालकों को पशुओं में बांझपन की समस्या के निदान हेतु दैनिक पोषण में हरा चारे, सुखा चारे, दाने के अनुपात के महत्व, केसीसी लोन पशुपालन हेतु एवं पशुओं में बिमारियों के लक्षण के बारे में बताया। शिविर में 315 बड़े पशु, 900 छोटे पशु, भेड़, बकरियों का निःशुल्क इलाज कर दवा वितरित किया।



# विद्युत कर्मियों की हड़ताल, प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाला मोर्चा



विद्युत उपकेंद्र पर जायजा लेते डीएम-एसपी।

**गाजीपुर।** विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत विद्युत उपकेंद्र एवं संयंत्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद के जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनपद के विद्युत सब स्टेशनों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित सब स्टेशन प्रभारियों को अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने एवं किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इस पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं से फॉल्ट की

**निगरानी**

**विद्युत उपकेंद्रों पर लेखपाल सहित पुलिस कर्मियों की तैनाती**

शिकायत मिलती है, तो वहां तत्काल कर्मचारियों को भेजकर फॉल्ट ठीक कराई जाए, जिससे जनसामान्य को कोई समस्या उत्पन्न न हो। इसमे किसी प्रकार की लावरवाही क्षम्य नही होगी। शिकायत मिलने के बाद तत्काल निस्तारण किया जाय। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अपने-अपने तहसीलो में भ्रमणशील रहेगें।सेवराईः बिजली कर्मियों के 72 घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद करके हड़ताल करने के वजह से के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। कई उपकेंद्र पर कर्मचारी उप केंद्र छोड़कर फरार हो गए हैं । जहां राजस्व कर्मियों एवं पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।



लालदरवाजा कार्यालय पर धरना के दौरान बोलते रोहित कुमार।

### प्रबंधन की हठवादिता से कर्मचारियों ने किया हड़ताल

**गाजीपुर।** अधीक्षण अभियंता कार्यालय लाल दरवाजा के प्रांगण में दूसरे दिन शुक्रवार को विद्युत कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मुखर रहे है। जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा निगमों के विद्युत कार्मिकों के न्यायोचित मांगों पर सहमति के बाद भी लागू नहीं हुआ। जिसके कारण विद्युत कर्मियों में भारी रोष व असंतोष व्याप्त है। सभा की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी विजय कुमार यादव एवं सभा का संचालन कैलाश यादव ने किया। सभा में सुदर्शन सिंह, सुधीर कुमार, रोहित कुमार,इंजीनियर आशीष चौहान, मनीष कुमार, मिठाई लाल, संतोष चौधरी, नीरज सोनी, प्रमोद यादव, प्रवीण सिंह, अनुराग सिंह, विजेंद्र यादव, समीम खान, वरुण राय, संजय यादव, प्रवीण पांडे, मनीष राय, अरविंद श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, वेदांत त्रिपाठी, अरविंद राज रहे।

### हड़ताल से मचा हाहाकार

**मरदह।** विद्युत कर्मियों के हड़ताल? के वजह से बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक लगातार नौ घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से 190 गांवों में हाहाकार मचा रहा। विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को बाधित दिन भर रही वजह से 33 हजार हाईटेंशन सप्लाई में फाल्ट बताया गया। विद्युत सबस्टेशन पर पुलिस के उपनिरीक्षक सिपाहियों सहित राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी इस संबंध में विभाग के जेई एस.के.ओझा ने बताया कि हड़ताल की वजह से बिजली ब्रेकडाउन में है।

### हड़ताल पर गए बिजली कर्मी, गांवों में बिजली आपूर्ति ठप

**बारा।** बिजलीकर्मियों के आंदोलन का असर दिखने लगा है। विद्युत उपकेंद्र बारा से जुड़े गांवों के हजारों घर अंधेरे में डूब गए हैं। बिजली लाइनों में होने वाले फाल्ट ठीक नहीं हो रहे हैं। दूसरी ओर अफसर आपूर्ति प्रभावित न होने के दावे कर रहे हैं। इस अव्यवस्था का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से विद्युत उपकेंद्र बारा से जुड़े तीन गांवों में बृहस्पतिवार रात दो बजे से आपूर्ति ठप है। इसके चलते करीब एक लाख की आबादी बिजली संकट से जूझ रही है। बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का मोबाइल स्विच ऑफ था।

### तहसीलदार संभाल रहे विद्युत उपकेंद्र

**कासिमाबाद।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल कासिमाबाद, बहादुरगंज महरोड़,गंगौली, धोटारी उपकेंद्रों पर साफ दिखाई दे रहा है उप केंद्रों पर तहसील कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों को तैनात कर विद्युत बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र पर उपजिलाधिकारी वीर बहादुर यादव के अथक प्रयास के बाद भी छह फिडरों में तीन फिडर चल रहा है। जबकि तीन फीडर ब्रेकडाउन बताकर बंद किए हुए।

## संक्षेप

### पुलिस ने कस्बे में किया रूट मार्च



**जखनिया।** स्थानीय कस्बे में शुक्रवार की दोपहर कोतवाल तारावती के नेतृत्व में पीएसी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल ने कस्बे में रूट मार्च किया। अचानक इतनी संख्या में कस्बे में पुलिस के भ्रमण पर लोग आश्चर्य में पड़ गए की इतनी फोर्स क्यों आई है। बाद में लोगों को पता चला कि ब्लॉक मुख्यालय पर कोर्ट के आदेश पर पुनः मतगणना का कार्यक्रम था। जिसके बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर शांति व्यवस्था कायम हेतु कस्बे में पुलिस ने भ्रमण किया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक तारावती ने बताया कि लोगों से आपसी सौहार्द बनाए हुए कानून का पालन करने की सलाह दी गई है।

### बैंक पर नहीं बन रहा किसान क्रेडिट कार्ड

**मरदह।** भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा मरदह से किसानों को नहीं मिल पा रहा किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ,बैंक के महीनों से चक्कर लगाने के बाद भी बैंक कर्मी अपनी मनमानी को तैयार है। मालूम हो कि बैंक किसानों को साहूकार के कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिए शुरू की गई किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रही है इसके पीछे कृषि विभाग बैंकों की मनमानी को प्रमुख वजह बता रहा है वहीं बैंक अफसर इसे कृषि विभाग की सुस्ती बता रहे हैं। सुविधा नहीं मिल पाने से किसान साहूकारों की चक्र वृद्धि ब्याज में उलझा हुआ है। यही नहीं उसे फसल बीमा योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। केसीसी के जरिए बैंक किसान को आसान व सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराएगा। जिससे खेती की दिक्कतें तो कम होंगी ही,किसान भी खुशहाल होंगे। नरवर गांव निवासी शैलेंद्र पाण्डेय,कोड़री गांव निवासी शारदा देवी,भोजापुर गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि हम महीनों से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सूध लेने वाला नहीं है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक शिवनाथ ने बताया कि हमारी प्राथमिकता है। कृषि लोन देने की कुछ टेक्निकल वजहों से अगर कुछ समस्या है तो उसे जल्द दूर किया जाएगा।

### नाम नीम हकीम, डिग्री खानदानी, इलाज शर्तिया

**मुहम्मदाबाद।** प्रशासन का झोलाछाप पर शिकंजा कसने का प्रयास क्षेत्र में विफल साबित हो रहा है। यहां एक-दो लाइसेंसी निजी अस्पतालों को छोड़कर दो दर्जन अस्पताल नीम हकीम चला रहे हैं। इन अस्पतालों में असाध्य रोगों के शर्तिया इलाज का दावा किया जा रहा है। अस्पताल के संचालक के पास डिग्री के नाम पर खानदानी अनुभव है। मुहम्मदाबाद, करीमुद्दीनपुर, बाराचवर, कुन्डेसर, भांवरकोल, शेरपुर सहित कई ऐसे अस्पताल संचालकों के पूर्वज पहले भी बिना लाइसेंस और डिग्री के अस्पताल चलाते रहे हैं। डीएम ने बिना रजिस्ट्रेशन और वैध डिग्री धारी चिकित्सक के चल रहे फर्जी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएमओ को निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश के बाद भी अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटर की फाइल नहीं खंगाली जा रही है। यही हाल अल्ट्रासाउंड सेंटरों का भी है।

### सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू

**सैदपुर।** नगर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की दिशा में जल निगम ने कार्यवाही तेज कर दी है। इसके क्रम में शुक्रवार को जल निगम के इंजीनियरों की टीम ने नगर क्षेत्र से गंगा नदी में गिरते विभिन्न नालों का सर्वे किया। बताया कि सैदपुर में एसटीपी निर्माण की सबसे बड़ी बाधा जमीन की उपलब्धता को भी दूर कर लिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा नगर पंचायत को एसटीपी निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है। शुक्रवार को सैदपुर नगर पहुंचे जल निगम विभाग के जेई अनिल कुमार और अजय कुमार ने स्थानीय नगर पंचायत के जल निगम कर्मचारियों के साथ नगर में एसटीपी निर्माण के संबंध में सर्वे शुरू किया। इस बाबत अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि नगर में एसटीपी निर्माण के लिए राजस्व विभाग द्वारा नगर के पूर्वी छोर पर जमीन उपलब्ध करा दी गई है। उसका कोरम अगले एक-दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। जल निगम विभाग भी एसटीपी निर्माण की दिशा में तेजी से कार्रवाई कर रहा है। अगर सब कुछ सही रहा, तो जल्द ही नगर के पूर्वी छोर पर एसटीपी निर्माण और नगर के विभिन्न नालो तक पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू करा दिया जाएगा। अब तक इसके निर्माण में सबसे बड़ी बाधा जमीन की अनुपलब्धता थी, जिसे दूर कर लिया गया है।

### युवक का मिला शव

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के औड़िहार रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित डीह बाबा स्थल पर एक मुम्बई निवासी युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली। जिसके बाद सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंचे समाजसेवी अभिषेक साहा ने शव को ढकने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी शिनाख्त मुम्बई के ओशिवारा निवासी 37 वर्षीय महबूब आलम पुत्र अमीन मंसूरी के रुप में हुई। उसके पास से एक पीएमसी बैंक का पासबुक व प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाणपत्र भी मिला।

### कासिमाबाद चौराहे का होगा सुंदरीकरण

**कासिमाबाद।** चौराहे पर आए दिन जाम लगने और दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों के द्वारा चौराहे पर गोलंबर बनाने की मांग की जा रही थी।इस मांग को लेकर शासन के द्वारा कासिमाबाद चौराहे पर गोलंबर बनाने की स्वीकृति मिलते ही व्यापारियों सहित आम जन मानस में हर्ष व्याप्त है।शासन के द्वारा गोलंबर निर्माण व ब्लैक स्पॉट एरिया के तहत सुंदरीकरण के लिए 1 करोड़ 45 लाख रुपए की टेंडर स्वीकृति किया गया है। जहूरावाद विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सिंहासन राम ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों के द्वारा कई बार चौराहे पर गोलंबर बनाने की मांग उठ रही थी। शासन के द्वारा बहुत जल्द ही चौराहे पर गोलंबर सहित ब्लैक स्पॉट एरिया के तहत निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।इस सन्दर्भ में एक्सीइएन शशि भूषण सिंह ने बताया कि शासन के द्वारा गोलंबर निर्माण और ब्लेक स्पॉट एरिया सहित सुंदरीकरण की स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। धन आवंटित होते हैं। निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### गोवंशों का हाल बेहाल, कहीं बीमार तो कहीं चोटिल

**मुहम्मदाबाद।** तहसील क्षेत्र में खुले में घूम रहे गोवंशों का हाल बुरा है। इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर घूम रहे अधिकांश गोवंश चोटिल या बीमार हैं। जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने से कतरा रहे हैं।प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खुले में घूम रहे गोवंश को गोशालाओं में संरक्षित करने का आदेश दिया है। उसके बाद भी निराश्रित गोवंशों को गोशालाओं में नहीं पहुंचाया जा रहा है। मुख्य मार्गों पर घूमते समय गोवंश वाहनों की टक्कर लगने से चुटैल हो जाते हैं या शरारती तत्व इनको चोटिल कर देते हैं। कई गोवंश बीमार भी हैं। इनका इलाज नहीं हो पाता और वह यूं ही तड़पते हुए भटकते रहते हैं। सीवीओ ने बताया कि सूचना मिलने पर घायल, बीमार गोवंशों का उपचार कराया जाता है। निराश्रित गोवंशों को क्षमता के अनुसार गोशालाओं में भी पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### आज होगी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक

**गाजीपुर।** उ.प्र. राज्य कर्मचारी महासंघ जिला इकाई की बैठक लोक निर्माण विभाग परिसर में शनिवार को 11 बजे से बुलाई गई है। जिसमें महासंघ से जुड़े सभी सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है। इसकी जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति बनाने सहित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# नया रेलवे हाल्ट स्टेशन बनाने के लिए हुआ हस्ताक्षर



नये हाल्ट स्टेशन की मांग को लेकर कालूपुर चट्टी पर चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान में जुटे लोग।

**सुहवल।** सोनवल से सिटी स्टेशन तक जाने वाली ताड़ीघाट मऊ नई रेल लाइन पर मेदिनीपुर व कालूपुर के बीच नया रेलवे हाल्ट स्टेशन बनाने की मांग को लेकर पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के संरक्षक दीपक सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों गाँव के ग्रामीणों ने शुक्रवार से तीन दिवसीय हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत कालूपुर चट्टी पर किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि जब तक उन लोगों की मांगे पूरी नहीं होती है,तो यह अभियान आगे जनांदोलन का रूप लेगा । आज इस हस्ताक्षर अभियान के पहले ही दिन बड़े संख्या में विभिन्न राजनितिक दलों से लेकर, छात्र-छात्राएं ने भी बड़े पैमाने पर भाग लिया। पहले ही दिन तीन हजार से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर किया। पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के संरक्षक दीपक ने कहा कि जब से ताड़ीघाट स्टेशन को बंद किया गया है,उसके बाद से ही क्षेत्रीय लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए सुदुर जगहों गाजीपुर, जमानियां ,गहमर आदि जगहों पर ट्रेन पकडने के लिए जाना पड़ रहा है। मौके पर नागेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश यादव, विनय सिंह, सतेन्द्र सिंह, पिन्टू पांडेय, सौरभ पांडेय, मनोज यादव, सुजीत राम, गुलाब राम, मटरू सिंह, बब्बन सिंह,रामजी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आरक्षण का इंतजार, सियासी सरगर्मी तेज

**निकाय चुनाव**

**नगर पालिका व पंचायत अध्यक्ष की सीटों के आरक्षण में बदलाव संभव**

जनसंदेश न्यूज



**गाजीपुर।** पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने के बाद अब चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। जिले की तीन नगर पालिका और पांच नगर पंचायत सीटों में तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है। जबकि एक सीट सपा के कब्जे में है। जल्द ही चुनाव की तिथियों की घोषणा होने की संभावना है। इसके पहले जिला निर्वाचन विभाग मतदाता सूची व बूथ पर अव्यवस्था को दूर करने में लगा हुआ है।

इसके साथ ही आरक्षण सूची भी जारी होनी है। इस बार के चुनाव में अध्यक्ष व सभासद पद के आरक्षण में फेरबदल होना लगभग तय माना जा रहा है। कई आरक्षित सीटें अनारक्षित हो सकती है। जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा है। निकाय चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने वाले संभावित प्रत्याशियों की निगाह भी आरक्षण पर टिकी हुई है। आरक्षण की घोषणा होते ही प्रत्याशियों की झड़ी लगना स्वाभाविक है।

अध्यक्ष और सभासद की दावेदारी कर रहे संभावित प्रत्याशी अपनी-अपनी बिसात बिछाते हुए चुनाव में जीत का गुणा गणित अभी से लगाने में जुटे हैं। सभी राजनीतिक दलों में नए-नए दावेदार भी सामने आने लगे हैं। हालांकि पार्टियां आरक्षण जारी होने का इंतजार कर रही हैं। बीते दिसंबर में जारी हुए आरक्षण में सदर नगर पालिका की सीट सामान्य, मुहम्मदाबाद और जमानियां सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी। हाल ही में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा ट्रिपल टेस्ट के आधार पर ओबीसी सर्वे रिपोर्ट कैबिनेट को सौंपी है।

ऐसे में नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद की सीटों के आरक्षण में बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। यदि आरक्षण में बदलाव होता है तो राजनीतिक दलों को नए सिरे से तैयारियों में जुटना होगा। माना जा रहा है कि नए नियमों और सिफारिशों को लागू किया गया तो नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ पार्षदों की सीटों के आरक्षण में बड़ा उलटफेर दिखाई देगा। आयोग ने पाया कि आरक्षण में चक्रानुक्रम प्रणाली का ठीक से पालन न किए जाने से तमाम सीटों को लगातार कई चुनावों में एक ही वर्ग के लिए आरक्षित किया जा रहा था। ओबीसी गणना के लिए पहले हुए रैपिड सर्वे में भी विसंगतियां पाई गईं।

### सवा दो लाख मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

**गाजीपुर।** जिले के आठ नगरीय निकायों में 121094 पुरुष एवं 104626 महिला सहित कुल 225720 मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता नगर पालिका परिषद गाजीपुर में 50586 पुरुष एवं 43732 महिला सहित कुल 94318 हैं। इसी तरह नगर पालिका परिषद जमानिया में 16458 पुरुष एवं 13321 महिला संग 29779 तथा नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद में 16950 पुरुष एवं 15234 महिला सहित कुल मतदाताओं की संख्या 32184 है। इसके अलावा नगर पंचायत सैदपुर में 10908 एवं 9524 सहित कुल 20432, सादात में 5781 एवं 4996 सहित 10777, बहादुरगंज में 8093 एवं 7255 सहित 15348, जंगीपुर में 5702 एवं 5104 सहित 10806 तथा नगर पंचायत दिलदारनगर में 6616 पुरुष एवं 5460 महिला सहित कुल 12076 मतदाता हैं।

# अनुसूचित जाति-जनजाति को भूमिहीन बना रही योगी सरकार

**बोले सुनील**

**भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन,सौंपा पत्रक**



सरजू पाण्डेय पार्क में तहसीलदार को पत्रक सौंपते कांग्रेसी।

**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में शुक्रवार को स्थानीय सरजू पांडे पार्क में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और समर्थकों ने सरकार की तुगलकी नीति के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। धरना स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि तहसीलदार मजिस्ट्रेट अभिषेक राय ने पत्रक लिया। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जाति/जनजाति के हितों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें भूमिहीन होने से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 कानून बनाया था। जिसके तहत एक सीमित रकबा (3.125 एकड़) से अधिक कृषि भूमि यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग विक्रय करना चाहते हैं, तो उन्हें सम्बंधित जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। योगी आदित्यनाथ की सरकार, कांग्रेस द्वारा बनाए गए उक्त कानून को निष्क्रिय करने जा रही है। युगों युगों से वंचित अनुसूचित जाति /जनजाति के अधिकारों पर कुठाराघात करने का कदम है, जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश की सरकारों द्वारा कुछ उद्योगपतियों को संपूर्ण भारत बेचने/सौंपने की साजिश की जा रही है।किस प्रकार योगी और मोदी की सरकारों द्वारा हम दो हमारे दो के तहत अडानी एवं अंबानी को देश का कण-कण सौंपने का प्रयास किया जा रहा है। एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश जनजाति एवं अधिनियम 1950 कानून के तहत लाखों अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को पट्टे के माध्यम से जमीन आवंटित की गई व कालांतर में भूमिहीन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को उपरोक्त जमीन का आवंटन समाज के वंचित तबके को सामाजिक न्याय प्रदान करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शासनकाल में हुआ था। मौके पर पीसीसी सदस्य लाल साहब यादव, अजय कुमार श्रीवास्तव ,आशुतोष गुप्ता, मनीष राय रूद्रेश निगम ,रईस अहमद, हामिद अली, अनुराग पांडे ,चंद्रकांत यादव ,देवेंद्र कुमार, आर्यन चौहान ,सदानंद गुप्ता आदि लोग रहे ।

### चैत्र नवरात्रि की तैयारी में जुटे श्रद्धालु

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों व घरों की साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। नवरात्र के अवसर पर बाजारों में फल फूल की खरीदारी भी हो रही है। स्थानीय नगर क्षेत्र में पांच दुर्गा मंदिर है। प्रत्येक मंदिरों में चैत्र नवरात्र को लेकर साफ सफाई का कार्य जोरों पर है। तहसील स्थित दुर्गा मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति द्वारा व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है ।बताते चलें कि 9 दिन तक इस मंदिर पर संध्या समय आरती के लिए हजारों की तायदाद में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं। माता महाकाली मंदिर यूसुफपुर पर तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश ने बताया कि यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं ।नवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह शाम माता का पूजन और आरती के समय भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। माता के मंदिर पर सप्तमी के दिन विशाल देवी जागरण का आयोजन किया जाता है ।जिसमें क्षेत्र के लोकगीत गायक कलाकार मंदिर प्रांगण में देवी जागरण गीत गाते हैं। अष्टमी के दिन अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन होता है। नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन होता है।

# ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**मरदह।** ब्लॉक के तेजपुरा व तवकक्लपुर उर्फ डंडापुर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय तवक्लपुर उर्फ डंडापुर में नोडल अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनते हुए समाधान कराया। इस दौरान 30 ग्रामीणों से सरकारी योजना व विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं की जानकारी देते हुए गहनता से जानकारी ली। शासन की ओर से पंचायतों में संचालित सभी योजना आवास पात्रता सूची, वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, आयुष्मान कार्ड, शौचालय आदि की विस्तृत जानकारी दी। पशु चिकित्सक डा.चन्द्रकांत सिंह ने पशुपालकों को सुझाव और सलाह देते हुए योजनाओं की जानकारी दी तथा पशु बीमा योजना पर बल दिया।इस मौके पर ग्राम प्रधान मंजू यादव,वीरेन्द्र यादव, सचिव सुनील कुमार कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। तेजपुरा ग्राम पंचायत कार्यालय पर सचिव मयंकधर राय ने 25 ग्रामीणों की समस्याएं सुन उसके निराकरण पर बल दिया। इस दौरान अविवाहित युवक-युवतियों सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले लोग समय से पंजीकरण कराकर सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह के कार्यक्रम में भाग ले। गांव में जन्म अथवा मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल सड़क, इंटरलॉकिंग निर्माण, नाली निर्माण, आवास इज्जत घर (शौचालय घर), मनरेगा तथा अन्य विभागों के संबंधित समस्याओं का निराकरण किया। इस मौके पर लेखपाल अजीत कुमार,प्रधान रामसुधार यादव आदि मौजूद रहे।



ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते अधिकारी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान

**बोले सत्य प्रकाश**

**राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरः सेवा की प्रेरणा देता है, सेवा राष्ट्र निर्माण में सहयोगी ..**

**राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को श्रेष्ठ नागरिक बनाता है**

जनसंदेश न्यूज



आत्मप्रकाश आदर्श पीजी कॉलेज अरसदपुर जंगीपुर में सफाई अभियान चलाते छात्र-छात्राएं।

**गाजीपुर।** आत्मप्रकाश आदर्श पीजी कॉलेज अरसदपुर जंगीपुर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कालेज प्रबंधक हरि नारायण सिंह यादव ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इससे छात्रों का चौमुखी विकास होता है।

छात्र छात्राओं में भी सामाजिक सहभागिता की भावना पैदा होती है। प्रबंध निदेशक सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ एक श्रेष्ठ नागरिक भी बनाती है।

स्वयंसेवक स्वयं की परवाह न करके जरूरतमंद की सहायता करता है। समाज को बुराईयों से लड़ने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य 'मैं नहीं आप' की बात करते हुए समाज में भाईचारे की भावना का प्रसार करने का संदेश दिया।

स्वच्छता, जल संरक्षण, साफ सफाई, महिला सुरक्षा आदि विषयों पर जागरूकता की बात की। उन्होंने स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा।

वहीं स्वयंसेवकों द्वारा संगीत और नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा. पूनम यादव, डा. सरिता, डा. संतोष सिंह, डा. मोती यादव, धर्मेंद्र यादव रहें। संचालन उपेंद्र यादव ने किया।

### मलिन बस्ती में चला सफाई अभियान

**जखनिया।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के फूलपुर बुढ़ानपुर स्थित सुखदेव किसान महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन दोनों इकाई के शिविरार्थियों ने हुसन पुर गांव स्थित पांच मुखी हनुमान जी मंदिर परिसर में साफ सफाई की और वहां उगी झाड़ियों को साफ किया। इसके पश्चात उन्होंने मलीन बस्ती की सफाई की और लोगों को छुआछूत, भेदभाव और ऊंच-नीच के बाबत जागरूक करके इन कुरीतियों को मिटाने के लिए जागरूकता रैली निकालकर अपील की और पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर पर सुंदरकांड का भी पाठ बच्चों के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रबंधक भुल्लन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थियों को समाज में सीखने का गुण प्राप्त होते हैं। उसी के बलबूते आगे बेहतर भविष्य का निर्माण होता है। शिविरार्थियों ने साफ सफाई और जागरूकता चलाकर एक मिसाल कायम की। कार्यक्रम अधिकारी डा. ज्योति सिंह, श्रीकांत मिश्रा, राधेश्याम जायसवाल, विनय भारती, रोशनी गिरी, लाल बहादुर गिरी, विजय शंकर गिरी आदि रहे।

# अन्नदाताओं की खुशहाली के लिए सरकार चला रही योजना

जनसंदेश न्यूज



मिजार्बाद में कृषकों को संबोधित करते उप कृषि निदेशक अतींद्र सिंह।

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के सरकारी कृषि बीज भंडार मिजार्बाद के प्रांगण में शुक्रवार को कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय कृषि गोष्ठीजान/कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में सैकड़ों स्थानीय किसानों से उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह, विभागीय योजनाएं ने देश के अन्नदाताओं को खुशहाल बनाने के लिए प्रधान मंत्री द्वारा किसानों के हित में चलाये जा रहे विविध कल्याणकारी योजनाएं,कृषि विषयक सब्सिडी, पशुपालन, उद्यान विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं, किसानों को राहत हेतु चलाये जा रहे के सी सी की मुख्य बातें,फसल बीमा,बीज शोधन और भूमि शोधन संबंधित बातें शेयर करते हुए कहा कि अन्नदाताओं के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जोर चलाये रहे हैं।

उनकी जानकारी किसानों को संबंधित कर्मचारियों से मिलकर करते रहने चाहिए। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र आंकुशपुर के कृषि वैज्ञानिक डा शशांक सिंह ने बताया का कद्दू के बीज का जमीर्नेशन सही लेने के लिए रोपण से पूर्व एक दिन पानी मे डालकर छोड़ देने चाहिए। मुख्य अतिथि रविकांत उपाध्याय ने कहा कि सरकार की सारे योजनाओं का लाभ किसानों को लेने चाहिए।

क्योंकि भारत किसानों का देश है। इस अवसर पर विनोद कुमार राय, जितेंद्र राय,दयानाथ कुशवाहा,बबन कुशवाहा,इंद्रासन राय मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन अशोक कुमार पाण्डेय अध्यक्षता रबिंद्र नाथ राय ने किया।

## जनसंपादकीय

# संसद का ठप रहना उचित नहीं

**आशीष वशिष्ठ**



संसद का मौजूदा बजट सत्र का पहला भाग हंगामे की भेंट चढ़ गया। उम्मीद थी कि होली के बाद बजट सत्र का दूसरा भाग लोकतांत्रिक ढंग से संचालित हो पाएगा। लेकिन फिलवक्त बजट सत्र के दूसरे भाग का हश्र भी पहले भाग जैसा होता दिख रहा है। पिछले कई वर्षों से संसद का सत्र शुरू तो बड़ी गर्मजोशी के साथ होता है मगर खत्म जनता के पैसे की बबार्दी के साथ होता है। बजट के पहले सत्र में कांग्रेस समेत विपक्ष के कई दलों ने अडाणी मामले को लेकर संसद का काम ठप किया। तो वहीं दूसरे भाग में विपक्ष अडाणी मामले पर जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के गठन की मांग को लेकर अड़ा है। तो वहीं सत्ताा पक्ष के हाथ भी विपक्ष को घेरने का मुद्दा लग गया है। दरअसल, हाल ही में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उन्हीं से सत्ता पक्ष विपक्ष पर हमलावर है।

राहुल गांधी ने ब्रिटेन में भारत में लोकतंत्र को खतरे में बताते हुए कहा था कि संसद में उनको बोलने नहीं दिया जाता। इसे लेकर सत्ता पक्ष का कहना है कि श्री गांधी ने लोकतंत्र के साथ देश का भी अपमान किया है इसलिए उनको क्षमा याचना करना चाहिए जिस पर कांग्रेस का पलटवार है कि विदेशों में राष्ट्रीय मुद्दों पर आलोचना की शुरूआत खुद प्रधानमंत्री ने की इसलिए वे माफी मांगें।

दोनों तरफ से तलवारें खींची हुई हैं। सत्ताधारी योद्धा झुकने को राजी हैं और न ही विपक्ष के महारथी। बजट सत्र में बजट पर चर्चा को छोड़कर बाकी सब हो रहा है। मोदी सरकार के इस कार्यकाल का यह अंतिम पूर्ण बजट है। अगले वित्त वर्ष का बजट 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद बनने वाली सरकार द्वारा पेश किया जावेगा। चुनावी वर्ष के मद्देनजर सत्तापक्ष ने बजट को लोक लुभावन बनाने की कोशिश की जबकि विपक्ष ने शुरूआती प्रतिक्रिया में ही उसे जनविरोधी बता दिया था। बजट का विस्तृत अध्ययन करने सत्र के बीच अवकाश भी दिया गया किंतु दूसरा चरण शुरू हुए तीन दिन बीत जाने पर भी इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार करने की जरूरत किसी को महसूस नहीं हो रही।

डा. लोहिया आम जनता को मुल्क के मालिकों कहकर संबोधित किया करते थे किंतु आजकल इस संबोधन को हमारे सांसदों ने एक तरह से चुरा लिया है और जनता की जगह वे खुद को देश का मालिक समझ बैठे हैं। तभी तो सदन में हंगामा करते हुए लोकतंत्र का मजाक बनाने के बाद भी वे जनता के बीच जाने से नहीं डरते। ये स्थिति वाकई शोचनीय है। जब सदन को चलना ही नहीं है तब उसके संचालन पर प्रतिदिन करोड़ों का खर्च क्यों किया जाए ये सवाल उठना स्वाभाविक है। विदेश में जाकर लोकतंत्र का अपमान तो बाद के बात है लेकिन हमारे सांसद लोकतंत्र के मंदिर में बैठकर जिस उद्दंडता और अशालीनता का परिचय दे रहे हैं वह ज्यादा बड़ा अपमान है।

संसद में एक घंटे की कार्यवाही पर कितना खर्च होता है। करीब 1.5 करोड़ रुपया यानि हर मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपया। ऐसे में स्वयं इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि संसद के दोनों सदनों में होने वाले बॉयकाट और हंगामे से जनता का कितना पैसा बर्बाद हो जाता है। मोटे तौर पर देखा जाए तो संसद में सालभर के तीन सत्रों में छह से सात काम के होते हैं। इनमें भी अगर अवकाश और सप्ताहांत के दिनों को निकाल दें तो दो से तीन महीने और कम हो जाते हैं। इस लिहाज से सालभर में वास्तविक काम के दिन 70-80 ही होते हैं. लेकिन इतने दिन भी संसद चल नहीं पातीं 1982 ही एकमात्र ऐसा साल था जब हमारी संसद 80 दिन चल पाई थी। संसदीय आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2016 के शीत कालीन सत्र के दौरान करीब 92 घंटे व्यवधान की वजह से बर्बाद हो गए थे। इस दौरान करीब 144 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था, जिसमें 138 करोड़ रुपये संसद चलाने का खर्च और 6 करोड़ रुपये सांसदों के वेतन, भत्ते और आवास का खर्च शामिल है।

पिछले कुछ वर्षों के बजट सत्रों से तुलना की जाए तो आमतौर पर बजट सत्र में बजट पर चर्चा के लिए निर्धारित घंटों के करीब 20 फीसद या 33 घंटे बहस होती है। वर्ष 2018 के बजट सत्र में कुल 21 प्रतिशत (लोकसभा) और 31 प्रतिशत (राज्यसभा) में काम हुआ। आंकड़ों के मुताबिक 2010 का शीतकालीन सत्र प्रोडक्टिविटी के लिहाज से सबसे खराब सत्र रहा था। इसके बाद 2013 और 2016 के संसद सत्रों का नंबर आता है। 2010-2014 के बीच संसद के 900 घंटे बर्बाद हुए, तो सोचिए कितना पैसा बर्बाद हुआ होगा।

इस सब पर विडंबना यह है कि विपक्ष हो या फिर सरकार किसी को भी चिंता नहीं है कि देश की जनता का पैसा किस तरह बर्बाद किए जा रहे हैं। जब यूपीए की सरकार थी तब बीजेपी ने संसद की कार्यवाही चलने नहीं दी और अब वहीं काम कांग्रेस और विपक्ष कर रहा है। प्रश्न यही है कि देश की जनता का इतना फिक्र करने वाली राजनीतिक पार्टियां इतनी आसानी से जनता का पैसा कैसे बर्बाद कर देती हैं? संसद में हंगामा और उसे ठप कर देना तो हमारे देश के राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली का हिस्सा और परंपरा बन गया है।

सदन में जारी हंगामे को देखकर अब जनता भी परेशान हो चुकी है और वह चाहती है कि उनका पैसा बर्बाद ना हो और सभी पार्टियों के नेता सदन की कार्रवाई में शांति से भाग ले। सदन अपने नियमों और गरिमा के साथ चले जिससे उसे देखने वाली जनता का नेताओं पर विश्वास बना रहें। सदन में हंगामा करने से नेता अपनी खुद की प्रतिष्ठा खो रहे हैं। तमाम दलों के नेता वेल तक पहुंच जा रहे हैं और स्पीकर पर पेपर फेंकते हैं। सदन में उपस्थित सभी नेताओं को माननीय कहकर पुकारा जाता है लेकिन सदन में हो रहे बर्ताव को देखते हुए क्या उन्हें माननीय कहना ठीक है?

माननीयों के इसी आचरण के चलते आम जनता अक्सर संसद की कार्यवाही और गंभीरता से ध्यान नहीं देती। लेकिन, यह एक बड़ा मुद्दा है। जनता को अब सोचने की जरूरत है कि उनके चुने हुए नेता उनकी बातें, समस्या का हल निकाल पर रहे हैं या नहीं। जनता के चुने हुए नेता उनकी बातें संसद में उठा पा रहे हैं या नहीं। संसद का कोई भी सत्र होगा, वो आम आदमी के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। यहीं पर आम जनता के खाने से लेकर जिंदगी जीने तक सभी बातों का मोल लगाया जाता है। सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयक पर विपक्षी दलों का हंगामा करना आम जनता के लिए अच्छी बात नहीं है। संसद में आम जनता के भलाई के लिए फैसले लिए जाते हैं। लेकिन हर बार विपक्षी दलों को का हंगामा करते हुए कार्रवाई को स्थगित करना आम जनता के लिए ही नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसलिए अब जनता को ही बड़े सोच विचार करते हुए अपने नेता का चुनाव करना होगा ताकि उनकी जेब और ढीली ना हो।

अडाणी मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जांच समिति बना दिए जाने के बाद अडानी मामले में जेपीसी गठन की मांग का कोई औचित्य नहीं रह गया है। दूसरी तरफ राहुल गांधी भी माफी मांगेंगे इसकी संभावना न के बराबर है। ऐसे में देश की जनता के लिए चिंता का विषय है कि उससे जुड़ी समस्याओं एवं राष्ट्रीय महत्व के शेष विषयों पर विचार इस सत्र में होगा भी या नहीं? संसद में हर रोज होने वाले हंगामे से देश के ज्यादातर लोग निराश हैं। सियासी बयानबाजियों के बीच आखिर संसद में काम कब होगा, कोई नहीं जानता।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क-99 3624 7777)**

## अपने सम्मान में

ऐसा नही है कि मैं यकीन करता हूँ/ कि लोगों यह प्रतिमा मेरे सम्मान में/ बनायी है
तुम्हारी तरह मुझे भी मालूम है कि मैंने/ इसे बनाने का आदेश दिया था
मैं जानता हूँ कि लोग एक दिन इसे/ नष्ट कर देंगे
मैंने जीते जी अपना स्मारक बनाने की/ कोशिश की जो तुम मेरे मरने के बाद/ नहीं बनाओगे
बल्कि मैंने इसे बनवाया यह जानते हुए/ कि तुम इससे नफरत करते हो ।

**(निकारागुआ के कवि अर्नेस्टो कार्डिनाल की यह कविता बहुत याद आती है। सोमोजा निकारागुआ का तानाशाह था जिसने जीते जी अपनी प्रतिमा बनवायी थी और खुद उस प्रतिमा का अनावरण किया था )**

**(भारतीय जन नाट्य संघ यानी इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 17,18 और 19 मार्च को झारखंड के डालटनगंज में हो रहा है। जहां इप्टा से जुड़े हुए देश भर के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस सम्मेलन से पहले हमें इप्टा का इंकलाबी इतिहास और विरासत को जानना बेहद जरूरी है। इप्टा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है ? किस तरह से ये राष्ट्रव्यापी संगठन अस्तित्व में आया ? निरंजन सेन, इप्टा के दूसरे राष्ट्रीय महासचिव थे। जिन्होंने इस संगठन के राष्ट्रीय महासचिव की ज़िम्मेदारी तकरीबन बीस साल तक संभाली। उन्होंने साल 1946 से लेकर 1964 एक लंबे समय तक इप्टा का नेतृत्व किया। इप्टा से जुड़े हुए उनके अनुभव और लंबा इंटरव्यू एक किताब 'इप्टा की अनकही कहानियां' के जरिए जल्द ही पाठकों के सामने आ रहा है। जिसका संपादन मित्रा सेन मजूमदार, कामरेड दिलीप चक्रवर्ती और जाहिद खान ने किया है। प्रस्तुत है इस महत्वपूर्ण किताब से निरंजन सेन के विचार, जो हमें इप्टा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बतलाते हैं।)**

### इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन आज से, भारत के मेहनती लोगों की जयकार उनके संगीत में गूंजे

# संघर्ष और स्वप्न का दूसरा नाम 'इप्टा'

**जनमंच**

**निरंजन सेन**



बंबई में ख़्वाजा अहमद अब्बास, जसवंत ठक्कर और अली सरदार जाफरी जो कि फासीवाद विरोधी प्रगतिशील लेखक संघ के संगठक थे, साल 1943 के शुरूआती दौर में दिल्ली आए और उन्होंने 'ये किसका खून' का मंचन किया। इस नाटक को अली सरदार जाफरी ने ही लिखा था और निर्देशन अनिल डि सिल्वा ने किया था। यह 1943 के मार्च महीने की बात थी। यह सही है कि जब इस नाटक का मंचन मुंबई में किया गया था, उसी वक्त पहली मर्तबा 'जन नाट्य' की धारा भारत के सांस्कृतिक दुनिया में उभर कर आई। यह समझना जरूरी नहीं है कि जन नाट्य आंदोलन का बहाव किस ओर था, बल्कि यह बात जानना महत्वपूर्ण है कि देश के लाखों लोगों की समस्याओं, संघर्ष, उत्साह और सपनों से जन नाट्य आंदोलन के बीज का अंकुरण हुआ था। 1942 में लाखों दर्शक इन नाटकों को देखने आए थे। जिसमें प्रमुख थे-शामलकर द्वारा लिखा मराठी नाटक 'दादा'। जिसका निर्देशन डीएन गावनकर ने किया था। गुजराती नाटक 'नर्मदा' और 'अग्गाढ़ी'। जिसे लिखा था सीसी मेहता और निर्देशन किया था जसवंत ठक्कर ने।

जून 1943 में मुंबई में कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों में काम कर रहे भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक दल इकट्ठे हुए। दिल्ली से म्यूजिक का एक छोटा सा ग्रुप और पंजाब से स्टूडेंट के एक ग्रुप ने हिस्सा लिया। जिसका नेतृत्व पेरिन भरूचा (पेरिन रमेश चन्द्र) ने किया था, जो खुद्र उस वक्त स्टुडेंट थे। राजेन्द्र रघुवंशी जो आगरा के थे, उन्होंने उत्तर प्रदेश की टुकड़ी का नेतृत्व किया। हम सब ने मुंबई तक एक ही ट्रेन में सफर किया और सारे रास्ते गाते-बजाते आए। हमें मालूम नहीं था कि मुंबई में हमारे लिए कौन सी रौशनी इंतजार कर रही थी। अनगिनत युवा, उभरते लेखक, गायक, संगीतकार और कलाकारों का हुजूम जो देश के कोने-कोने से, खेत-खलिहानों, श्रमिक संगठनों, गांवों से लोक कलाकार, कई नामी-गिरामी कलाकार, शहरों से लेखक और नाट्यकर्मी आए हुए थे। सभी टुकड़ियां कई दिनों तक अपनी कला का प्रदर्शन करती रहीं। इस आयोजन में देशभक्ति की कविताएं, फासीवाद विरोधी जनगीत और लोकगीत पढ़े और गाये गए। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही मनोग्राही और अनुप्राणित करने वाले थे। सभी अनजाने कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन मिशनरी उत्साह के साथ कर रहे थे। भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से आए साथी विभिन्न भाषाओं में अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर रहे थे। मसलन ''एक सूत्र बांधा आछे' गीत जिसे देबव्रत विश्वास ने बांग्ला भाषा में पेश किया। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि कलाकारों का यह जमावाड़ा चाहे उसमें प्रसिद्ध हो, अंजान हो या फिर लोक कलाकार, वे सभी एक सूत्र में बंध चुके थे। जिनका आदर्श, लक्ष्य और समझ एक ही थी। वे एक बड़े परिवार के सदस्य थे। मेरे जैसे अनेक साथी जो पिछड़े इलाकों से आए थे, वे सही मायनों में यह पहला उत्सव जिसमें देश के कोने-कोने से आए कलाकारों की शिरकत को देखकर, अभिभूत हो गए थे। और यही वजह थी कि सुंदरीबाई हॉल, मुंबई में यह सारे लोग मौजूद थे। उन्होंने इस अधिवेशन में हिस्सा लिया।

स्थापना दिवस पर आए सभी साथियों की मनोस्थिति,जो भावनाएं मेरे मन में उमड़ रही हैं, उससे कई गुना ज्यादा थीं। उस समय इतने तरह के अलग-अलग प्रदर्शन हुए थे। उनमें से कुछ प्रमुख हैं, जैसे बंगाल ग्रुप के बिनय राय द्वारा प्रस्तुत किया गया बहुत ही संवेदनशील और फासीवाद विरोधी गीत ''हई हई जापान ऐई आइलो तड़ित, बार होव गाँएर गोरिल्ला जवान'' और इसके अलावा वह गीत जो कहता है कि मालाबार क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकानेवाले अंग्रेजों को बाहर करो। ''फिराया दे दे दे मोदेर कायुम शहीदेरे।'' इस देशभक्ति गीत में बिनय राय के गाने का अंदाज और उनकी आवाज में सोज और आग दोनों लाजवाब होती थी। देबव्रत विश्वास (जार्ज विश्वास) के द्वारा रबीन्द्र संगीत गाने का अंदाज गीतों को एक अलग ही गति देता था। मैं कलकत्ता के दिनों से ही जार्ज से वाकिफ था। पर बिनय, सुजाता दी, भूपति और अन्य लोगों से यह मेरी पहली मुलाकात थी। क्रांतिकारी युवा लेखक सुभाष मुखोपाध्याय मेरे पूर्व परिचित थे। जिनका लिखा, ''बज्र कंडे तोलो आवाज' गीत बंगाल ग्रुप ने इस उत्सव में गाया था।

नजीर, जो आंध्र प्रदेश के किसान गायक थे, उनकी बुर्रा कथा, जो कि आंध्र प्रदेश की एक नामी लोकगाथा है, उनके प्रदर्शन का अंदाज और आवाज हम दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती थी। बुर्रा कथा प्रस्तुत करने की उनकी तकनीक बहुत ही साधारण, पर दमदार थी। जिसमें वे एक वाद्य यंत्र हाथ में लिए, हल्का मेकअप और वेशभूषा के साथ अपने नाट्यकर्मियों के साथ, जिनमें कुछ गाते और कुछ ढपली बजाते थे। उनके ये साथी मंच पर समूह गान में नजीर का साथ देते थे। नजीर, बुर्रा कथा को छंद और नृत्य की मुद्रा में प्रस्तुत करते थे। इन बुर्रा कथाओं में सोवियत यूनियन की हिटलर के खिलाफ जंग की गाथा थी, तो एक और गाथा आंध्र प्रदेश वासियों के रोजाना के संग्राम को बयान करती थी। इसे बहुत मकबूलियत हासिल थी। जिसे शंकरा सत्य नारायण ने लिखा था, जो खुद्र एक किसान थे। उन्होंने पढ़ना-लिखना जेल़ कारावास में सीखा था। यह कथा उन्होंने साल 1930 में लिखी थी। अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने की वजह से उन्हें जेल़ में डाल दिया गया था। जेल़ में ही उन्होंने इसे लिखा था। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के कलाकारों ने 'टुन-टुन', 'मेडिसन मैन' आदि कई लोक कलाओं का प्रदर्शन भी किया था। इनकी पेशकश और कला प्रदर्शन का अंदाज इतना शानदार था कि उन्हें समझने में भाषा ने कोई अड़चन नहीं डाली। आंध्र प्रदेश के ग्रुप का नेतृत्व डॉ. जी राजाराव कर रहे थे। जो पेशे से चिकित्सक थे, पर उन्होंने अपना पेशा छोड़कर, अपने आप को पूरी तरह इप्टा के गठन के लिए समर्पित कर दिया था। वे एक अच्छे कलाकार और गायक थे।









गुजरात से आए ग्रुप ने 'गरबा' नृत्य का प्रदर्शन किया था। जबकि 'मुम्बई जन नाट्य संघ' में उस समय हिंदी, मराठी और गुजराती भाषी शामिल थे। 'मुम्बई जन नाट्य संघ' ने डीएन गावनकर द्वारा निर्देशित 'पोवाड़ा' और 'तमाशा' का प्रदर्शन किया। जिसमें उनके प्रमुख साथी थे अण्णा भाऊ साठे और अमर शेख। इसके अलावा अन्य प्रदेशों से छोटे-छोटे ग्रुपों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। दिल्ली का नेतृत्व मैंने किया। साल 1942 और 1943 के दरमियान हमने जो समूह गीत लिखे थे, उन्हें प्रस्तुत किया। इस अधिवेशन में हिस्सा लेकर, हमने बहुत कुछ सीखा। अनेक अनुभवों का आत्मसात किया। दूसरे प्रदेशों की आधुनिक कला से भी हमने बहुत कुछ सीखा। इस उत्सव के संगठनकताओं में अहम रहे-एक प्रगतिशील व्यक्तित्व जसवंत ठक्कर, प्रगतिशील लेखक संघ के लीडर अली सरदार जाफरी, ख़्वाजा अहमद अब्बास, अनिल डि सिल्वा, डीएन गावनकर, मामा फानालकर और दीगर। हमें इन शख़्सियात से जो प्यार, मुहब्बत और अपनापन मिला, वह मैं कभी नहीं भूल सकता। हमारे कामरेड साथियों की आपसी भाईचारे की गर्माहट कभी ठंडी नहीं हुई। हमने आपस में विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा गीतों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद कर, उन गीतों के गाने की प्रेक्टिस की जाती थी। ताकि हर प्रदेश में उनकी अपनी भाषा में गाये जाएं।

अधिवेशन के आखिरी दिन सभी प्रतिनिधि और प्रतिभागी जो भिन्न राज्यों से आए थे, सुंदरीबाई हॉल में इकट्ठे हुए। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध नाटककार मामा वारेकर, लेखक और दानिश्वर डॉ. मुल्कराज आनंद, ख़्वाजा अहमद अब्बास, एटक के अध्यक्ष कामरेड एनएम जोशी, किसान सभा संघ के नेता सुमति सुहानी आम्बेडकर, कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव पीसी जोशी और इसके अलावा अनेक प्रसिद्ध लेखक और बुद्धिजीवी बड़ी तादाद में मौजूद थे। तमाम बहस-मुबाहिसों और विचार-विमर्श के बाद, एक संगठन की स्थापना करने की सहमति हुई। जिसका संगठन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया और इस तरह 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा की स्थापना हुई। वहां यह भी तय हुआ कि देश के विभिन्न राज्यों में जो भी इकाईयां स्वतंत्र रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रही हैं, उनका इप्टा में विलय कर दिया जाए। गांव, कारखानों और शहरों से जो भी लेखक, गायक, नाट्यकर्मी और संगीतकार उभर कर आ रहे हैं, उनको इप्टा में शामिल किए जाने के संभाव्य उपाय की खोज की जाए।

संक्षेप में इप्टा का पहला अधिवेशन ब्रिटिश हुकूमत, जमींदार प्रथा और फासिस्ट विरोधी आंदोलन को गतिशील बनाने का माध्यम था। जिसके लिए हमारे देश के हर बुद्धिजीवी चाहे वे प्रगतिशील लेखक हों, नाट्यकर्मी या संगीतकार हों, हमेशा प्रयत्नशील रहे हैं। लेखक, चित्रकार, संगीतकार, नृत्य शिल्पी, नाट्यकर्मी और तमाम तकनीकि कर्मियों ने इस गवेषणा में अपने आप को पूरी तरह से समर्पित कर दिया। ताकि देश में उभर रही जमींदार प्रथा और फासीवाद के खिलाफ आम लोगों का इन मुद्दों के प्रति एक नजरिया और राय बने। हमें कला के नये-नये क्षेत्रों को खोज निकालना था। ताकि इप्टा, आम जनता के संघर्ष और उनके स्वप्नों को साकार करने, विदेशी शासन से मुक्ति और लोकतंत्र कायम करने के आंदोलन को आगे बढ़ा सके। इन सभी मुद्दों का जहां समर्थन किया गया, वहीं जोरदार तालियों और जोश के साथ स्वागत किया गया। शाम को गिरनी कामगार मैदान में एक सामूहिक रैली निकाली गई। जिसमें मुम्बई और आसपास के इलाकों से हजारों की तादाद में श्रमिक वर्ग और अन्य वर्ग के लोग शामिल हुए। महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा जिसमें प्रमुख थे अण्णा भाऊ साठे, अमर शेख, जिनका नेतृत्व डीएन गावनकर कर रहे थे। इस टोली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें 'तमाशा', 'पोवड़ा' और 'लावणी' मुख्य थे। इसके अलावा 'दादा' नाटक का मंचन किया गया। जिसमें कपड़ा मिलों में काम करने वाले श्रमिकों के जीवन को दशार्या गया था। इस नाटक का निर्देशन डीएन गावनकर ने किया था ।


हजारों-हजार की तादाद में उपस्थित लोगों ने इप्टा और अखिल भारतीय समिति की स्थापना का स्वागत नारेबाजी से किया। इस प्रकार इप्टा का जन्म हुआ और सर्व भारतीय स्तर पर इस आंदोलन को एक रूप और गति देने का यह एक बड़ा प्रयास था। इप्टा की बुनियादी कोशिश रही, समूह गान और एक्शन ऑपेरा, जो लोकगाथाओं पर आधारित हों। उनका विकास करना, उन्हें आगे लाना। ताकि आम लोग उन्हें आसानी से समझ पाएं। इप्टा के समूह गान, लोगों को जहां अपनी ओर बरबस ही आकर्षित और मंत्रमुग्ध करते थे, वहीं ये प्रेरणादायक भी थे। हम सभी प्रतिनिधि जो देश के विभिन्न प्रदेशों से आए थे, इप्टा के इस संदेश और एक नई प्रतिबद्धता को तैयार करने के संकल्प के साथ इसे कश्मीर से कन्याकुमारी, पहाड़ों से मैदान तक फैलाने का जज्बा लिए, अपने-अपने प्रदेशों में लौट आए। हमारा सिद्धांत था-''जनता की थिएटर जनता है।' और ''भारतवर्ष के मेहनती लोगों की जयकार उनके संगीत में गूंजे।''

**(प्रस्तुति–मित्रा सेन मजूमदार और जाहिद खान, मोबाइल 94254 89944)**

# अनिद्रा का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर

**प्रसंगवश**

**अरविंद जयतिलक**



आज निद्रा दिवस है। पर्याप्त निद्रा स्वास्थ्य व सेहत के लिए आवश्यक है। अभी गत वर्ष ही फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टेजलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं। जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ कि देश की राजधानी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्कों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया है कि जो लोग रात सात से आठ घंटे सोते थे उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसका यादाश्त कमजोर पड़ने लगता है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रुप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में 5.7 करोड़, चीन में 5.5 करोड़, बांग्लादेश में 63.9 लाख, इंडोनेशिया में 91.6 लाख, म्यांमार में 19.1 लाख, श्रीलंका में 8 लाख, थाइलैंड में 28.8 लाख तथा आस्टेजलिया में 13.1 लाख अवसाद से ग्रसित लोग हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2015 में भारत में करीब 3.8 करोड़ लोग चिंता जैसी समस्या से ग्रसित हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अवसाद सबसे ज्यादा पाया गया है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही पिछले दिनों केंद्र सरकार ने संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक 2016 पर मुहर लगायी जिसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान किया गया है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। और भारत ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागतयोग्य पहल तेज कर दी है। इस पहल से अवसाद से ग्रसित मरीजों के अधिकारों की तो रक्षा होगी ही साथ ही मानसिक रोग को नए सिरे से परिभाषित करने में भी मदद मिलेगी। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो मनोभावों संबंधी दुख है और इस अवस्था में कोई भी व्यक्ति स्वयं का लाचार व निराश महसूस करता है। इस स्थिति से प्रभावित व्यक्ति के लिए सुख, शांति, प्रसन्नता और सफलता को कोई मायने नहीं रह जाता है। वह निराशा, तनाव और अशांति के भंवर में फंस जाता है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अवसाद के लिए भौतिक कारक भी जिम्मेदार हैं। इनमें कुपोषण, आनुवंशिकता, हार्मोन, मौसम, तनाव, बीमारी, नशा, अप्रिय स्थितियों से लंबे समय तक गुजरना इत्यादि प्रमुख है। इसके अतिरिक्त अवसाद के 90 प्रतिशत रोगियों में नींद की समस्या होती है। अवसाद के लिए व्यक्ति की सोच की बुनावट और व्यक्तित्व भी काफी हद तक जिम्मेदार है। अवसाद अकसर दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर्स की कमी के कारण भी होता है। यह एक प्रकार का रसायन होता है जो दिमाग और शरीर के विभिन्न हिस्सों में तारतम्य स्थापित करता है। इसकी कमी से शरीर की संचार व्यवस्था में कमी आती है और व्यक्ति में अवसाद के लक्षण उभर आते हैं। फिर अवसादग्रस्त व्यक्ति निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करता है और उसमें आलस्य, अरुचि, चिड़चिड़ापन इत्यादि बढ़ जाता है और इसकी अधिकता के कारण रोगी आत्महत्या तक कर लेता है। मनोचिकित्सकों की मानें तो जब लोगों में तीव्र अवसाद के मौके आते हैं तो उनमें आत्महत्या के विचार भी पनपते हैं। ऐसे हालात में परिवार की भूमिका बढ़ जाती है। परिवार की जिम्मेदारी बनती है कि वह रोगी को अकेला न छोड़े और न ही उसकी आलोचना करे। बल्कि इसके उलट उसकी अभिरुचियों को प्रोत्साहित कर उसमें आत्मविश्वास जगाए। अवसादग्रस्त व्यक्ति के प्रति हमदर्दी दिखाए और उसकी बात को ध्यान से सुने। अवसादग्रस्त व्यक्ति को बोलने के लिए और उसकी भावनाओं को साझा करने के लिए प्रेरित करे। अवसादग्रस्त व्यक्ति को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर उसमें सकारात्मक भाव पैदा करे। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि यदि कोई व्यक्ति लगातार सकारात्मक सोच का अभ्यास करता है तो वह अवसाद से बाहर निकल सकता है। अकसर देखा जाता है कि ज्यादतर समय अवसाद छिपा हुआ रहता है क्योंकि इससे ग्रस्त व्यक्ति इस बारे में बात करने से हिचकता है। अवसाद से जुड़ी शर्म की भावना ही इसके इलाज में सबसे बड़ी बाधा है। पिछले कुछ समय से अवसाद से बाहर निकलने में योग की भूमिका प्रभावी सिद्ध हो रही है। योग को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अवसाद के इलाज में कई किस्मों की साइकोथेरेपी भी मददगार सिद्ध हो रही है। लेकिन सबसे अधिक आवश्यकता अवसादग्रस्त लोगों के साथ घुल-मिलकर उनमें आत्मविश्वास पैदा करने की है। अगर अवसाद की गंभीरता पर ध्यान नहीं दिया गया तो 2020 तक अवसाद दुनिया में सबसे बड़ी मानसिक बीमारी का रुप धारण कर सकती है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें जिससे कि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरुकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**व्यंग्य**



## लोकतंत्र की मजबूती और मजबूरी

**संजीव जायसवाल 'संजय'**

वे खिन्न थे। उनकी खिन्नता के वाजिब कारण भी थे। जब से मंत्री बने हैं पूरे सूबे में उनकी धाक है। जिन हाकिम-हुक्कामों के सामने दुम हिलाने में भी कलेजा कांपता था उनकी दुमें अब उनके हाथ में थी। मगर उनकी दुम! सोचते हैं तो कलेजे में हूक सी उठती है। कायदे से एक बार चुनाव जीतने के बाद दोबारा उस क्षेत्र से चुनाव लड़ने पर कानूनन प्रतिबंध होना चाहिए। तभी क्षेत्रवाद से मुक्ति मिलेगी और भाई-भतीजावाद से परे हट नेता पूरे सूबे के समावेशी विकास के बारे में सोच सकेगा। मगर वाह रे लोकतंत्र! चाहे जितना उंचे उठ जाओ अपने क्षेत्र के टुकाचियों के आगे भी नाक रगड़नी ही पड़ती है। टके के तीन सेर बिकने वाले भी ऐसा भाव खाएंगे मानो उनके ही वोट के दम पद मंत्रीपद मिला है।

मांगे सुरसा की तरह बढ़ती ही रहती हैं। एक काम करवाओ नहीं कि दूसरा करवाने का हुक्म दाग देगें। अगर दूसरों की मांगे पूरी करो तो अपनी मांगे भी पूरी होती हैं, काम करो तो दाम की गारंटी। मगर ये अपने? काम कराने राजधानी आ धमकें तो रहने और खाने का इंतजाम पल्ले से करो। नखरे इतने कि पूछो मत। मंत्री न हुए इनके सुख-चैन के संत्री हो गए। चूक हुई नहीं कि बिदक जाने की धमकी। दुनिया भले आपकी चरण वंदना करे मगर इनकी चरण-वंदना आपकी नियति है। वे लोकतंत्र को कोस ही रहे थे कि खबर आयी कि 'विधायक निधि' दो करोड़ से बढ़कर पांच करोड़ सालाना हो गई है।' कलेजा जुड़ा गया। सारे सपने अब सच हो जाएंगे। निधि की प्रयोग विधि और विधि की सुधि लेने में उन्हें पारंगता हासिल थी। वे सपने संजो ही रहे थे कि तभी पी.ए. ने आकर गुब्बारे में सूई चुभोई, 'सर, अलाने गांव के प्रधान फलाने प्रसाद जी अपने स्कूल के लिए चंदा लेने आए हैं।'

'बाजार लगी नहीं कि गिरहकट हाजिर' उन्होंने दांत पीसे लेकिन प्रकटतः उन्हें बुला खींसे निपारीं,''आपका आदेश सिर आंखो पर। लीजिए ग्यारह हजार का चेक हाजिर है।'

'हें...हें...हें...मेरी ग्राम सभा से आप 3254 वोट से जीते थे। उन्हीं वोटरों के बच्चे हमारे स्कूल में पढ़ रहे हैं'' कह प्रधान जी ने उनके चेहरे पर अपने हथियार का प्रभाव देखा फिर बोले.' हें...हें...हें...विधायक निधि पांच करोड़ हो गई है। चालीस परसेंट का एक परसेंट...मतलब...दो लाख तो क्षेत्र के विकास हेतु दान कर ही दीजिए। बड़ा पुण्य मिलेगा...हें...हें...हें...।'

'ब्लैकमेल कर रहा है। इसके पंचायत निधि की जांच करवानी ही होगी' उनका मंत्रित्व जाग उठा किंतु किसी अभिनेता की भांति होंठों को गोल कर मुस्कराए,ह्वकैसा चालिस परसेंट? मैं तो निस्वार्थ सेवा वाला इंसान हूं। खैर, ये सब छोड़िए और बताइए मनरेगा में कैसा काम चल रहा है?'

'फंड की कमी है', प्रधान जी ने सांस खींची फिर वे भी हल्का सा मुस्कराए,'ढमाके लाल जी आए थे। वादा कर रहे थे कि अगली बार वो जीते तो फंड बढ़वा देंगें.अगले ने मंत्री जी का वार न केवल भोथरा कर दिया बल्कि 'बूमरैंग' कर उन्हीं पर दे मारा था। ढमाके लाल महज 1740 वोटों से हारा था। अगर ये खुराफाती पाला बदल गया तो अगली बार विधायकी ही उड़न-छू हो जाएगी। अतः फौरन लोमड़ी सा पैंतरा बदला,ह्वहें...हें...हें...फंड की चिंता न करें। मैं बढ़वा दूंगा और ये लीजिए पच्चीस हजार का चंदा। कोई और काम हो तो बताइएगा। आप लोगों की सेवा करने में बहुत आनंद आता है।'

शेर की मूंछ का बाल कुतरने में चूहे को जितना आनंद आया होगा कुछ वैसा ही आनंद प्रधान जी को आया। वोटरों को एकजुट रखने का आश्वासन देकर वे लौट पड़े। 'दुनिया में सभी का कोई न कोई बाप होता है' कहावत ही परम सत्य है। मंत्री जी ने सांस भरते हुए एक भद्दी सी गाली हवा में उछाली फिर लोकतंत्र को मजबूत करने चल दिये।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# हड़ताल के चलते विद्युत आपूर्ति ठप



अतरौलिया विद्युत उपकेंद्र पर व्यवस्था संभालते वैकल्पिक कर्मचारी

**राहत**

### एसडीएम ने जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का दिया निर्देश

**आजमगढ़।** जनपद में विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण कई विद्युत उपकेंद्रों की आपूर्ति चरमरा गयी है। विद्युत आपूर्ति न होने से लोगों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतरौलिया संवाददाता के अनुसार बिजली कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से नगर पंचायत व आसपास के क्षेत्रों में बिजली का संकट गहराता जा रहा है जिसे गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी नवीन प्रसाद द्वारा लगातार विद्युत उपकेन्द्र का दौरा कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की कोशिश की जा रही है। विद्युत उपकेंद्र पर सुबह से ही एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व कर्मी तथा पुलिस कर्मी मौजूद है। एसडीएम नवीन प्रसाद ने बताया कि बिजली की बड़ी समस्या है इसके लिए मेरे द्वारा वैकल्पिक रूप से व्यवस्था की जा रही है। जो आउटसोर्सिंग की व्यवस्था है उनके प्रोवाइडर से मेरी बात हुई है कि इसके लिए हमें अतिरिक्त व रिजर्व कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। मौके पर ड्यूटी में तैनात एसएसओ राजेश कुमार वर्मा यहां पर लगातार ड्यूटी में रहे हैं। कर्मचारी जो पॉलिटेक्निक से लगाए गए हैं उनको चेक किया गया है जो अनुपस्थित हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संविदा कर्मचारियों की लापरवाही पर बोले की इसकी अभी पुष्ट जानकारी नहीं है जांच कराई जा रही है जो भी इसमें दोषी पाए जायेंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी । वहीं नगर पंचायत क्षेत्र में 2 से 3 घंटे के अंदर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था वैकल्पिक रूप से चालू करा दी जाएगी। फूलपुर संवाददाता के अनुसार एसडीएम, थाना प्रभारी अनिल सिह पुलिस बल के साथ बिद्युत सब स्टेशनों की निगरानी तेज कर दी है। सब स्टेशनों पर पुलिस बल 24 घण्टे के लिए तैनात कर दिया गया है। ग्रामीण अंचल में होने वाली बिद्युत आपूर्ति बाधित है। वहीं सब स्टेसन सुदनीपुर से टाउन सहित सम्बन्धित फीडरों की बिद्युत आपूर्ति अनवरत जारी है। एसडीएम नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि अन्य बिद्युत स्टेशनों से आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। जहां से आपूर्ति चल रही है वहां की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। ब्यवधान उतपन्न करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## बिजली कर्मियों की हड़ताल का दिखा व्यापक असर



धरने को सम्बोधित करते वक्ता



धरने पर बैठे व्यापारियों को समझाती पुलिस

**आजमगढ़।** बिजली कर्मियों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। शहर से लेकर गांव की तक बिजली न आने से लोगो को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गुरुवार की रात से बिजली कर्मचारी हड़ताल है। सिधारी हाइडिल पर अपनी मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी है। धरने को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर 16 मार्च की रात से शुरू हुई हड़ताल का प्रदेश की बिजली व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा। उत्पादन गृहों की 5 इकाईयाँ ठप हो गयी हैं। पारेषण की कई लाईनें बंद हैं और व्यापक पैमाने पर 33/11 केवी उपकेन्द्रों की आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गयी है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन को हड़ताल के लिए उत्तरदायी ठहराते हुए कहा है कि बिजलीकर्मी ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के सम्मान के लिए लड़ रहे हैं। संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री के द्वारा लगाये गये तोड़-फोड़ के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा है कि बिजलीकर्मी विद्युत संयंत्रों को अपनी माँ मानते हैं और शांतिपूर्ण ढंग से हड़ताल कर रहे हैं। बिजलीकर्मियों के ड्यूटी पर न जाने के बाद प्रशासन और प्रबन्धन ने इवनिंग शिफ्ट के कर्मचारियों को सभी बिजलीघरों में बंधक बना लिया और उनसे जबरन 17 घण्टे लगातार काम करवाया। भूखे प्यासे काम करते हुए कई कर्मचारियों की तबियत बिगड़ गयी। प्रातः इन कर्मचारियों के शिफ्ट से बाहर जाने के बाद बिजली उत्पादन पर भारी प्रतिकूल असर दिखाई दिया। अनपरा में 210-210 मेगावाट क्षमता की 2 इकाईयाँ, ओबरा में 200-200 मेगा वाट क्षमता की 9 एवं 11 नम्बर इकाई तथा पारीछा में 210 मेगा वाट क्षमता की 3 नम्बर इकाई बंद करनी पड़ी। इसके अतिरिक्त अनपरा में 210 मेगवाट की एक इकाई तथा 500 मेगा वाट की एक इकाई एवं पारीछा में 110 मेगावाट की एक इकाई जो पहले से बंद थी उन्हें बिजली कर्मचारियों के अभाव में हड़ताल के दौरान नहीं चलाया जा सका। हड़ताल में राजनारायण सिंह मुन्नवर अली प्रभुनारायण पाण्डेय, आशुतोष यादव संदीप प्रजापति, नीरज त्रिपाठी अखिल पाण्डेय इत्यादि उपस्थित थे।

## बिजली के लिए व्यापारियों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में बिजली विभाग के घोषित हड़ताल से 10 घंटा पहले ही बिजली सप्लाई को पूरी तरह बाधित कर देने से आक्रोशित नगर व्यापारियों का सब्र उस समय टूट गया जब 36 घंटे से ऊपर हो जाने के बाद भी बिजली की सप्लाई चालू नहीं हो पाई। व्यापारी जुलूस निकाल कर बीड़रा स्थित विद्युत उप केंद्र परिसर में जाकर धरने पर बैठ गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों के समूह को देखकर अतरौलिया क्राइम निरीक्षक रफी आलम और यसआई प्रभात चंद्र पाठक दल बल के साथ पावर हाउस पहुंच गए और व्यापारियों को समझा-बुझाकर बिजली चालू करने के प्रयासों को बताया। व्यापारियों द्वारा विद्युत उपकेंद्र पर धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर नवीन प्रसाद ने फोन से व्यापारियों से अनुरोध किया कि हम यथासंभव प्रयास में लगे हुए हैं कि अतरौलिया की बिजली जल्दी से जल्द चालू करायी जाय। व्यापारियों ने मांग की कि ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित कर जो जानबूझ कर गुप्त फाल्ट किए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाय।

### विद्युत कर्मियों के सांकेतिक हड़ताल से बिलरियागंज में मचा हाहाकार

विद्युत कर्मियों के सांकेतिक हड़ताल से शुक्रवार को आजमगढ़ जनपद के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिलरियागंज क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई । जनसेवा संचालक, पानी, ऑनलाइन कार्यों के सब कार्य ठप हो गए और लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा । जानकारी के लिए आपको बता दें कि शासन-प्रशासन द्वारा विद्युत उप केंद्रों पर प्राइवेट कर्मचारियों की तैनाती व पुलिस बल तैनात किए गए थे कि विद्युत व्यवस्था संचालित करने में कोई समस्या न हो जिससे आम जनता को कोई समस्या न होने पाएं । परंतु विद्युत व्यवस्था चरमरा जाने से शुक्रवार शाम को भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे और बिलरियागंज स्थित विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर हंगामा किया कुछ देर बाद सूचना पाकर सगड़ी एसडीएम राजीव रत्न सिंह ने पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं व जुटी आम जनता को समझा-बुझाकर विद्युत व्यवस्था जल्द से जल्द सुचारू रूप से मुहैया कराने का आश्वासन दिया और तैनात लापरवाह कर्मचारियों के ऊपर संबंधित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही । मौके पर भाजपा नेता दलाजन सिंह, रामसागर सिंह, सुधीर सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे ।

## मांगों को लेकर डीएवी के छात्रों ने दिया धरना



डीएवी में धरना देते छात्र

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** डीएवी महाविद्यालय के समस्त छात्र गण विभिन्न मांगों को लेकर समस्त छात्र विगत कई महीनों से कालेज प्रशासन को अवगत कराया था कि समस्त छात्रों के लिए कालेज परिसर में बैठने के लिए उचित व्यवस्था के सम्बन्ध में कई बार ज्ञापन दिया गया लेकिन अभी तक कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई और इस बार अगर लिखित रूप में बैठने की उचित व्यवस्था नही की गयी तो हम बड़े आन्दोलन के लिए बाध्य होगें जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी कालेज प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अवनीश यादव, अभिनव यादव (अवि) सुनील कुमार (राजा भइया) रोशन, विक्रम सिंह, रितिका, दीपक यादव, अभय यादव आदि उपस्थित रहे।

## विपक्षी पर पशुशाला में आग लगाने का आरोप

**बूढनपुर (आजमगढ़)।** कप्तानगंज थाना के बसेवा गांव में आपसी विवाद के चलते पशुशाला और भुसावले में विपक्षी ने आग लगा दी। कप्तानगंज थाना के बसेवा गांव निवासिनी जयकली पत्नी अभिराज का आरोप है कि मेरा पड़ोसी दबंग किस्म का व्यक्ति है। जिससे आज विवाद हुआ। इसी दौरान मेरे पड़ोसी द्वारा मेरे पशुसाला और भुसावल में आग लगा दी गयी जिससे मेरे पशुओं को खाने के लिए रखा गया पुआल भूसा और पशुशाला जलकर नष्ट हो गई।

मेरा लाखों रुपए का नुकसान हो गया। फायर ब्रिगेड द्वारा किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। इसकी लिखित शिकायत थाना कप्तानगंज में की गई। पुलिस द्वारा मौके पर जॉच की गई।

## जो जमीन सरकारी है, वह जमीन हमारी है

अतरौलिया (आजमगढ़)। जन चैपाल में पहुंचे सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने गरीबों को नारा दिया, ह्यजो जमीन सरकारी है, वह जमीन हमारी है। अतरौलिया विधानसभा के जगदीशपुर हरिवंशधर गांव में तेजई राजभर के आवास पर एक जन चैपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर रहे। उन्होंने कहा कि विचारधारा आंदोलन को पूरे देश में फैलाने का कार्य कर रहे हैं। बड़े नेताओं की तरह हेलीकॉप्टर से हाथ हिला कर चले जाने के लिए नहीं आया हूं। यहां अपने लोगों से मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल में भी सुधार करने की जरूरत है। दिल्ली की सरकार 300 यूनिट फ्री बिजली तथा पंजाब की सरकार 300 यूनिट बिजली फ्री दे रही है जिस दिन उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनेगी उसी दिन से 300 यूनिट फ्री बिजली प्रदेश के लोगों को मिलने लगेगी। जातिगत जनगणना पर बोले कि जब तक जातियों की गिनती नहीं होगी जब तक लोगों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने जाते-जाते उपस्थित लोगों को एक नारा भी दिया कि ह्यजो जमीन सरकारी है वह जमीन हमारी हैह्ण। इस मौके पर हरि बदन प्रजापति, प्रधान लोरीक राज, सूर्य बली राजभर, राम अवध राजभर, मन्तु राजभर, मुरली राजभर, राम पलट आदि लोग मौजूद रहे।



चैपाल को संबोधित करते सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर

## संक्षेप

### अजमतगढ़ खंड विकास में 1718 आवास स्वीकृत



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड विकास में 1718 आवास शत-प्रतिशत हुए। स्वीकृत 1685 आवास धारकों को प्रथम किस्त जारी कर दी गयी है। खंड विकास अधिकारी ने शिकायत कंट्रोल नंबर जारी किया है। अजमतगढ़ खंड विकास पर 1718 आवास का लक्ष्य मिला जिसको शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर पहली किस्त 1685 आवास धारकों को भेजी जा चुकी है। वहीं दूसरी किस्त 898 आवास धारकों को भेजी गई। अजमतगढ़ खंड विकास में अभियान चलाकर तेजी से आवास निर्माण का कार्य किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी संतोष यादव ने लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की शिकायत व भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए दो कंट्रोल नंबर 7617895852 व 6387374260 जारी किया है। खंड विकास अधिकारी ने आवास पत्र जारी कर मानक के अनुरूप सभी गांव में सचिव को जिम्मेदारी सौंपी। वहीं पहली किस्त 40 हजार रुपए, दूसरी किस्त 70 हजार रुपए, तीसरी किस्त एक लाख की भेजी जा रही है। किसी भी प्रकार से आवास दिलाने या आवास के नाम पर गिरोह या ठगी करने के उद्देश्य से कार्य करने में संलिप्तता पाई जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्राम सचिव को तेजी के साथ गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए निर्देशित किया।

### शराब के लिए पैसा न देने पर पीटा



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय चैक पर टेंपो चालक ने शराब का पैसा मांगा, नहीं देने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित अधेड़ व्यक्ति ने जीयनपुर थाने पर दो अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी। पांचू निषाद निवासी ओझौली जो रजादेपुर में स्थित जायसवाल ढाबा पर कार्य करता है। अपने घर से टेंपू से जीयनपुर तक आया। टेंपो चालक ने पांचू निषाद से शराब के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर टेंपो चालकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं उसके पॉकेट से एक हजार रुपए ले लिए। पीड़ित ने जीयनपुर थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर दो अज्ञात टेंपो चालक के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाया। जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जंहा से टेंपो चालक फरार हो गए मुकदमा दर्ज कर जीयनपुर पुलिस तलाश में जुट गई है।

### गुरुमत समागम प्रारंभ, श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब निजामाबाद में आयोजित तीन दिवसीय गुरुमत समागम में शुक्रवार को श्री अखण्ड साहिब की शुरूआत हुई। कस्बे के इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे में समागम में शामिल होने के लिए सिख श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। शुक्रवार को सुबह 9 बजे गुरुद्वारा में श्री अखण्ड साहिब का पाठ मुख्यग्रंथी बाबा सतनाम सिंह द्वारा शुरू किया गया। यह पाठ रविवार को सुबह समाप्त होगा। इसी दिन सालाना जोड़ मेला आयोजित है। शनिवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक नगर कीर्तन एवं शस्त्र कला प्रदर्शन होगा। यह शास्त्र प्रदर्शन संत सिपाही रंजीत अखाड़ा गुरु का ताल आगरा द्वारा किया जायेगा। जो गुरुद्वारा से निकल कर नगर भ्रमण कर गुरद्वारे पर आकर समाप्त होगा। शुक्रवार को गुरुद्वारे में संगतों के आने का क्रम जारी रहा। देर शाम गुरुद्वारे में गुरु का ताल आगरा के संत बाबा प्रीतम सिंह अपनी संगत के साथ पहुंचे। जहां मुख्यग्रंथी बाबा सतनाम सिंह व सेवादार जगदीश सिंह सलूजा द्वारा बाबा का स्वागत किया गया। गुरुद्वारे में राजविंदर सिंह, महेंद्र सिंह, तीर्थ सिंह, हरदीप कौर जालंधर, रंजीत सिंह के नेतृत्व में सिख जत्थे निजामाबाद में पहुंच चुके थे। शुक्रवार को गुरुद्वारे में दिनभर भारी भीड़ रही। गरुद्वारे में श्रद्धालु गुरुग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेकते देखे गये।




## आजमगढ़ से आध्यात्मिक नगरी तक चलायी जाय रेल व बसः साधनानन्द

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में ऋषियों-मुनियों एवं आध्यात्मिक मनीषियों के जन्म को अवतार मानकर तीर्थ स्थान जहाँ पुराणों एवं सनातन काल में घोषित किया गया है, वहीं वर्तमान में मनाये जाने वाले धार्मिक उत्सवों एवं पर्वों पर आयोजन सम्पन्न किये जाने से उनका महत्व बढ़ गया है। पूर्वांचल में गाजीपुर जिला महर्षि विश्वामित्र का जन्म क्षेत्र है, वहीं बलिया जिले में भृगु ऋषि का जन्मस्थली माना जाता है।

आजमगढ़ को वैदिक विद्वानों द्वारा आर्षनगर कहा जाता है जहाँ अत्रि मुनि एवं सतीसाध्वी अनसूइया के पुत्रगण भगवान दत्तात्रेय, महर्षि दुवार्सा तथा महर्षि चंद्रमा का आश्रम है जो इस बात का साक्ष्य प्रस्तुत करता है कि आजमगढ़ ऋषियों मुनियों की धरती है। शहर स्थित कोलघाट मुहल्ले में भगवान शरभदेव का मंदिर स्थापित है जहां लोग पूजन अर्चन करते हैं। इसी प्रकार अवध क्षेत्र में स्थित नैमिषारण्य ऋषियों-मुनियों के सम्मेलन को लेकर विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थान एवं पर्यटन स्थल बन चुका है। उक्त तीर्थ स्थान के निकटतम जनपद हरदोई में भगवान नृसिंह, भगवान बावन, भगवान शरभदेव के अतिरिक्त असुरराज हिरण्यकश्यप, उनके पुत्र भक्त प्रह्लाद, राजा बलि तथा अन्य उनके कुल में उत्पन्न कई पीढ़ियों में रहने वाले लोगों ने जन्म लेकर जनपद को प्रभव नगर का दर्जा देकर सुशोभित किया है। यह भी गौरतलब है कि ऋषियों-मुनियों की धरती आजमगढ़ (आर्षनगर) तथा हरदोई (प्रभव नगर) के बीच रेल सेवा तथा बस सेवा न होने से दोनों जनपदों के भक्तों तथा पर्यटकों में अत्यन्त क्षोभ है तथा दोनों जिलों के आध्यात्मिक विद्वानों द्वारा विगत कई दसक से रेल सेवा तथा बस सेवा संचालित किये जाने की मांग की जा रही है। जबकि उक्त स्थानों पर जाने के लिए शाहगंज, वाराणसी अथवा जौनपुर से ट्रेन पकड़ना पड़ता है।

केंद्र सरकार अगर थोड़ा सा ध्यान देती तो उसे कई नई ट्रेनों का संचालन करने के बजाय शाहगंज से मार्ग परिवर्तन करके वाराणसी के स्थान पर आजमगढ़ से रूट चेंज करके यात्रियों को सुविधा पहुंचा सकती है।

इससे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 पर भाजपा सरकार के पक्ष में प्रभावशाली और सार्थक परिणाम मिल सकता है। उक्त मांगों के समर्थन में सत्यशील मानव मंच के संस्थापक साधनानन्द ने भी केंद्र सरकार से मांग की है।



सत्यशील मानव मंच के संस्थापक साधानानन्द

### अराजकतत्वों ने तोड़ी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा

**निजामाबाद (आजमगढ)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के नसीरपुर तिराहे के पास स्थित डा. अम्बेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने तोड़ दी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में इकट्ठा हो गये। पुलिस प्रशासन के समझाने व दूसरी प्रतिमा लगाने के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। निजामाबाद तहसील के बगल में नसीरपुर तिराहे पर स्थित लगभग दो दशक पुरानी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा को रात में कुछ अराजक तत्वो ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया तो सुबह जब लोगों को जानकारी हुई तो आसपास के गाँव के लोगों कि भीड़ इकट्ठा हो गयी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों को समझा कर पूर्व विधानपरिषद सदस्य विजय प्रताप से वातार्लाप कर नई प्रतिमा मंगाकर लगवाया और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया। मनोज कुमार पुत्र सीताराम निवासी नसीरपुर ने लिखित तहरीर दिया है पूर्व एम एल सी विजय प्रताप ने कहा अराजक तत्व जानबूझकर बाबा साहब कि मूर्ति को क्यों टारगेट कर मूर्ति तोड़ते हैं उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही कि मांग किया। इस अवसर पर बसपा नेता ओंकार शास्त्री जिला पंचायत सदस्य गुलाबचंद आदि लोग उपस्थित थे।

## डीएम विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

**आजमगढ़।** डीएम विशाल भारद्वाज ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर, भवन के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक मैनेजर कक्ष में इक्जास्ट फैन लगवाने का निर्देश दिया। नजारत कक्ष में रजिस्टर्ड नंबर 4, कर्मचारियों का डिटेल, उपस्थिति पंजिका, सर्विस बुक, जीपीएस पासबुक का निरीक्षण किया। उन्होंने अवकाश रजिस्टर नहीं पूरे होने पर तत्काल पूर्ण करने के निर्देश पटल सहायक को दिए। उन्होंने जीपीएफ पासबुक को अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात न्यायिक अभिलेखागार 107/16/4 की पुरानी फाइलों का अवलोकन किया। उन्होंने खिड़की में जाली लगाने एवं अग्नि यंत्र की वैधता का भी निरीक्षण किया। अग्नि यंत्र की वैधता अवधि समाप्त पाए जाने पर तत्काल बदलने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक कमरे के बाहर अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर एवं संबंधित कामों का बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात डीएम ने संयुक्त कार्यालय में अलमारी बदलवाने, बैठने के लिए नई बेंच लगवाने एवं टूटी बेंच को बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्विस बुक, उपस्थिति पंजिका, जीपीएफ पासबुक, सीएल रजिस्टर, गार्ड फाइल, मुवायना की गार्ड फाइल का निरीक्षण किया।

उन्होंने मंडलायुक्त द्वारा की गई अंतिम मुवायने की अनुपालन आख्या का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला गजेटियर ऑफिस के गजेटियर मंगवाने का निर्देश दिया तथा वीडिंग रजिस्टर में बस्ता सूची का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। अभिलेखागार में फायर सिस्टम की एक्सपायरी डेट, डीवीआर एवं नकल की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा, एडीएम वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, एसडीएम न्यायिक जल राजन चैधरी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



अभिलेखों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर हुई मारपीट

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत जीयनपुर के कन्या जूनियर प्राथमिक विद्यालय समता नगर पर नगर पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। सभासद प्रत्याशी ने मारने पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। नगर पंचायत जीयनपुर में विगत तीन दिनों से मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें पात्रों का नाम जोड़ने का कार्य बीएलओ द्वारा संपादित किया जा रहा है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन जीयनपुर नगर पंचायत के कन्या जूनियर प्राथमिक विद्यालय समता नगर के सभासद प्रत्याशी शहंशाह खान पुत्र नूर मोहम्मद खान निवासी समता नगर ने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि विद्यालय पर नाम जुड़वाने का कार्य कर रहा था। इस दौरान मोहसिन खान उर्फ डिस्को पुत्र इरफान उर्फ मच्छन ने गाली देते हुए मारने पीटने लगे। सभासद प्रत्याशी ने आरोप लगाते हुए जीयनपुर कोतवाली पर तहरीर दी। वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाने पर तहरीर देकर सभासद प्रत्याशी पर ही मारपीट करने का आरोप लगाया हैं।

जिस पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान कर दिया।



जीयनपुर कोतवाली में तहरीर देने जाता पीड़ित

# माफिया मुख्तार का शार्प शूटर पुलिस मुठभेड़ में जख्मी

**कार्रवाई**

### अपराधी की बाइक व असलहा बरामद

जनसंदेश न्यूज

**मेहनगर (आजमगढ़)।** जिले में ग्राम प्रधानों से रंगदारी टैक्स की मांग करने वाला मुख्तार अंसारी गैंग का शार्प शूटर शुक्रवार की सुबह मेंहनगर थाना क्षेत्र में पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया। घायल बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से गिरफ्तार किए गए अपराधी की बाइक व असलहा बरामद कर लिया है। घायल बदमाश गोरखपुर जनपद का निवासी बताया गया है। इसके अपराधिक रिकार्ड को खंगालने में पुलिस जुट गई है। मेंहनगर थाना क्षेत्र में कई ग्राम प्रधानों को अज्ञात बदमाशों द्वारा फोन पर धमकाते हुए उनसे रंगदारी टैक्स की मांग की जा रही थी। पीड़ित ग्राम प्रधानों की शिकायत पर पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही थी। इसी बीच शुक्रवार की सुबह मेंहनगर क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में मुख्तार अंसारी की गिरोह में शामिल बदमाश के आने की सूचना पुलिस को मिल गई। पुलिस क्षेत्र की नाकेबंदी करते हुए उक्त बदमाश की सुरागरशी में जुट गई। क्षेत्र के हटवा ग्राम के पास पुलिस एवं बाइक सवार बदमाश का सामना हो गया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस पर फायर करते हुए भागने लगा। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा, जिसे काबू में कर लिया गया। घायल बदमाश की पहचान झीनक उर्फ सत्यनारायण यादव के रूप में की गई। वह गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज थाना अंतर्गत मिश्रौली गांव का निवासी बताया गया है। इलाज के लिए उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पुलिस अभिरक्षा में उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश के अपराधिक रिकार्ड को खंगाला जा रहा है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश

### एसपी आफिस में शिकायत सुनने वाला कोई नहीं मिला

**आजमगढ़।** सूबे के मुखिया की फोटो को छेडछाड़ कर उसे वायरल किए जाने की शिकायत को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्र शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचे तो उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं मिला। जिसको लेकर वे खिन्न नजर आए। मौके पर पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि एलआईयू को मामले की जानकारी एक दिन पूर्व ही दी गई थी लेकिन मुख्यमंत्री का मामला होने के बावजूद किसी आलाधिकारी ने गंभीरता नहीं दिखाई। ऐसे लचर जिला प्रशासनिक व्यवस्था की शिकायत हम ने त्वरित रूप से अपने ट्वीटर एकांउट से सीधे मुख्यमंत्री से लगायत जिम्मेदारों को ट्वीट किया है। उन्होंने आगे बताया कि काफी दिनों से एक ऐसी फोटो वायरल की जा रही है जिसमे हमारे परमपूज्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक जाति विशेष की पार्टी के अध्यक्ष के साथ उन्हें गलत तरीके से दशार्या गया है। उक्त फोटो को देखकर हिन्दू जनभावनाओं को भड़काने की साजिश की गई है। जब तक फोटो वायरल करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही नहीं की जाएगी तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे। अगर प्रशासन इस शिकायत पर गंभीर नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर हम लोग ही न्याय करने का काम करेंगे। इस मौके पर अरूण सिंह साधू, दीपक सिंह, सूर्यप्रकाश मिश्र, अनिकेत, राजेश आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित डम्फर दुकान में घुसा चालक सहित दो लोग घायल



**रानीकीसराय आजमगढ़।** स्थानीय कस्बे के मध्य भाग मे शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित डंफर दुकान मे घुस गयी। घटना के दौरान चालक हाइवे पर ही कूद पडा जिससे वह.भी जख्मी हुआ वही दुकान स्वामी गंभीर रुप से घायल हो गया। दुकान मे प्रवेश से पहले डंफर ने निजामाबाद मोढ के समीप बाइक सवार को भी टक्कर मार दी जिससे वह भी घायल हो गया। सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रानीकीसराय थाना क्षेत्र के टेकमलपुर निवासी सर्वजीत यादव डंफर चलाता है। शुक्रवार को दिन मे डंफर लेकर आजमगढ़ की ओर से शंकरपुर चेकपोस्ट की तरफ जा रहा था। हाइवे स्थित मुख्य मार्ग पर निजामाबाद मोढ के समीप बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी और बाइक सवार जो नितिश कुमार निवासी बाहोपुर थाना सरायमीर जो आजमगढ़ से घर जा रहा था गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक ने गति और बढा दी और मध्य भाग मे डिवाइडर को क्षतिग्रस्त करते हुए जनरलस्टोर की दुकान मे टीनसेड को क्षतिग्रस्त करते हुए घुस गयी। इस दौरान चालक भी हाइवे सडक पर ही गिर पडा। दुकान मे बैठे दुकान मालिक जयकिशन गुप्ता गंभीर रुप से घायल हो गया। दुकान के बाहर खड़ी चार बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। दुकान का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और घायल दुकानदार.चालक और बाइक सवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया। यहा उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल दुकान स्वामी जयकिशन कस्बा निवासी है और मुख्यमार्ग पर किराये के मकान मे दुकान करते हैं।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल, पावर हाउसों पर प्रशासन का कब्जा


चीफ कार्यालय पर प्रदर्शन करते अधिकारी व कर्मचारी

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिले में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अपनी पुरानी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर चले गए हैं। व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सारी तैयारी की गई है।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पहल करते हुए सभी बिजली उपकेंद्रों को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही पुलिस और आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मियों को बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी दी गई है।

## फतहां स्थित कार्यालय पर जुटे

प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर अपने आक्रोश का इजहार किया। सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि सरकार नवम्बर में वादा कर भूल गई। इसलिए हड़ताल पर जाना पड़ा। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि पिछले नवंबर माह में आंदोलन किया गया था। संगठन और ऊर्जा मंत्रालय से 14 बिंदुओं पर समझौता हुआ था। उस समझौते का पालन आज तक नहीं किया गया। उसी के लिए हम लोग हड़ताल कर रहे हैं। हमारी मांग है कि विभाग का निजीकरण न किया जाए। उपेक्षा के कारण हम लोग हड़ताल के लिए बाध्य हैं। हम लोग नहीं चाहते कि किसी की बिजली गुल हो। कोई ऐसी स्थिति आए कि हमको हड़ताल करना पड़े। लेकिन यह मजबूरन करना पड़ रहा है। कार्य बहिष्कार के दौरान बिजली गुल होती है तो उसको शासन और प्रशासन के लोग ही चालू कराएंगे। हम लोग हड़ताल पर है इसलिए कार्य नहीं करेंगे। बिजली कर्मियों के हड़ताल पर जाने पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि बिजली के कुछ कर्मी हड़ताल पर हैं। इस संबंध में सभी के अधीक्षण अभियंता और चीफ से वार्ता हुई है। जो संविदा कर्मी के एजेंसी हैं उनसे भी वार्ता हुई है। कहा कि जो व्यक्ति कार्य करना चाह रहा है उसको कार्य करने में कोई अवरोध उत्पन्न ना करें। अगर ऐसा होगा तो ऐसी दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आउट सोर्सिंग के कर्मी कार्य कर रहे हैं। जिससे बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से चालू रहेगी। क्रिटिकल जगह पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। सभी स्टोर और वर्कशॉप अपने कब्जे में ले लिया गया है। यदि कोई सामान की आवश्यकता पड़ेगा तो वो स्टोर से लिया जाएगा। बताया कि जिले में बिजली आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं है। सभी क्षेत्र में ठीक है। लोकल कंप्लेन आने वालों की शिकायत को ठीक किया जा रहा है।

**कसी कमर**

पुलिस, संविदा कर्मियों ने सम्हाली आपूर्ति की कमान

किसी कर्मी को काम पर जाने से रोका तो होगी कार्रवाई

## दिव्यांगों को मिले तीन प्रतिशत आरक्षण का लाभ : जहरीला

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति के लोगों ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को संबोधित 4 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। जटाशंकर सिंह जहरीला ने कहा कि आजादी के समय से आज तक देश प्रदेश की सरकारें व देश की सारी राजनीतिक पार्टियां जातियों को आधार पर वोट बैंक के लिए राजनैतिक भागीदारी दिया है। सांसद विधायक अन्य क्षेत्रों में माननीय बनाने का कार्य पार्टियों द्वारा किया गया, जबकि बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान लागू करने से पहले दिव्यांग जनों के अधिकार के लिए 3% आरक्षण कलमबद्ध कर दिया था। विकलांग सेवा समिति के लोगों ने मांग किया कि दिव्यांग जनों को संविधान के अंतर्गत 4 प्रतिशत प्राप्त आरक्षण के तहत 4 प्रतिशत न्याय पंचायत से लोकसभा में सम्मान से जिंदगी जीने और सामाजिक बराबरी के लिए दिव्यांग सीट सुरक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही 60 प्रतिशत के मानक को रखकर दिव्यांग जनों को बैटरी वाली ट्राई साइकिल दिया जाना चाहिए और दिव्यांग विधवा एवं गरीब वृद्धों का 3000 रुपये प्रति माह पेंशन के दर से दिया जाना चाहिए। इस दौरान सुशील पटेल, हीरालाल, महेश चौहान, भोला शंकर, राजकुमार उपाध्याय, प्यारे मनोज बिंद इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शादी का झांसा देकर शोषण करने के आरोपी को जेल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण एवं शादी करने से इंकार करने का आरोप लगाते हुए प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बीते 24 फरवरी को महोगढ़ी गांव निवासी राजीव सिंह के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने आरोपी युवक राजीव सिंह को दुर्जनीपुर मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोपी युवक राजीव सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आरोग्य मेले का लाभ उठायें पशुपालक : ब्लॉक प्रमुख कोन

**मीरजापुर।** पं० दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क पशु चिकित्सा मेले का आयोजन ग्राम सभा चिंदलिख में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रमुख मीनाक्षी सिंह के द्वारा किया गया। पशुओं के बेहतर उपचार को लेकर सरकार के द्वारा लगातार मुहिम चलायी जा रही है। उसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन कर पशुओं का उपचार किया जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क पशु मेले का आयोजन कोन ब्लॉक के चिंदलिख ग्राम सभा में किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मीनाक्षी सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही इस योजना का आप सभी किसान भाई लाभ उठाएं। जहां निशुल्क अपने पशुओं का उपचार करायें। इस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन पांडेय व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।


किसानों को प्रमाण पत्र देतीं प्रमुख कोन

### सीडीओ ने किया सीखड़ गोशाला का निरीक्षण

**परिसर में फैला गोबर गंदगी देख जताई नाराजगी**

**मीरजापुर।** प्रदेश में हिट वेव अलर्ट को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस ने सीखड़ स्थित अस्थाई पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में गंदगी देख नाराजगी प्रकट करते हुए साफ सफाई कराने व वर्निंग कंपोस्ट के लिए गोबर डंपिंग करने के लिए निर्देश दिया। वही पशुओं के लिए हरे चारा की व्यवस्था, पशुओं की संख्या को देखकर छाया के लिए एक और टीनशेड बनाने व स्थल में नाली निर्माण के लिए निर्देश दिया। वही मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत प्रस्तावित सड़क पंडित विजयानंद मिश्र मार्ग सीखड़ खैरा का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क का मरम्मत कार्य अतिशीघ्र कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सीखड़, शिवपूजन भारतीय, पशु चिकित्साधिकारी डॉ वीके पटेल समेत अन्य मौजूद रहे।


गोशाला का निरीक्षण करतीं सीडीओ

## रिश्वत खोर लेखपाल निलंबित

**मीरजापुर।** मड़िहान तहसील के पटेहरा कला गाँव निवासी लक्ष्मी नारायण दूबे के घर जाकर लेखपाल को रिश्वत लेना महंगा पड़ गया। मड़िहान तहसील के लेखपाल कुँवर प्रसाद को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के आदेश पर निलम्बित कर दिया गया। डीएम के निर्देश पर उप जिलाधिकारी मड़िहान ने तत्काल प्रभाव से लेखपाल कुँवर प्रसाद को निलम्बित कर दिया। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी एवं संक्रमणीय भूमि को राजस्व अभिलेखों से तहस नहस कराने की धमकी से अवगत कराया था। इसके बदले अवैध धन की वसूली किया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह ने जांच कर रिपोर्ट में शिकायत सही पाया। वायरल वीडियो में भी शिकायतकर्ता लक्ष्मी नारायण दूबे के द्वारा रुपएं की गड्डी लेकर लेखपाल कुँवर प्रसाद अपने हाथ में लेकर मस्तक चढ़ाया। फिर नोटों को गिनकर अपने पास रख लिया। एसडीएम ने रिपोर्ट में लिखा है कि प्रथम दृष्टया लेखपाल दोषी पाये जाते है। इस कृत्य के तहसील की छवि भी धूमिल होती है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुये तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी की तत्परता की सराहना की जा रही हैं।


रिश्वत लेता लेखपाल

**कार्रवाई**

जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान, हुई कार्रवाई

धमकी देने के बाद पीड़ित के घर जाकर वसूला था रुपया

एसडीएम मड़िहान ने किया निलम्बित

### विद्युत आपूर्ति के लिए शिफ्टवार लगाई गई है ड्यूटी : एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज शुक्रवार को लालगंज तहसील क्षेत्र में तीन विद्युत उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप केंद्रों पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित ना हो। उन्होंने तीनों उपकेंद्रों पर हड़ताल को देखते हुए लेखपाल और पुलिस की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई गई है। चल रहे हड़ताल को देखते हुए तहसील प्रशासन उपकेंद्रों पर कार्यरत प्राइवेट कर्मचारियों से विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित कराने में जुटी हुई है। इसके लिए उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज डे-नाइट दोनों समय उपकेंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं। लहंगपुर उप केंद्र में गड़बड़ी पाए जाने पर निरीक्षण के बाद पगार प्राइवेट कर्मचारियों से खामियों को दूर कराकर आपूर्ति बहाल कराया। वे सभी उप केंद्रों पर प्राइवेट काम करने वाले विद्युत टेक्निकल से संवाद बनाए हुए हैं। उप जिला अधिकारी भरत लाल सरोज ने बताया कि हड़ताल जारी होने से आज तक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। अभी तक आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स सिफ्टवार ड्यूटी कर रही है।

## एसडीएम मड़िहान ने बहाल करवाई विद्युत आपूर्ति

**पेयजल संकट से मिली निजात**

**जनसंदेश न्यूज**

**कलवारी।** संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले वेतनमान विसंगति समेत विभिन्न मांगो को लेकर सांकेतिक धरना हड़ताल में तब्दील हो गया। विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल से विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी। 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल के आह्वान के बाद कर्मचारी हड़ताल पर हैं। गुरुवार के दिन धौरहा-धनावल में तार गिरने से से आधा दर्जन गांवों में रात को अंधेरा पसर गया। कलवारी, गोपलपुर, बेदौली, अमदहा, मधईमार, बसहटिया आदि गांवों में भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन बदहाल है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक समस्या पेयजल की रही पेयजल के लिए ग्रामीण डिब्बा बाल्टी लेकर पेयजल के लिए भटक रहे हैं। मांग मनवाने के लिए कर्मचारियों द्वारा 72 घंटे के लिए सांकेतिक हड़ताल का एलान पहले ही कर दिया गया था। अधिकारी इसके बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने में फेल होते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के लिए पेयजल का संकट बढ़ता जा रहा है। समस्याओं से निजात पाने के लिए तहसील व पुलिस प्रशासन सतर्क है। लेकिन व्यवस्था करने में असफल सावित हो रहे। गुरुवार के दिन व रात में बिजली ना आने से गुरदेव नगर पावर हाउस का दौरा सीओ मड़िहान अनिल कुमार पांडेय व एसएचओ मड़िहान शैलेश कुमार राय ने किया लेकिन बिजली आपूर्ति करवाने में नाकाम रहे। उप जिलामजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार सिंह मय फोर्स के साथ क्षेत्र के मड़िहान कस्बा समेत गुरुदेव नगर, राजगढ़, दीपनगर, गुलालपुर आदि विद्युत सबस्टेशन का दौरा किया। पावर हाउस की कमान संविदा कर्मचारियों हाथ में है। गुरुदेव नगर पावर हाउस पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा रही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही।


पावर हाउस का निरीक्षण करते एसडीएम मड़िहान

### सीडीओ ने गोशाला व विद्यालय का किया निरीक्षण, निरीक्षण में गायब मिले गुरूजी

**जमालपुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस ने जमालपुर ब्लाक के शिवपुर गांव स्थित अस्थाई गोवंश आश्रय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में क्षमता से अधिक पशु होने पर अन्यत्र भेजने के लिए दिशा निर्देश दिया। बता दें कि पशुशाला में साठ गाय रखने की क्षमता है जबकि वर्तमान में 82 गाय बैल रखे गए हैं। सीडीओ ने गोवंश आश्रय शाला की साफ-सफाई रखने तथा पानी की टंकी को साफ करने का सुझाव दिया। पशुओं के लिए अढ़ाई एकड़ भूमि में नेपियर (हरी) घास देखकर कर्मचारियों को शाबाशी दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने शिवपुर गांव में स्थापित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया जिसमे प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय में 26 बच्चों का रजिस्ट्रेशन था तथा मौके पर 7 बच्चे उपस्थित थे एवं प्रधानाध्यापक अनुपस्थित थे। मौके पर अनुदेशक मान बहादुर सिंह कक्षा शिक्षण करते हुए पाए गए। प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित होने पर उन्होंने विद्यालय का पूरा रजिस्टर अपने साथ ले गए तथा प्रधानाध्यापक को बिना किसी सूचना के गायब रहने पर बीएसए को उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया।

## विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे जलशक्ति मंत्री के घर

**माता को दी श्रद्धांजलि**

**जमालपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना शुक्रवार को ओड़ी गांव पहुंच कर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की दिवंगत मां रामा देवी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं उनके बड़े बड़े श्रीपति सिंह से मिलकर शोक जताया। इसके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष का उड़नखटोला जमालपुर स्थित देवकली इंटर कालेज के परिसर में बने हेलीपैड से उतरने के बाद पुलिस टीम द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करने के लिए चुनार विधायक अनुराग सिंह, ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह, मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान, नवीन पांडेय, एसडीएम संयुक्त मजिस्ट्रेट नवनीत सेहारा, तहसीलदार नुपुर सिंह,खंड विकास अधिकारी पवन सिंह ने हैलीपैड पर स्वागत किया जिसके बाद ओडी गांव के लिए रवाना हो गए जहां पहुंचते ही दिवंगत पूज्य माता के चरणों में सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि स्थल पर बैठकर शोक संवेदना व्यक्त किया। वही सूक्ष्म लघु हथकरघा मंत्री राकेश सचान, गन्ना विकास एवं चिनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, ग्राम विकास एवं समग्र विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने ओडी गांव जाकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, अंकित सिंह,गौरव सिंह, नवीन पांडेय, सुशील सिंह उर्फ बाचा ,धीरज राजपूत, रामजनम कुशवाहा, संजय सिंह, मनीष कुशवाहा, शेखर सिंह, राहुल द्विवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। तेरहवीं कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के लिए सीडीओ बी एस लक्ष्मी, संयुक्त मजिस्ट्रेट/ एसडीएम चुनार नवनीत सेहारा अपने मातहतों के साथ लगातार चक्रमण करते रहे और खंड विकास अधिकारी पवन सिंह को दिशानिर्देश देती रही। बता दें कि दो दिन पहले से लगाए जा रहे टेंट हाउस का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

### मतदाताओं को रिझाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं प्रत्याशी

**18 को होगा चुनाव दावतों का लुफ्त उठा रहे हैं मतदाता**

**लालगंज।** साधन सहकारी समिति के संचालक का चुनाव गहमागहमी के बीच शुरू हो चुका है चुनाव की अंतिम दिन होने की वजह से प्रत्याशी के समर्थक गांव में पहुंचकर मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिए हैं चुनाव 18 मार्च को होना तय है। लालगंज क्षेत्र के साधन सहकारी समिति लालगंज, पगार, चरकी कला, तेदुहनी, उसरी पांडे, रामपुर कोमल, समित पर प्रत्याशियों को चुनाव आवंटित होते ही अपने प्रचार में मतदाताओं से वोट मांगने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिए हैं क्योंकि समय कम है 18 मार्च को मतदान है ऐसी स्थिति में प्रत्याशी अपने पक्ष में वोट करने के लिए समर्थकों के साथ मतदाताओं से अनुनय विनय के साथ अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने में लगे हुए हैं। जगह-जगह प्रत्याशियों द्वारा दावत का कार्यक्रम भी चल रहा है। कौन कितना मेहनत किया है परिणाम 18 मार्च को चुनाव के बाद सामने आ जाएगा। वैसे समिति के चुनाव में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस सजग हैं।

## विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जाता है ध्यान : चेयरमैन

**पुरस्कार समारोह 'आरोहण' का किया गया आयोजन**


पुरस्कार समारोह में डायरेक्टर के साथ स्कूल के छात्र

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियाकला में शुक्रवार को पीजी से कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया और पुरस्कार समारोह 'आरोहण' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार समारोह को शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर आए हुए अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। प्री प्राइमरी के बच्चों ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत करके सभी का हृदय जीत लिया। पुरस्कार वितरण में बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है जिससे बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़े और अपनी रुचि के अनुसार अपना कैरियर चुने। धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाचार्य आलोक कुमार सिंह व कार्यक्रम का संचालन बिक्कू बरनवाल ने किया। इस अवसर पर प्रवीण सिंह, राजेश तिवारी, महिमा जायसवाल, अल्पना श्रीवास्तव, शाहिद इरफान, देवेश त्रिपाठी, विनीता उपाध्याय, मनोज यादव इत्यादि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### समाजवादियों का होगा 2024 का लोक सभा चुनाव : मनोज कुमार पांडेय

**जलशक्ति मंत्री के घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि**

**जमालपुर।** समाजवादी पार्टी विधान मंडल दल के मुख्य सचेतक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने ओड़ी गांव जाकर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र सिंह की स्व. माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। तत्पश्चात समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनार के कैम्प कार्यालय रविन्द्रालय बहुवार जाकर प्रेस वार्ता किया। पत्रकारों के सवालों के जबाव पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव समाजवादियों का होगा। जिसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिलों का दौरा कर रहे है। कलकत्ता राष्ट्रीय अधिवेशन के पश्चात हर जिले भर कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से बूथ लेवल कार्यकर्ता प्रशिक्षित किए जायेगें। जो घर-घर द्वार द्वार जाकर पार्टी की नीतियों तथा भाजपा की विफलता पर चर्चा करेगा। ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर कार्यकर्त्ता के मनोबल को बढ़ाया जायेगा क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ की हड्डी होता है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रविप्रकाश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय, प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष दीपक दुबे, अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, विरेन्द्र यादव, जंग बहादुर सिंह, विजय कुमार सिंह, अमित तिवारी, अरविंद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### दो गांवों में सम्पन्न हुई चौपाल

**जिगना।** विकासखंड छानबे दिन शुक्रवार को शासन के निदेर्शानुसार विकासखंड के ग्राम पंचायत निफरा व रैपुरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपालों की अध्यक्षता एडीओ पंचायत प्रभा शंकर पटेल ने किया। चौपाल में भारी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को अधिकारियों को अवगत कराया। ग्राम पंचायत निफरा में चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान आशा यादव व प्रधान प्रतिनिधि संजय यादव और रैपुरी के ग्राम प्रधान मंगला प्रसाद ने किया। दोनों ग्राम पंचायतों में आवास के लाभार्थी की संख्या काफी दिखी। चौपाल में एडीओ एस टी विंध्यवासिनी पाठक, समाज कल्याण विभाग से प्रेमचंद पटेल, एडीओ कोआपरेटिव लालमणि यादव, सचिव प्रमोद कुमार, त्रिलोकी, दीनानाथ पांडेय, लवकुश यादव, रैपुरी के सचिव दिलीप विश्वकर्मा, सीडीपीओ पंचायत सहायक शिवानी सहित ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्याओं को रखा। वहीं रैपुरी के सचिव दिलीप विश्वकर्मा द्वारा ग्रामीणों अपनी अपनी समस्या को विभाग वार कहने की बात कही। रैपुरी में ग्राम चौपाल का संचालन दिलीप विश्वकर्मा ने किया।

### गंगा किनारे उतराया मिला अज्ञात युवक का शव

**मीरजापुर।** पैडापुर चौकी अंतर्गत धरमदेवा गांव के गंगा किनारे शुक्रवार को एक व्यक्ति की शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। शव को देख कर ग्रामीणों ने कहा कि सर्प के काटने के बाद लोगों का नदी में विसर्जन कर दिया जाता है हो सकता है उसी परंपरा के तहत युवक का शव गंगा नदी में पाया गया है। मामले के संबंध में जब थाना प्रभारी पड़री से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है। हालांकि स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### कोचिंग के लिए निकला बालक दोस्त के घर के समीप मिला अचेत

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली निवासी 10 वर्षीय किशोर सुबह कोचिंग के लिए निकला था। देर रात अचेतावस्था में दोस्त के घर के समीप मिला। बताया जाता है की महुली निवासी शिव प्रसाद का 10 वर्षीय पुत्र राहुल सिंह गुरुवार को अहरौरा नगर स्थित गुरुकुल विद्यालय में कोचिंग पढ़ने के लिए साइकिल से घर से निकाला था। जब देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन में जुटे उसी दिन वह मानिकपुर नौनियान बस्ती स्थित दोस्त के घर के समीप अचेतावस्था में पड़ा मिला। उसके शरीर में चोट के निसान पाए गए। परिजन उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी। बच्चे से पूछताछ की गई तो वह इधर उधर घुमाने लगा। पीड़ित की तहरीर लेकर पुलिस जांच में जुट गयी। फिलहाल पुलिस की जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

### प्रधानाचार्य को धक्का मार कर भाग रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**अहरौरा।** डायल 112 पुलिस को सूचना मिली की नरायनपुर से सोनभद्र की तरफ एक ट्रक ने कार को टक्कर मारकर सोनभद्र की तरफ तेज गति में भाग रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डायल 112 पीआरबी ने टोल प्लाजा के समीप ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ कर स्थानीय थाने पर खड़ा कर दिया। शिकायतकर्ता अंजना शुक्ला प्रिंसिपल जीजीईसी गर्ल कॉलेज सोनभद्र उस कार में बैठी हुई थी। उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी थी। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद तहरीर मिलने के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

### सड़क बनाने वाली कंपनी के खिलाफ पुजारी ने की आईजीआरएस में शिकायत

**अहरौरा।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित वनस्थली महाविद्यालय के समीप झांगा बाबा मंदिर के रास्ते को चेतक कंपनी द्वारा अवरोधक बीच रास्ते में बोल्डर रख कर रास्ता बंद करने की शिकायत मंदिर के पुजारी प्यारेलाल द्वारा जिलाधिकारी से की गई। जिलाधिकारी ने पुजारी की शिकायत को थाना अध्यक्ष अहरौरा के समक्ष भेज कर त्वरित आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। पुजारी ने आरोप लगाया कि मानिकपुर गांव के गाटा संख्या 563 में मंदिर स्थित है। जिससे मंदिर में दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने बताया कि मंदिर के पास अवरुद्ध किए गए रास्ते को खाली करा दिया गया है किसी भी प्रकार की मौके पर कोई समस्या नहीं है।

## ग्राम प्रधान ने प्रेमी प्रेमिका की मंदिर में करायी शादी, साक्षी बने ग्रामीण

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के बेदौली गांव निवासिनी अंशिका के नैना चार खुटारी गांव निवासी राहुल के साथ हो गया था। दोनों के बीच 1 साल से प्रेम प्रपंच चल रहा था। प्रेम का परवान जब सिर चढ़ जाता है प्यार ना तो ऊंच-नीच न तो जात पात देखता है प्रेम बस प्रेम ही होता है। प्रेमिका प्रेमी के घर बृहस्पतिवार की शाम को पहुंची और शादी करने की जिद में अड़ गई। पहले तो परिजनों ने विरोध किया लेकिन सच्चे प्रेम के आगे परिजन झुक गए। ग्राम प्रधान खुटारी के घर पर ग्राम प्रधानपति बेदौली अजय कुमार की मौजूदगी में दिनभर चली पंचायत में प्रेमी प्रेमिका को शादी के बंधन में बांधने का निर्णय लिया। शुक्रवार की दोपहर खुटारी गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रेमी प्रेमिकाओं ने एक दूसरे के साथ सात फेरे लिए और साथ साथ जीने मरने की कसमें खायी। इस युगल जोड़ी के विवाह के साक्षी ग्रामीण बने। ग्रामीणों में इस अनोखे विवाह को लेकर उमंग देखते ही बन रहा था। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाया जा रहा था। ग्राम प्रधान पति बेदौली अजय कुमार व ग्राम प्रधान खुटारी पुत्र कृष्ण मुरारी ने इस प्रेमी प्रेमिकाओं के प्रेम को शादी के बंधन में बांधा। समाज में इस तरह के प्रेमी प्रेमिकाओं के प्रेम को शादी के बंधन में बाधना पुण्य का काम है। इस दौरान पूर्व प्रधान बेदौली रामचंद्र सिंह पटेल, देवराज सिंह, पिंटू, संजय, सुरेश, सौरभ, वीरेंद्र सिंह व भारी संख्या में पुरुष व महिला ग्रामीण मौजूद रहे।



## जनता दल युनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष बने सत्येंद्र पटेल

**मीरजापुर।** जिले में कभी सपा का परचम फहराते हुए प्रदेश सचिव तक का सफर करने वाले सत्येंद्र पटेल को जनता दल युनाइटेड का प्रदेश अध्यक्ष संयोजक नियुक्त किया गया है। लखनऊ में 12 मार्च को इसकी घोषणा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह ने किया। पद का दायित्व मिलने के बाद सत्येंद्र पटेल दल का कारवाँ बढ़ाने में जुट गये। इसके लिए पार्टी की रीति और नीति तथा नितीश बाबू के कार्यों को लेकर सदस्यता अभियान में जुटे हैं। श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। लोगों के घर घर जाकर जनता दल युनाइटेड से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल तक 20 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभियान में जुटे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष संयोजक ने कहा कि 15 वर्षो में बिहार में गुणात्मक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्य मंत्री नितीश कुमार कम बोलते हैं और काम ज्यादा करते हैं। कहा कि देश का आम आदमी महंगाई से सिकुड़ता जा रहा है। शिक्षा महंगी होती जा रही हैं। उच्च शिक्षा को कौन कहे प्रारम्भिक शिक्षा के लिए भी अपना बजट बनाना पड़ रहा है। शिक्षा का व्यापारीकरण कर दिया गया है। भले ही इसे मौलिक अधिकार की सूची में शामिल किया गया है, लेकिन शिक्षा भी अब दूर की कौड़ी होती जा रही हैं। अब तो एक साल में नहीं दो पार्ट कर हर छह माह पर उसी कोर्स का फीस वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार और गुजरात माडल का तुलना कर लिया जाय तो बिहार विकास में सबसे आगे मिलेगा। जदयू को महंगाई से बचने, विकास, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, किसान हित एवं महिला सुरक्षा के लिए देश में परिवर्तन को आवश्यक बताया। कहा कि शांति से उत्थान के लिए जनता दल युनाइटेड समय की मांग है। लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष संयोजक का दायित्व ग्रहण के दौरान जदयू के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, एमएलसी रविंद्र सिंह, आफाक अहमद खां समेत प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे। सत्येंद्र पटेल ने 2008 में राजनैतिक सफर शुरू किया था। उनके जुझारू तेवर को देखते हुए युवा नेता को सपा ने मड़िहान विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2012 में प्रत्याशी बनाया था। सपा को अलविदा कर श्री पटेल 9 जुलाई 2022 में जनता दल युनाइटेड से जुड़ गए। जो अब पार्टी को गति देने में लगे हैं। जिले में कभी सपा का परचम फहराते हुए प्रदेश सचिव तक का सफर करने वाले सत्येंद्र पटेल को जनता दल युनाइटेड का प्रदेश अध्यक्ष संयोजक नियुक्त किया गया है। लखनऊ में 12 मार्च को इसकी घोषणा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह ने किया। पद का दायित्व मिलने के बाद है सत्येंद्र दल का कारवाँ बढ़ाने में जुट गये। इसके लिए पार्टी की रीति और नीति तथा नितीश बाबू के कार्यों को लेकर सदस्यता अभियान में जुटे हैं। सत्येंद्र पटेल ने 2008 में राजनैतिक सफर शुरू किया था। उनके जुझारू तेवर को देखते हुए युवा नेता को सपा ने मड़िहान विधान सभा क्षेत्र से वर्ष 2012 में प्रत्याशी बनाया था। सपा को अलविदा कर श्री पटेल 9 जुलाई 2022 में जनता दल युनाइटेड से जुड़ गए। जो अब पार्टी को गति देने में लगे हैं। बताया कि सदस्यता अभियान संपन्न होने के बाद प्रांतीय सम्मेलन होगा। इसके बाद प्रदेश के हर जिले में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिले में कभी सपा का परचम फहराते हुए प्रदेश सचिव तक का सफर करने वाले सत्येंद्र पटेल को जनता दल युनाइटेड का प्रदेश अध्यक्ष संयोजक नियुक्त किया गया है। लखनऊ में 12 मार्च को इसकी घोषणा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह ने किया। पद का दायित्व मिलने के बाद है सत्येंद्र दल का कारवाँ बढ़ाने में जुट गये। इसके लिए पार्टी की रीति और नीति तथा नितीश बाबू के कार्यों को लेकर सदस्यता अभियान में जुटे हैं।


सत्येंद्र पटेल

**खुशी**

2024 के चुनाव में सत्येंद्र पटेल की होगी अग्नि परीक्षा

2012 में सपा से लड़ चुके हैं विधायकी का चुनाव

# मांगों पर अड़े बिजली कर्मी, कई जगहों की बत्ती गुल

**नारेबाजी**

### प्रबंधन पर लगाया सरकार को गुमराह करने का आरोप, टकराव के हालात

**जनसंदेश न्यूज**



हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी

**सोनभद्र/ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिले में शुक्रवार को दूसरे दिन भी बिजली कर्मियों की हड़ताल जारी रही। बिजली कर्मी कार्यालयों ताला जड़कर बाहर धरने पर बैठे रहे। ओबरा तापीय परियोजना के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियंताओं और निविदा व संविदा कर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल गुरुवार की रात्रि 10 बजे से प्रारंभ हो गई है। दूसरे दिन शुक्रवार को भी अपनी मांगों पर अड़े बिजली कर्मियों ने कुछ बिजली प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी इं अभय प्रताप सिंह, शशिकांत श्रीवास्तव, अजय सिंह, धुरंधर शर्मा, इं आर जी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि 3 दिसंबर 2022 को प्रदेश ऊर्जा मंत्री के समक्ष हुए लिखित समझौते को लागू कराने की मांग को देखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल की जा रही है। बताया कि ऊर्जा मंत्री द्वारा समझौते को लागू करने हेतु 15 दिन का समय मांगा गया था, बावजूद इसके लगभग115 दिन का समय बीत जाने के पश्चात भी उक्त समझौते को लागू नहीं किया गया। यह उच्च बिजली प्रबंधन और ऊर्जा मंत्री की हठधर्मिता को दशार्ता है। बार-बार प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रभावी हस्तक्षेप करने की मांग के पश्चात भी कोई सार्थक कार्यवाही बिजली कर्मियों के हित में नहीं की जा रही है। इस अवसर पर इं समीर भटनागर, इं अजय कुमार राय, इं अजय कुमार उपाध्याय, अब्दुल निषाद, निखिल चतुवेर्दी, एस के मिश्रा, शमशाद अहमद, इं एम ए खान, रिंकेश कुमार, विनोद कुमार, हरदेव नारायण तिवारी, उमेश कुमार, दिनेश यादव, उमेश कुमार, श्रीकांत गुप्ता, आनंद कुमार पटेल, गौरी शंकर मंडल, पशुपतिनाथ विश्वकर्मा सहित सैकड़ों कर्मचारी अधिकारी व संविदा के लोग उपस्थित रहे।

### हड़ताल के पहले दिन कई विद्युत इकाइयां बंद, 460 मेगावाट उत्पादन लुढ़का

**ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर चल रही हड़ताल के चलते कई इकाईयां बंद हो गई है। ओबरा तापीय परियोजना की 11 वीं इकाई देर रात्रि लगभग पौने 2 बजे के करीब बंद हो गई तथा 9वीं इकाई भी शुक्रवार की भोर सवा 6 बजे के करीब बंद हो गई। दोनों इकाइयों के बंद हो जाने से ओबरा परियोजना का उत्पादन 250 मेगावाट के करीब कम हो गया। वही ओबरा परियोजना की वर्तमान में 12वी इकाई से 113 मेगावाट तथा 13वी इकाई से 118 मेगावाट बिजली उत्पादन चल रहा है। परियोजना जानकारों की मानें तो शुक्रवार की देर रात्रि के बाद कभी भी दोनों बंद हो सकती हैं। उधर अनपरा तापीय परियोजना के अ तापघर की पहली तथा दूसरी इकाई के बंद हो जाने से 210 मेगावाट उत्पादन बंद हो गया। वही ब ताप घर की एक इकाई से मात्र 425 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इसके चलते कई शहरों तथा जनपदों की बिजली पूरी तरह से बंद होती जा रही है और आम जनमानस को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा ओबरा तथा अनपरा की परियोजनाओं को चलाने हेतु बुलाए गए एनटीपीसी की कर्मचारियों को परियोजना की जानकारी कम होने के चलते गलत तरीके से मशीनों का संचालन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिसका बड़ा खामियाजा प्रदेश सरकार को उठाना पड़ सकता है।

# आदिवासियों के साथ हुआ छलः आईपीएफ

**आरोप**

### 11 अप्रैल से निकलेगी दुद्धी विकास यात्रा, तहसील कमेटी की बैठक में हुआ फैसला

**म्योरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों में बड़ा प्रचार किया था कि उनकी सरकार वन अधिकार कानून में लोगों को पट्टा देगी, इसके लिए बाकायदा 15 नवंबर को मुख्यमंत्री बभनी आए और पट्टा देने की घोषणा की, लेकिन आज तक आदिवासियों और वन आश्रितों को पट्टा देने की कार्यवाही नहीं की गई। यहां तक की जिन लोगों को कार्यक्रम में सहमति पत्र दिया गया उन्हें भी पट्टा नहीं मिला है, इसलिए वनाधिकार कानून के तहत जमीन पर अधिकार के लिए आईपीएफ अभियान चलाएगी और 11 अप्रैल से आश्रम मोड़ से शुरू कर पूरे दुद्धी में विकास यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में जमीन के साथ रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य, लोकतंत्र व पर्यावरण के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। यह निर्णय ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की तहसील कमेटी की बैठक में लिया गया। आईपीएफ के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कहा कि आदिवासी बहुल दुद्धी तहसील पूर्णतया सरकारी उपेक्षा का शिकार है। हालत ये है कि विधायक के अपने गांव में भी मनरेगा जैसी रोजगार देने वाली योजना ठप पड़ी हुई है। पूरे दुद्धी में मनरेगा में काम नहीं हो रहा है, सिंचाई सुविधा न होने से खेती किसानी चौपट है, रोजगार के अभाव में लोग पलायन करने के लिए विवश हैं। इसलिए दुद्धी के समग्र विकास के लिए विकास यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने समाज के सभी तबकों और नागरिकों से यात्रा में जुड़ने और मदद देने का आव्हान किया। वहीं बिजली कर्मचारियों की जारी हड़ताल का समर्थन किया गया। बैठक में कृपाशंकर पनिका, मनोहर गोंड, मंगरू प्रसाद श्याम, महावीर गोंड, शंख लाल गोंड, सविता गोंड, गुंजा गोंड, सुखवंती गोंड, इंद्रदेव खरवार, राम चंद्र पटेल, बिरझन गोंड आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बिजलीकर्मियों की हड़ताल को लेकर जोनल स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी ने बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत रखते हुए अग्रिम आदेशों तक कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के विद्युत कार्यालयों एवं विद्युत उपकेन्द्रों की सुरक्षा एवं आपातिक स्थिति में प्रभावी नियंत्रण एवं वैकल्पिक व्यवस्था हेतु जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगी। निर्धारित उप केन्द्रों पर सम्बन्धित स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरन्तर उपस्थित रहते हुए पर्याप्त निगरानी रखेंगे तथा संबंधित उपकेन्द्रों से निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए जोनल एवं सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित रखते हुए अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपाधीक्षकगण अपने परिक्षेत्र के उपकेन्द्रों पर कार्यरत विद्युत कर्मियों, जो हड़ताल में प्रतिभाग नहीं करना चाहते हैं, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य आवश्यक वैकल्पिक उपायों की भी व्यवस्था सुनिचित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। पुलिस अधीक्षक आवश्यकता के दृष्टिगत अपने स्तर से भी विभागीय कड़े निर्देश निर्गत करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। नामित अधिकारीगण निर्देशों के त्वरित अनुपालन करते हुए आवश्यकतानुसार किसी भी आपातिक स्थिति से अपर जिला मजिस्ट्रेट के मोनं-9454417640 एवं पुलिस अधीक्षक के मोनं-9454400304 अथवा जिला मजिस्ट्रेट के मोनं-9454417569 पर प्राथमिकता के आधार पर अवगत करायेंगे।

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, जवानों से लगवाई दौड़

**सोनभद्र।** एसपी डा यशवीर सिंह ने चुर्क पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार को परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से परेड की दौड़ लगवाई। इस दौरान यूपी -112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के परिवहन शाखा, ड्रोन कैमरे, स्टोर एवं पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पेड़ से लटकता मिला वृद्ध का शव, सनसनी

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजासरई गांव में गुरुवार की रात वृद्ध ने घर के सामने पलाश के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। बताया गया कि राजासरई गांव निवासी 66 वर्षीय शिवनारायण गोंड पुत्र महीपत गोंड ने गुरुवार को पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। मृतक के पुत्र देवधारी ने बताया कि सभी लोग रात में भोजन करने के बाद सोने चले गए। इसके बाद वह कब जाकर फांसी लगा लिये, इसका पता नहीं चल सका। सुबह जब लोग सोकर उठे तो घर के सामने पेंड़ से लटकता शव देख होश उड़ गए। शव देख परिजनों ने रोना चीखना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गये। इसकी सूचना देवधारी ने प्रधान तथा पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक आर एस शर्मा घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया।

### 15 ग्राम हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संजय यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी देउरा, थाना चकरघट्टा, चन्दौली, वर्तमान पता वार्ड नं0-11 विकासनगर, राबर्ट्सगंजव महेश पुत्र रामलोचन कोल निवासी रौप, राबर्ट्सगंज को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद किया। इस संबंध में पुलिस ने संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

### रोजगार मेले में 64 का चयन

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विधानसभावार रोजगार मेले के क्रम में विधानसभा रावर्ट्सगंज के जिला सेवायोजन कार्यालय लोढ़ी परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 250 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। निजी क्षेत्र की 11 कम्पनियाॅ प्रतिभाग कर विभिन्न पदों पर 64 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में अधिकारी, कर्मचारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### दुद्धी विधायक मामले में 7 अप्रैल तक फैसला स्थगित

**सोनभद्र।** साढ़े आठ साल पूर्व नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में एडीजे द्वितीय/एमपी/एमएलए कोर्ट सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत में शुक्रवार को दुद्धी विधायक रामदुलार के मामले में फैसला सुनाया जाना था, लेकिन न्यायालय ने 7 अप्रैल तक के लिए फैसला स्थगित कर दिया।

### पुत्री के नाम बैनामा करने रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंचे पिता, बेटा, बहु ने किया हंगामा

**दुद्धी।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के हरनाकछार निवासी एक पिता 5 पुत्रियों के नाम 5-5 विश्वा जमीन बैनामा करने के लिए शुक्रवार की दोपहर उप निबंधन कार्यालय पहुंचे। प्रक्रिया चल ही रही थी कि अचानक उनका इकलौता बेटा अपनी माँ, पत्नी के साथ दो बच्चों को लेकर पहुंच गया और इस बैनामे का विरोध करने लगा। नौबत ऐसी आयी कि हाथापाई तक पहुंच गयी। देखते ही देखते तमाशबीनों की भीड़ लग गयी। बीच बचाव करते अधिवक्ताओं ने किसी तरह से झगड़ते हुए सगे संबंधियों को छुड़ाया। उधर मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सजंय सिंह ने झगड़ रहे बाप बेटे को समझाया। उधर अचानक रजिस्ट्रार कार्यालय पर हो रहे हाथापाई से सभी स्टाफ सहम गए।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र स्थित पतगढ़ी गांव में 28 वर्षीय विवाहिता का शुक्रवार की सुबह बड़ेर में फंदे के सहारे लटकता शव मिलन से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। चोपन थाना में राजेश उर्फ भोला ने तहरीर देकर सूचना दिया कि मेरी पत्नी सुनीता बड़ेर में साड़ी के फंदे के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली है, मृतका सुबह दो बच्चों को खाना खिलाकर अपने कमरे में आराम करने चली गई और मैं अपनी मां के साथ बकरी चराने पास के ही जंगल में चला गया। घर वापस पहुंचने पर मेरी मां ने देखा कि सुनीता फांसी के फंदे पर झूल रही थी। यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। घटनाक्रम की जानकारी गांव के लोगों ने प्रधान व चोपन पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया।

### वज्रपात से युवक की मौत, कोहराम

**बभनी।** थाना क्षेत्र के पिपराखांड़ गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। बताया गया कि मोहम्मद शमशेर 32 पुत्र ऐनुलहक निवासी बभनी की आकाशीय बिजली से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शमशेर पिपराखांड काम करने गया था। लगभग तीन बजे अचानक मौसम खराब हुआ और बुंदा बांदी शुरू हो गयी। कुछ देर बाद बारिश तेज हो गई और बिजली चमकने लगी। बारिश से बचने के लिए शमशेर वहीं आम के पेड़ के नीचे चला गया। इसी बीच तेज बिजली चमकी और आम के पेड़ पर जा गिरी। बिजली गिरते ही शमशेर वहीं गिर कर तड़फड़ाने लगा। वहीं कुछ दूरी पर अन्य मजदूरों ने शोरगुल किया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। लोग तत्काल शमशेर को निजी साधन से अस्पताल ले आये, जहां चिकित्सक डा. दिशा गुप्ता ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही मां अख्तरी निशा और पत्नी नूरशबा दहाड़े मारकर रोने लगी। मृतक शमशेर के दो लड़कियां और एक लड़का है। वहीं मौत की खबर लगते ही गांव में मातम सा छा गया।

# अनुराग हत्या कांड को सदन में उठाएगी बसपाः विश्वनाथ पाल

**मामला**

### बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पेढ़ गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात दी सांत्वना

**जनसंदेश न्यूज**


मृतक अनुराग के परिजनों से वार्ता करते बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देश पर शुक्रवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्विनाथ पाल ने घोरावल विधानसभा के पेड़ गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मामले की जानकारी लिया। बीते दिनों नौ वर्षीय अनुराग पाल की अपहरण कर हत्या कर दी गई थी।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हाल जाना और त्वरित कार्रवाई कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी जिलाध्यक्ष बी सागर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए बात करेगा। साथ ही सदन में भी इस मामले को उठाया जाएगा।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सोनभद्र में विगत कई वर्षों से लगातार भूमि विवाद में हत्याएं अपहरण जैसी समस्याएं पनप रही हैं। जिस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। बसपा की सरकार होती तो ऐसी समस्याएं उत्पन्न नहीं होती। वर्तमान सरकार पिछड़े समाज के साथ अन्याय कर रही है। समाज का एक भारी तपका आज पीड़ित और समस्याओं से घिरा हुआ है ऐसे में हम पिछड़े समाज के दुख दर्द में खड़े होने का काम करेंगे और उनको न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज मिजार्पुर मंडल डॉक्टर अशोक कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है आए दिन अपहरण हत्याएं लूट बलात्कार जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिस पर सरकार फेल साबित हो रही है बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे और पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। मुख्य जोन इंचार्ज अमरेंद्र बहादुर भारतीय साहब ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को बढ़ावा दे रही है जनता से इसका कोई सरोकार नहीं है जनता को लोभ लालच देकर गुमराह कर रही है जिससे देश का भारी नुकसान हो रहा है जब जब भाजपा की सरकार होती है देश प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ जाते हैं ऐसे में सरकार अपनी गलतियों को छिपाने के लिए अपना दोष पूर्व की सरकारों पर मढ़ देती है ऐसी सरकारों को उखाड़ फेंकने की जरूरत है तभी सर्व समाज के लोगों का मान सम्मान स्वाभिमान और जीवन सुरक्षित हो पाएगा। इस मौके पर गुड्डू राम, सत्यनारायण जैसल, शशि भूषणश साजन कुमार गौतम जिला पंचायत सदस्य, रामचंद्र बिंद, जिलाध्यक्ष बी सागर, जमुना कुमार, प्रेमनाथ गौतम, बलवंत रंगीला, अमन मौर्य, राजकुमार भारती, राजेश भारती, अशोक सागर ,महेंद्र सेन, भगवानदास भारती, शेषधर पाल ,रमेश पाल, पवन प्रधान, राजेश गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सख्ती से शौचालय घोटालेबाजों पर कार्रवाई की जगी आस

**जनसंदेश न्यूज**

**जगी उम्मीद**

### दो वर्षों में दर्जनों बार शिकायत के बाद भी मिली गलत रिपोर्ट पर नहीं हुई कार्रवाई

**दुद्धी।** विकासखण्ड के टेढ़ा ग्राम पंचायत में हुए शौचालय घोटाले में घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई होने की आस डीएम के सख्त तेवर देख जग गयी है। ग्रामीणों को डीएम से पूरी उम्मीद है कि उनके यहां हुए 53 शौचालयों के धन गबन करने वाले घोटालेबाजों पर अब कार्रवाई हो जाएगी। बता दें कि पिछले दो वर्षो से लगातार गांव में हुए शौचालय घोटाले की फरियाद लगा रहे 62 वर्षीय अमरनाथ यादव ने बताया कि इस मामले में कई बार ब्लॉक के अधिकारियों से लेकर, डीपीआरओ, जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से पत्र लिखा।

इसके अलावा दर्जनों बार तहसील समाधान दिवस में फरियाद लगाई। 60 - 65 बार शिकायत किया लेकिन शौचालय के धन का गबन करने वाले सचिव पर कोई कार्रवाई नही हुई। अब अखबारों के माध्यम से शौचालय प्रकरण में जिलाधिकारी सख्त तेवर में आये हैं तो प्रकरण में पूरी कार्रवाई की उम्मीद जग गयी है। अमरनाथ ने बताया कि गांव में एक वर्ष पूर्व जब डीपीआरओ गांव आये थे, तो उन्होंने हर पॉइंट पर ले जाकर स्थलीय निरीक्षण कर शौचालय में गबन की शिकायत की थी। उन्होंने इस प्रकरण में एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की बात कही थी। लेकिन उसके बाद मामले को दबा दिया गया। इसके बाद लगातर तहसील दिवस में जब शिकायत करता तो आख्या यह आती है कि अभी कोडिंग कराया जा रहा है।

गांव में शौचालय पूर्ण हो गया है, अभी अपूर्ण है पूर्ण कराया जा रहा है, अभी बजट नहीं है जल्द पूर्ण कराया जाएगा। मानक के अनुरूप कार्य कराया जा रहा है। हर बार गलत रिपोर्ट लगाकर मामले को निस्तारित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में दो बार डीपीआरओ कार्यालय पर भी मिले है, वहां केवल अश्वासन मिला। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। पिछले तहसील दिवस पर उन्होंने शौचालय घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मण्डलायुक्त डा. मुत्थुकुमार स्वामी बी को भी शिकायती पत्र सौंपा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि सचिव इतना मनबढ़ व दबंग है कि जब वह गांव का सेक्रेटरी था तो गांव में तीन चबूतरा बनवाने के नाम पर बिना चबूतरा बनवाये साढ़े तीन लाख रुपये निकाल लिए थे, जब डीपीआरओ गांव दौरे पर आए थे तो मामले को अवगत कराया था, तो धन आहरण के एक वर्ष बाद आनन फानन में तीनों चबूतरा का निर्माण तो करवा दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई।

# स्वच्छ पत्रकारिता लोकतंत्र का प्राणः भूपेश चौबे

**ओबरा।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) वाराणसी के तत्वावधान में ओबरा में क्षेत्रीय पत्रकारों और भारत सरकार के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से वातार्लाप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ राबर्ट्सगंज विधायक भूपेश चौबे, पत्र सूचना कार्यालय और सीबीसी, लखनऊ के अपर महानिदेशक विजय कुमार, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वरीय प्राध्यापक डॉ बाला लखेंद्र, खंड विकास अधिकारी सुनील वर्णवाल, वरिष्ठ लेखक अजय शेखर, पीआईबी वाराणसी के मीडिया एवम संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि स्वच्छ पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राण है। निर्भयता पूर्वक सच्ची व अच्छी पत्रकारिता करना आपका कर्तव्य है। आपकी रिपोर्ट सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य की सरकार लोगों की मदद और सक्षम लोगों को अवसर देने वाली सरकार है। पत्र सूचना कार्यालय और सीबीसी, लखनऊ के अपर महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक एवं विकासात्मक रिपोर्टिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वातार्लाप का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया सरकार की आंख और कान के रूप में कार्य करता है। यह वातार्लाप कार्यक्रम दोतरफा संवाद का माध्यम है और इस आकांक्षी जिले में ऐसे कार्यक्रम कराने का उद्देश्य यही है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोग ज्यादा से ज्यादा उठा सकें। तथ्यों पर आधारित पत्रकारिता पर बल दिया। वरिष्ठ लेखक अजय शेखर ने अपने क्षेत्र में पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना की। उन्होंने एक मंच पर विधायिका, कार्यपालिका और पत्रकारों को एकजुट करने के लिए पीआईबी को धन्यवाद दिया। वरिष्ठ पत्रकार राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि आज की पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे हालात में अच्छी, स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की समाज में जरूरत और बढ़ गई है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने भारत सरकार द्वारा पत्रकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही पत्रकार कल्याण योजना के बारे में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन सुनील तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया, पसूका वाराणसी के सत्येंद्र कुमार, शिव कुमार झा और बीरबल पाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण

### अधिवक्ता से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत भलुआ टोला निवासी अधिवक्ता अनिल चौधरी के साथ मारपीट व गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। अधिवक्ता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। दिए तहरीर में श्री चौधरी ने बताया कि बीते 16 फरवरी की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे आकाश दुबे पुत्र सुशील दुबे निवासी चोपन रोड बैरियर अपने दर्जनभर साथियों के साथ उनके घर पर आया और जबरदस्ती मारपीट व गाली गलौज करने लगा। आरोप लगाया कि आकाश ने मौके से किसी शशांक नाम के व्यक्ति को फोन कर-के कहा कि कट्टा लेकर भलुआ टोला में लक्ष्मी निवास पर जल्दी आओ, अनिल चौधरी को गोली मारनी है। यह सुनकर अधिवक्ता चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को देखते हुए उक्त व्यक्ति जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। तहरीर के अनुसार पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आकाश के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# देश हित में एनटीपीसी का योगदान सराहनीय

**बोली अंजू बाला**

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग सदस्या ने विकास परक योजनाओं की समीक्षा की

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या डा. अंजू बाला ने शुक्रवार को जनपद में कार्यरत प्रमुख संस्थाओं एनसीएल, बैंक आदि की नियमानुसार गहन समीक्षा की। अपने अवस्थापन के दौरान डा अंजू बाला ने एनटीपीसी के देश हित में किए गए योगदान की सराहना की एवं एनटीपीसी सिंगरौली के समाज परक योजनाओं बालिका सशक्तिकरण अभियान, मोबाईल स्वास्थ्य सेवा, अनुसूचित जाति हेतु विशेष रूप से गठित डा. अंबेडकर स्कूल विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने एनटीपीसी लिमिटेड की प्रमुख पहल, बालिका अधिकारिता मिशन की सराहना करते हुए कहा कि इसके तहत हर साल कक्षा-5वीं सरकारी स्कूलों की 120 ग्रामीण छात्राओं को उनके व्यक्तित्व विकास के लिए एक महीने का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रत्येक बैच में से 10% मेधावी छात्रों को एनटीपीसी सिंगरौली स्कूल में 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली एक जिम्मेदार संस्था होने के नाते आसपास के समुदायों में अपने सामाजिक विकास और कल्याणकारी पहलों को जारी रखेगी। राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली ने स्थानीय समुदायों के विकास हेतु एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने एनटीपीसी सिंगरौली की एक सीएसआर पहल, डॉ अंबेडकर विद्यालय जैसी उल्लेखनीय विकास सामुदायिक परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिसमें वंचित ग्रामीण एससी-एसटी के 800 से अधिक छात्रों-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। एवं स्थानीय ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित वनिता रसोई का भी उल्लेख किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर सभागार में आयोजित समीक्षा के दौरान सदस्या ने कहा कि प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये।

उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्तियों को समय से न्याय दिलाने का कार्य किया जाये और उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ-साथ ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाये। इस दौरान सदस्या, एसके. सिंह निदेशक एन.सी.एस.सी, डीएम, पुलिस अधीक्षक, परियोजना प्रमुख द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली अतिथिगृह प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। बैठक में बीके भोला, स्वतंत्रता कुमार, श्याम प्रताप सिंह, सतीश कुमार गुजरानिया, सिद्धार्थ मण्डल, विशाल सिंह, रमाशंकर यादव, राजीव सिंह, राजेश कुमार, खैरवार, विनय कुमार सिंह समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।



एनटीपीसी सभागार में योजनाओं की समीक्षा करती सदस्य डा. अंजू बाला

### स्वास्थ्य विभाग के गोदाम में लगी आग, करोड़ों का सामान खाक

**सोनभद्र।** जिला अस्पताल के सामने अंचल प्रशिक्षण केंद्र के परिसर में बने चिकित्सा अधिकारी के आवास में बने गोदाम में गुरुवार की रात आग लगने से उसमें रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। बताया गया कि लगभग 12 बजे रात के बाद उक्त गोदाम में आग लग गयी। जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी/अधिकारी उक्त गोदाम पर पहुंच फायर ब्रिगेड को बुलाया और आग बुझाने का प्रयास किया गया। शुक्रवार की सुबह जब यह खबर मिली तो मीडिया कर्मी भी वहां पहुंच गए और तब तक उक्त गोदाम में आग जलता देख मुख्यचिकित्साधिकारी को सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी ने सबसे पहले दुबारा फायर ब्रिगेड को बुलवाकर आग बुझाने की कवायद की। अगलगी के बाबत सीएमओ ने कहा कि समिति बनाकर हर पहलू की जांच कराई जाएगी और यदि जांच में कोई दोषी मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# हड़ताल से चरमराई बिजली आपूर्ति

**परेशानी**

## कई उपकेंद्रों से आपूर्ति ठप लेखपाल और अमीनों की तैनाती पर उठ रहे सवाल

जनसंदेश न्यूज



हड़ताल के कारण सुनसान पड़ा चंदौली विद्युत उपकेंद्र।

**चंदौली।** जिले में पिछले दिनों से प्रदर्शन कर रहे बिजली विभाग के कर्मचारी 72 घंटे के हड़ताल पर चले गए हैं। इसको लेकर बिजली विभाग कर्मचारियों ने बिजली भी काट दी है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में कई घंटों के लिए विद्युत आपूर्ति ठप है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि उपकेंद्रों पर लेखपाल और अमीनों की ड्यूटी लगाई गई है। परन्तु उनके पास टेक्निकल जानकारी नहीं होने से तैनाती का लोगों को मतलब समझ में नहीं आ रहा है।

आपको बता दें कि जिला मुख्यालय से सटे सैयदराजा, बबुरी, बरौली सहित बनौली उपकेंद्र से सदलपुरा और बसनी फीडर को बिजली आपूर्ति की जाती है। परन्तु गुरुवार की देर शाम से ही दोनों फीडरों से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई है। उपकेंद्र पर सरकारी लाइन मैन के साथ एक लेखपाल और अमीन को तैनात किया गया है, परन्तु राजस्व कर्मियों के पास टेक्निकल जानकारी नहीं होने से लोग उपकेंद्र पर मूक दर्शक बनकर बैठे हुए है। शुक्रवार की सुबह मुख्यालय पर कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति की गई लेकिन गांव में भी कटौती अभी जा रही है। यही नहीं उपभोक्ताओं की माने तो नगर सहित मुख्यालय से आपूर्ति की जाने वाली विद्युत आपूर्ति समय समय के लिए जा रही है। इसके चलते कल कारखाने सहित अन्य छोटे-मोटे दुकान भी प्रभावित हो रहे हैं जिसके चलते उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है लेकिन विभाग के अधिकारी अभी भी अपनी मांगों पर अड़े हुए जबकि प्रशासन का दावा है कि विद्युत व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के लिए प्रयास जारी है। यही नहीं वही गुलजार रहने वाले उपकेंद्र भी पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है। कर्मचारियों से कभी गुलजार रहने वाले उपकेद्र सुनसान है।

# विद्युत आपूर्ति बंद, ठप कई औद्योगिक ईकाइयां

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** औद्योगिक क्षेत्र रामनगर फेस एक में रात्रि 12:15 बजे से 4 फीडरों पर विद्युत सप्लाई बंद हो गई है, जिससे पचास से अधिक इकाईयों में विद्युत सप्लाई बंद होने से उत्पादन ठप हो गया, जिससे हजारों कर्मचारी कारखाना बंद होने से निराश व व्यथित बैठ गये। रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मिश्रा ने बताया कि मार्च में उद्यमियों पर उत्पाद सप्लाई, सप्लायर का भुगतान, जीएसटी पेमेंट, विद्युत बिलों का भुगतान सहित अनेक कठिनाइयां विद्यमान है उस स्थिति में ईकाई बंद होने पर होने वाली समस्या का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

पूरे पूर्वांचल में अकेले रामनगर औद्योगिक क्षेत्र से 500 करोड़ से अधिक का राजस्व प्रदेश सरकार को जाता है उस स्थिति में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपेक्षित व्यवहार बहुत ही कष्टप्रद है। सुबह से मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, सहित सभी से बात होने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता भी असहाय महसूस कर रहे हैं।

प्रबंध निदेशक महोदय का फोन भी नहीं उठ रहा है। विद्युत विभाग की ऐसी संवेदनहीनता असहनीय है। इसे शासन को तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करना चाहिए। जिलाधिकारी चंदौली ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एसडीएम पीडीडीयू नगर को निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार ने औद्योगिक क्षेत्र पहुंच कर विद्युत सप्लाई प्रारंभ करवाई, जिससे उद्यमियों को विद्युत कटौती से निजात मिल पाया।

### शहाबगंज, इलिया उपकेन्द्र की विद्युत आपूर्ति ध्वस्त

**शहाबगंज।** बिजली कर्मियों के हड़ताल पर जाने से शहाबगंज व इलिया उपकेन्द्र से जुड़े गांवों की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार की शाम तक बहाल नहीं हो सका। जिसके कारण ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। वही सरकार की सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति करने की दावा खोखला साबित हो रही है। बिजली विभाग से जुड़े संगठनों के विभिन्न मांगों को लेकर विजली कर्मचारी संघठन हड़ताल पर चला गया है। बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे। इसके लिए प्रशासन ने विद्युत उपकेन्द्रों की कमान अपने हाथ में ले लिया है। लेकिन कोई सक्षम संचालक नहीं मिलने के कारण सुबह से लेकर देर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल करने में प्रशासन नाकाम रहा। जिसके कारण दोनों उपकेन्द्रों से जुड़े सात फीडर के लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। वही पानी की समस्या को लेकर भी ग्रामीण काफी परेशान दिखे।

**सकलडीहा।** बिजली कर्मचारी और अधिकारियों के हड़ताल को लेकर तहसील प्रशासन दिन रात अलर्ट है। शुक्रवार को सकलडीहा विद्युत उपकेन्द्र के तीन फीडरो की सप्लाई ठप होने पर अधिकारी से लेकर राजस्व कर्मी परेशान है। प्राइवेट कर्मचारियों की मदद से विद्युत आपूर्ति बहाल कराया जाय रहा है। एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि प्राइवेट कर्मचारी के सहयोग से आपूर्ति संचालित है। इनके सुरक्षा और खाने की व्यवस्था मुहैया कराया गया है। इस मौके पर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या, कस्बा प्रभारी राजकुमार, राजस्व कर्मी राकेश सिंह, प्रदीप सिंह, चन्द्रभूषण, विकास गुप्ता सहित अन्य नलकूप विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कमालपुर की समस्या को व्यापारियों ने डीएम के समक्ष रखा



कमालपुर कस्बे की समस्या को डीएम के समक्ष रखते व्यापारी।

**चंदौली।** कमालपुर में विगत कई दिनों से जलापूर्ति समस्या होने के कारण बाजार के व्यापारियों में काफी रोष है। उक्त समस्या को लेकर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त अग्रहरि के नेतृत्व में व्यापारियों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने कमालपुर कस्बे की समस्या को मजबूती के साथ रखा। जिसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल अधिशासी अभियंता अमन यादव को तलब करते हुये मौके पर भेजकर पानी की आपूर्ति को चालू करने का निर्देश दिया। कहा कि जन समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका निराकरण करें। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मनोज अग्रहरि, दिलीप मौर्या, इमरान, राजीव अग्रहरि उपस्थित थे।

### भाभाजपा ने मनाया होली मिलन समारोह



**डीडीयू नगर।** भामाशाह भारतीय जन पार्टी व अखिल भारतीय साहू राठौर महासभा के तत्वावधान में मुगलसराय में साहू समाज के एकजुटता और आपसी प्रेम-सौहार्द्र को बढ़ाने के उद्देश्य से गुलाल व अबीर लगाकर समाजिक एकता का परिचय देते हुए होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर भाभाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत गुप्ता ने शिरकत की। इस दौरान मुगलसराय के व्यापारियों के साथ रामप्रकाश गुप्ता उर्फ कल्लू, हरी लाल साहू, बिंदेश्वरी प्रसाद गुप्ता, गिरधारी प्रसाद गुप्ता, रामकरण साहू, चंदौली जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कोटे की दुकानों के आवंटन के लिए नोडल अधिकारी नामित

**चंदौली।** जनपद के विभिन्न विकास खंडों के ग्राम पंचायतों में चार कोटे की दुकान रिक्त हैं। इससे कार्डधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने रिक्त कोर्ट की दुकानों के आवंटन के लिए निर्धारित आरक्षण के अनुसार नियमानुसार प्रस्ताव कराने को नोडल अधिकारी नामित किया है। वहीं तिथि भी निर्धारित की गई है। इस क्रम में नियामताबाद के धपरी में रिक्त कोटे की दुकान के प्रस्ताव 25 मार्च को कराने के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को नोडल बनाया गया है। वहीं कुंडला कला में 27 मार्च को दुकान का प्रस्ताव कराने को जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को नोडल नियुक्त किया है। जबकि चहनियां के टांडाकला में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और धानापुर विकास खंड के गुरैनी में 25 मार्च को राशन के दुकान का प्रस्ताव कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल बनाया गया है। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने निर्देशित किया कि यदि किसी ग्राम पंचायत में बार-बार तिथि निर्धारित होने के बाद भी प्रस्ताव नहीं हो पा रहा है तो आख्या स्पष्ट संस्तुति सहित प्रस्तुत कर अवगत कराया जाए। ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं की जाएगी।

### पुलिस को देख मवेशियों को छोड़कर भागे तस्कर

**कंदवा।** कन्दवा पुलिस ने गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर करौती तिराहा के समीप से पिकअप पर लदे नौ मवेशियों को बरामद किया। मौके से दो पशु तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस पिकअप व मवेशियों को कब्जे में लेकर कागजी कार्यवाही में जुट गई। कन्दवा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात में सूचना मिली की पशु तस्कर पिकअप पर मवेशियों को लादकर वध के लिए बिहार ले जा रहे है। सूचना पर उपनिरीक्षक अमित सिंह, मुन्ना राम, हेड कांस्टेबल धर्मराज, कांस्टेबल मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से करौती तिराहा के समीप पशु तस्कर का इंतजार करने लगे, तभी पशु तस्कर वध के लिए मवेशियों को पिकअप से ले जा रहा था। मौके से पुलिस ने पिकअप पर लदे नौ मवेशियों को बरामद कर लिया। वही अंधेरे का फायदा उठाकर दो पशु तस्कर फरार हो गए। पुलिस पिकअप व मवेशियों को थाने लाकर अगली कार्रवाई में जुट गई। कन्दवा थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फरार दोनों पशु तस्कर का तलाश किया जा रहा है।

### एसपी ने कई पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

**चंदौली।** जिले की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसपी अंकुर अग्रवाल ने निरीक्षक व आधा दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया है। कई उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी बनाए गए हैं। वहीं कुछ चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव भी किया गया है। पुलिस लाइन में रहे विपिन सिंह को चकिया कोतवाली में तैनात किया गया है। शिवमणि तिवारी को सकलडीहा से नई बाजार चौकी प्रभारी बनाया गया है। धरौली चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह को औद्योगिक नगर चौकी भेजा गया है। अखिलेश सोनकर को शहाबगंज में तैनात किया गया है। कन्दवा थाने से आनंद भार्गव को धरौली चौकी के प्रभारी बनाए गए हैं। निरीक्षक जयसिंह को क्राइम इंस्पेक्टर के पद पर बलुआ थाने में तैनात किया गया है।

### किसान कार्यशाला में किसानों को किया जागरूक

**सकलडीहा।** विकास खंड खड़ेहरा स्थित अमर ज्योति सेवा केंद्र द्वारा एक दिवसीय किसान उत्पादक संगठन एफपीओ जागरूकता के तहत किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कृषि उपसंभाग अधिकारी सकलडीहा ललीता कुमारी, मास्टर ट्रेनर बृजेश त्रिपाठी, निदेशक ज्ञान प्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि ललीता कुमारी ने उपस्थित किसानों को अपनी फसल को उचित दामों में बाजार में बेचने व निजी स्तर पर मौसमी फसलों का व्यापार कर लाभ प्राप्त करने व सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को जानकारी दिया गया वही कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, आकाश मौर्य, कार्यकर्ता कालिंदी, संध्या, कविता, सांभा यादव, चिंतामणि व अन्य उपस्थित रहे।

# एससी-एसटी को भूमिहीन बनाने का षड्यंत्र कर रही सरकार

**बोले धर्मेन्द्र**

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन



डीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात की और राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश जमीदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 कानून में परिवर्तन कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हितों को नजरअंदाज करते हुए एक नया आदेश जारी किया है। जिसमें बगैर जिलाधिकारी की अनुमति के एससी-एसटी की जमीन को खरीद सकने का अधिकार प्रदान कर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कहा कि तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें भूमिहीन होने से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 कानून बनाया था। इसके तहत एक सीमित रकबा से अधिक कृषि भूमि यदि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग विक्रय करना चाहते हैं तो उन्हें जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए कानून को निष्क्रिय कर एक नया आदेश जारी किया और यह आदेश कुछ उद्योगपतियों को संपूर्ण भारत बेचने की साजिश के तहत की जा रही है। कांग्रेस इस आदेश का विरोध करती हैं। कहा कि राज्यपाल तत्काल योगी सरकार के इस अनैतिक कृत्य को रोककर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों को पूरी तरीके से भूमिहीन होने से बचाएं। इस दौरान आनंद शुक्ला, रामजी गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, गंगा प्रसाद, तौफीक खान, अरुण द्विवेदी, सतीश बिंद, कुलदीप वर्मा, राममूरत गुप्ता, सत्येंद्र उपाध्याय, कमलेश संत ,रामजी कोल, राजू कुमार, राज किशोर सिंह, दीनदयाल विश्वकर्मा, अविनाश विश्वकर्मा, नरेंद्र तिवारी, किरण श्रीवास्तव, सलीम खान, ज्ञान प्रकाश, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के चकिया चंदौली मार्ग पर बोदारा खुर्द गांव के पास गुरुवार की रात बाइक सवार और साइकिल सवार की आमने सामने आपस में जोरदार टक्कर हो गई। आनन-फानन में घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां बाइक सवार रामबली की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज कराने के बाद घर पहुंचे रामधनी की शुक्रवार की भोर में अचानक से मौत हो गई। सैयदराजा थाना क्षेत्र के औरैया गांव निवासी बाइक सवार रामधनी 32 वर्ष अपने साथी रामबली 40 वर्ष के साथ चकिया क्षेत्र के लतीफशाह में अपनी रिश्तेदारी में गए थे। जहां से रात 7 बजे वे बाइक से अपने गांव वापस जा रहे थे। बोदारा खुर्द गांव के नहर के पास पचवनिया गांव की तरफ से आ रहे साइकिल सवार अभिषेक चौहान की साइकिल और रामधनी की बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। । रामधनी का इलाज कराकर परिजन उसे लेकर घर चले गए। शुक्रवार की भोर में रामधनी कि अचानक हालत खराब हुई और उसकी मौत हो गई।

# अफसर बच्चों के मामले में दिखाएं संवेदनशीलता : एएसपी



पुलिस लाइन में अफसरों संग बैठक करते एएसपी सुखराम भारती।

**चंदौली।** पुलिस लाइन चंदौली स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस ईकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक हुई। इस दौरान एएसपी सुखराम भारती ने सभी को सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट, किशोर न्याय अधिनियम व पोक्सो अधिनियम की धाराओं के विषय मे जानकारी दी। साथ ही बच्चों के मामलों को संवेदनशीलता के साथ प्रमुखता से कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा गुमशुदा बच्चों की बरामदगी करने, बाल-विवाह व बाल-श्रम को रोकने एवं इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने के साथ ही अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद के थानों में नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल संरक्षण के तकनीकी सलाहकार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति, संरक्षण अधिकारी, प्रतिनिधि चाइल्ड लाइन, आशा ज्योति केन्द्र, महिला सामाख्या, महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केंद्र सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# बरहनी में भागवत कथा सुनकर झूम उठे श्रोता



बरहनी भागवत कथा सुनने के लिए उमड़े श्रोतागण।

**कंदवा।** बरहनी गांव स्थित मां मंशा देवी मंदिर परिसर में भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन उपस्थित जनों को कथा का रसपान कराया। संजय कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि ईश्वर का ध्यान जरूरी है। ध्यान मात्र से बाधा रुपी भवसागर को आसानी से पार किया जा सकता है। लय बद्ध तरीके से संगीतमय कथा का उपस्थितजनों को रसपान कराते हुए त्रिपाठी ने ध्रूव कथा के माध्यम से आत्मा व परमात्मा का मिलन, ईश्वर का महत्व समझाने का उपस्थितजनों, श्रोतागणों को प्रयास किया गया। कथा की शुरूआत आचार्य रिषिकेश महाराज द्वारा लयबद्ध तरीके से गणेश, हनुमान वंदना के साथ की गई। अखिलेश कुमार त्रिपाठी के तबले की थाप व नखडू, जितेन्द्र पाठक के हाथ जब बैंजो, हारमोनियम पर थिरके तो कथा प्रेमी व श्रोतागण धूम उठे। देर शाम श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी देख भक्तगण निहाल हो उठे। इस अवसर पर बासदेव तिवारी, विशाल सिंह, राजीव सिंह, नवनीत सिंह, संजय, रामपूजन सिंह, पप्पू सिंह, अनुष्ठान सिंह, बंदना तिवारी, पूजा सिंह, अंशिका सिंह, फूलमती, शकुंतला, महिमा, अनिता, नीलम, मनाकी, फूलमती, खुशी, नव्या सहित अन्य रहे।

### सड़क हादसे के बाद बड़ौरा में दो पक्षों में मारपीट

**शहाबगंज।** लेवा-इलिया मार्ग पर बडौरा गांव के पास शुक्रवार की दोपहर में मोटरसाइकिल व कार की टक्कर में एक व्यक्ति को चोटें आयी। वही बाइक सवार ने सहयोगी के साथ मिलकर कार सवार व्यक्तियों को मारपीट कर घायल कर दिया। कार सवार महिला के जेवर व पैसा छिनने का भी आरोप है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष ने मौके का निरिक्षण किया। पीड़ित पक्ष को मुकदमा दर्ज कराया। बिहार जनपद भभुआ के थाना चांद के बसहा गांव के आजाद सिंह अपने पिता हौसिला सिंह के साथ बहन अनिता सिंह को बसहा से कार से बहन को ससुराल केवटी थाना बबुरी लेकर जा रहे थे। बडौरा गांव के पास कार व बाइक में टक्कर हो गयी, जिसमें वाइक सवार बडौरा गांव निवासी एस पाल 18वर्ष, पीछे बैठी संगीता 30वर्ष को चोटे आयी, जिससे नाराज होकर बाइस चालक के घर वालों ने कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही कार सवार हौसिला सिंह 60वर्ष व आजाद सिंह 28 वर्ष को भी पीट दिया। वही साथ जा रही अनिता सिंह ने मंगल सूत्र, हार, झुमका व नगद 15 हजार छिनने का आरोप लगाया। जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी रघुराज व थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान वेग ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली।

# न्यायालय व सरकारी कार्यालयों के निर्माण के मुद्दे का उठाया

**सौंपा ज्ञापन**

## डीएम से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल



कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

**चंदौली।** दीवानी न्यायालय भवन हेतु चिन्हित जमीन पर निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का एक दल शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मिला। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन ने डीएम को अवगत कराया कि जनपद का सृजन वर्ष 1997 में हुआ था, वहीं सेशन खण्ड की स्थापना वर्ष 1998-99 में की गयी, तब से लेकर आज तक 26 साल बाद भी दीवानी न्यायालय भवन का निर्माण नहीं हो सका। इसके अलावा अधिकारियों का आवास, जिला जेल, एआरटीओ ऑफिस, सेल टैक्स, इनकम टैक्स के अलावा अन्य जनपद स्तरीय कार्यालय व भवन का निर्माण आज तक नहीं हो सका है।

ऐसी स्थिति में दीवानी कचहरी कई खंडो में जैसे तहसील कैंपस में मीडिल स्कूल व सदर ब्लाक में संचालित हो रही तथा कचहरी के सामने वाहन स्टैंड न होने की वजह से अधिवक्ताओं व वादकारियों की गाड़ियां चोरी होती रहती है तथा सड़क जाम की गंभीर समस्या बनी हुई है। सड़क पर गाडी वाहन खड़ा करने की वजह से दुकानदारों व अधिवक्ताओं में तथा पुलिस कर्मियों में टकराव की स्थिति बनी रहती है। न्यायालय भवन व अधिकारी आवास न होने की वजह से वादकारियों को त्वरित सस्ता एवं निष्पक्ष न्याय मिलने में कठिनाई आ रही है। बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा मॉडल कोर्ट बनवाने की घोषणा की गई है। लेकिन नक्शा पास होने की प्रक्रिया शासन में लंबित है। मांग किया कि भवन निर्माण के मामले को अपने स्तर से तत्काल शासन से पहल कर निस्तारित कराने में सहयोग प्रदान करें।

### विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थिति मे लगाई फांसी

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय विवाहिता रुचि सिंह ने पंखे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रघुनाथपुर गांव निवासी बालमुकुंद सिंह के पुत्र प्रदीप उर्फ पिंटू की शादी वर्ष 2009 में धानापुर थाना क्षेत्र के नौपुरा गांव में हुई थी। गुरुवार की रात जब परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर अपने अपने कमरों में सोने चले गए उसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में रुचि ने पंखे के हुंक में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई जिससे उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर बाद कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने जब खिड़की से झांक कर देखा तो रुचि का लटकता शव देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल मिथिलेश तिवारी पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए, जहां से शव को कब्जे में लेकर उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय के मर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार की सुबह सबका पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा



कलेक्ट्रेट में उद्यमियों संग बैठक करते प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड।

**चंदौली।** राज्य मंत्री, समाज कल्याण एवं जनपद के प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं के बाबत चर्चा की। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने, औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत तारों को उच्चीकृत करने, नालियों के समुचित निर्माण व मरम्मत कराने की समस्या को रखा। साथ ही सड़कों को दुरुस्त कराने, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। प्रदेश में 2017 के बाद इंवेस्ट का माहौल बेहतर हुआ है। सरकार उद्योगपतियों को उद्यम लगाने की समस्त सहूलियतें दे रही है। हाल ही में प्रदेश में आयोजित यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन किया गया, इसमें देश विदेश के भारी संख्या में निवेशकों ने प्रदेश में उद्यम लगाने के लिए निवेश समझौते किए हैं। मंत्री ने कहा कि जनपद में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उद्यमियों को समस्त सहूलियतें उपलब्ध कराई जाएंगी तथा उनकी जो भी समस्याएं होगी उसका समुचित निराकरण किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ, विधायक चकिया कैलाश खरवार, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, उपायुक्त उद्योग, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, देव भट्टाचार्य, चंद्रेश्वर जायसवाल सहित अन्य संबंधित उद्यमी व अधिकारी उपस्थित थे।

### विशेष लोक अदालत में 137 ऋण वाद निस्तारित

**चंदौली।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में प्री-लिटिगेशन स्तर पर, बैंकों के ऋण वसूली मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। जनपद के समस्त बैंकों द्वारा अपने अपने शाखा पर किया गया। इसमे 137 ऋण वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें समझौता राशि 15893000 रुपए वसूल किया गया। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा दी गयी।

# स्पोर्ट्स

### हार्दिक सिंह और सविता पूनिया ने जीता वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली। मिडफील्डर हार्दिक सिंह और गोलकीपर सविता पूनिया को शुक्रवार को यहां एक रंगारंग समारोह में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष और महिला हॉकी खिलाड़ी चुना गया। 24 वर्ष के हार्दिक ने अनुभवी मनप्रीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह को पछाड़कर पांचवां बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। हार्दिक ने इस साल जनवरी में ओडिशा में हुए एफआईएच विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूनार्मेंट में आगे नहीं खेल सके। उन्होंने पहले मैच में स्पेन पर 2 . 0 से मिली जीत में गोल किया था। भारत प्री क्वार्टर फाइनल में स्पेन से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गया था। सविता की कप्तानी में भारत ने दिसंबर में एफआईएच महिला नेशंस कप जीतकर महिला प्रो लीग में जगह बनाई।



# भारत 11 साल बाद वानखेड़े में जीता, कंगारू 5 विकेट से हारे

## सिराज, शमी ने आस्ट्रेलिया को 188 रन पर समेटा, भारत का टॉप ऑर्डर फेल



**मुंबई।** भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती एकदिवसीय में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से शिकस्त दी। टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम ने 11 साल बाद वनडे जीता। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 188 रन आउट हो गई। भारत ने 39.5 ओवर में पांच विकेट 191 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत के लिए लोकेश राहुल ने 91 गेंद में नाबाद 75 रन की पारी खेली।

मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के तीन तीन विकेट की मदद से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे में आस्ट्रेलिया को 35 . 4 ओवर में 188 रन पर समेट दिया। आस्ट्रेलिया ने आखिरी छह विकेट 7 . 5 ओवर में 19 रन के भीतर गंवा दिए। हार्दिक पंड्या का दूसरे स्पैल में शमी को जल्दी बुलाने का फैसला सटीक साबित हुआ।

### राहुल ने जड़ी 13वीं फिफ्टी

कैमरन ग्रीन को शमी ने बेहतरीन गेंद पर आउट किया। उन्होंने दूसरे स्पैल में तीन ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट चटकाये। आस्ट्रेलिया के लिये मिशेल मार्श ने 65 गेंद में 81 रन नहीं बनाये होते तो स्कोर और खराब होता । शमी ने छह ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिये। दूसरी ओर दूसरे ही ओवर में भारत को कामयाबी दिलाने वाले सिराज ने दूसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 5 . 4 ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

भारतीय आक्रमण की धार का अंदाजा इस कदर लगाया जा सकता है कि आस्ट्रेलिया के पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल साबित हुये। एक तरफ से विकेटों के पतझड़ के बीच मार्श ने जीवटता का प्रदर्शन करते हुये अपनी 65 गेंदो की पारी में पांच लंबे छक्के और दस चौके लगाये। उनके अलावा कप्तान स्टीवन स्मिथ (22) और जोस इंग्लिस (26) ने टीम के स्कोरबोर्ड को गति देने की असफल कोशिश की। एक समय आस्ट्रेलिया 20वें ओवर में दो विकेट खोकर 129 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर अग्रसर था मगर मार्श के आउट होते ही विकेट का पतझड़ शुरू हो गया जो पूरी टीम के पवेलियन पहुंचने तक जारी रहा।

टीम इंडिया को वानखेड़े स्टेडियम में आखिरी जीत अक्टूबर 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। इसके बाद टीम ने यहां 3 मुकाबले खेले, लेकिन तीनों में हार मिली। 2015 में साउथ अफ्रीका ने 214 रन, 2017 में न्यूजीलैंड ने 6 विकेट और 2020 में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हमें हराया। वर्ल्ड कप साल में वानखेड़े की यह जीत इसलिए भी यादगार है क्योंकि यहीं 2 अप्रैल 2011 की रात भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार वनडे वर्ल्ड कप जीता था।

भारत का टॉप ऑर्डर फेल रहा। टीम ने शुरूआती तीन विकेट 16 रन पर गंवा दिए। टीम इंडिया को पहला झटका 5 रन पर लगा। यहां इशान किशन 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके बाद 16 के स्कोर पर कोहली (4 रन) आउट हुए। टीम ने 16 रन पर तीसरा विकेट भी गंवाया, जब सूर्यकुमार यादव शून्य पर आउट हुए, हालांकि ओपनर शुभमन गिन ने 20 और मिडिल ऑर्डर पर कप्तान हार्दिक पंड्या ने 25 रन बनाए।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 35.4 ओवर में 188 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनिंग करने आए मिचेल मार्च ने 65 बॉल पर 81 रनों की आतिशी पारी खेली। जोश इंग्लिस ने 26 और कप्तान स्टीव स्मिथ ने 22 रनों का योगदान दिया।

## संक्षेप

### विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते घाट अंधेरे में रहे

वाराणसी। विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शुक्रवार को सायंकाल काशी के अधिकांश घाट अंधेरे में रहे। इसके चलते घाट पर आने वाले पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूधिया रोशनी में गंगा आरती की गई। हड़ताल के चलते राणामहल घाट, अहिल्याबाईघाट,प्रयागघाट, मानमंदिर, ललिताघाट, सिंधियाघाट, भोसलाघाट, रामघाट मेहता घाट, बंदीपरकोटा घाट, दुर्गाघाट, पंचगंगाघाट, रींवा घाट, गोलाघाट, त्रिलोचनघाट, नंदेश्वरघाट, रानी घाट, तेलियानाला घाट आदि घाटों पर अंधेरा छाया रहा। इसके साथ ही घाट से जुड़े मुहल्लों में भी अंधेरा छाया रहा। इसके चलते घाट पर आने वाले पर्यटकों की काफी फजीहत हुई। पर्यटक बिजली विभाग के कर्मचारियों को कोसते नजर आये।

### अधिवेशन की तैयारी के लिए रेल पेंशनर्स की बैठक

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे पेन्शनर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल की बैठक पीआरएसएस के आउटडोर शाखा के प्रांगण में मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आगामी समय में नौ अप्रैल को पूर्वोत्तर रेलवे प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाली प्रथम मंडलीय अधिवेशन के लिए की गई तैयारी के प्रति जानकारी लेते हुए संतोष व्यक्त किया। मंडल के सभी शाखाओं छपरा, प्रयागराज राम बाग,बलिया,सारनाथ के प्रतिनिधियों के साथ गोरखपुर मुख्यालय से सभी का आह्वान किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पेन्शनर्स को प्रमाणपत्र सहित विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में मंडल मंत्री सुधीर कुमार सिंह, राजेश सिंह, सुरेश कुमार, रामेश्वर प्रसाद, ए के पाठक, असित मुखर्जी, राजीव कुमार, अशोक कुमार आदि थे।

### अब सोमवार को भी चलेगी वंदे भारत

वाराणसी। नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलने वाली भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत अब सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। सोमवार को भी यह ट्रेन इस मार्ग पर दौड़ेगी। वाराणसी से नई दिल्ली के बीच संचालित होने वाली ट्रेन संख्या 22435/22436 वंदे भारत 20 मार्च से सप्ताह में छह दिन चलेगी। पूर्व में यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिन (रविवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार शनिवार) को संचालित होती थी। लेकिन अब यह ट्रेन सप्ताह में सोमवार को भी संचालित होगी। उत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि इससे दोनों राज्यों की स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन क्षेत्रों में बढ़ोतरी होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत में यात्री सेवा को पुनर्परिभाषित करने वाली नए युग की रेल सेवा है। गतिसीमा 180 किलोमीटर/घण्टा जबकि इसकी परिचालनिक गति 130 किलोमीटर/घण्टा है।



### एकीकृत निक्षय दिवस पर मिली पोषण पोटली

वाराणसी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकीकृत निक्षय दिवस जनपद के सभी 207 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला व मंडलीय चिकित्सालय में मनाया गया। इस दिवस पर क्षय रोग की जांच, परामर्श आदि जनजागरूकता गतिविधियों के साथ ही कुष्ठ, फाइलेरिया व कालाजार उन्मूलन पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न अधिकारियों ने गोद लिए टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की और उनके पोषण व स्वास्थ्य उपचार के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर जनमानस को टीबी संबंधी जांच, निदान, उपचार व परामर्श के साथ पोषण की मदद मिल सके, इसके लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। एकीकृत निक्षय दिवस मनाते हुये टीबी जांच व उपचार की सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके साथ ही गोद लिए गए सभी टीबी रोगियों को हर माह पोषण पोटली व नियमित दवा मिल रही है। पोषण पोटली में भुना चना, गुड़, मूँगफली, चिक्की, सत्तू और अन्य पोषक सामग्री शामिल है। पोषण पोटली की सामग्री का उपयोग सिर्फ क्षय रोगी ही करे, इसके लिए विभागीय कर्मचारी फॉलो-अप कर रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 5880 सक्रिय क्षय रोगी हैं, जिनका उपचार चल रहा है। इसमें से 5353 क्षय रोगियों ने गोद लेने की सहमति दी है जिन्हें 2240 निक्षय मित्रों ने गोद लिया है।

# आउटसोर्सिंग से पांच लाख तक के रखे जायेंगे विशेषज्ञ

**बोले प्रमुख सचिव**

**ऑनलाइन पंजीकरण को हाई स्पीड वाईफाई लगाने का निर्देश दिया**

**वाराणसी।** प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शुक्रवार को श्री शिवप्रसाद गुप्त मण्डलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। पंजीकरण काउंटर पर भीड़ को देखकर एसआईसी को हाई स्पीड वाईफाई लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करने लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखने की बात कही। महिला एसआईसी को पत्रकारों से सामांजस्य बनाकर कार्य करने की नसीहत भी दी। जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को देखते प्रदेश के मंत्री के साथ ही कई अधिकारी शहर में डटे है। शुक्रवार को प्रमुख सचिव एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा सीएमओ डॉ संदीप चौधरी को साथ लेकर श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय अस्पताल निरीक्षण करने पहुंचे। यहां के एसआईसी डॉ एसपी सिंह व अधीक्षक डॉ वी एस त्रिपाठी को साथ लेकर आकस्मिक विभाग, माइनर ओटी, बहिरंग विभाग, निःशुल्क सीटी स्कैन, पैथालॉजी, ब्लड बैंक व जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। पंजीकरण काउंटर पर मरीजों व उनके तीमारदारों की भीड़ देखकर कहा कि आमजन की सहूलियत के लिए जल्द से जल्द हाई स्पीड वाईफाई लगाये, जिससे ऑनलाइन पंजीकरण करने वालों को दिक्कत न हो। इस दौरान पत्रकारों द्वारा अस्पतालों में चिकित्सकों व अन्य कर्मियों की कमी की बात बताने पर प्रमुख सचिव ने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से पांच लाख तक के विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के किये निविदा निकाला गया है। जल्द ही उनकी कमी दूर हो जाएगी। इसके बाद वह महिला अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंचे। एसआईसी डॉ मनीषा सिंह सेंगर को साथ लेकर अस्पतालों के सर्जिकल वार्डों व ओटी का निरीक्षण किया। इसके बाद वह आयुष विंग का भी निरीक्षण किया। वहां के लोगों ने बताया कि उनके यहां सर्जिकल सामानों की काफी कमी है। उन्होंने कमी को जल्द दूर कराने का आश्वासन दिया।



### पत्रकारों से सामंजस्य बनाकर करें कार्य

महिला अस्पताल की एसआईसी डॉ.मनीषा सिंह सेंगर से उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मीडिया लोकतंत्र का एक मजबूत पिलर है इनके साथ बिना सामंजस्य बनाये विकास की बात नहीं की जा सकती उन्होंने डॉ.मनीषा सिंह से साफ तौर पर कहा कि पत्रकारों से सामंजस्य बनाकर काम करें। पत्रकारों द्वारा फोन मिलाने पर बहाना ना कर बात करें।

### काशी दर्शन के साथ आईआरसीटीसी की पशुपति यात्रा

**वाराणसी।** आईआरसीटीसी ने आगामी समय में भारत नेपाल आस्था यात्रा टूरिस्ट ट्रेन संचालित कर रही है। आईआरसीटीसी लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत सिन्हा ने बताया कि आईआरसीटीसी ने भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा 3एसी श्रेणी में भारत नेपाल आस्था यात्रा टूरिस्ट ट्रेन आयोजित किया है। जिसमें भारत में अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और नेपाल में पशुपतिनाथ (काठमांडू) की यात्रा शामिल है। इस यात्राके 10 दिनों में चार महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों और विरासत स्थलों के दर्शन कराये जायेंगे। 31 मार्च से इस यात्रा की शुरूआत होगी जो नौ अप्रैल तक संचालित होगी। बताया कि इस पैकेज के लिए सुपिरियर श्रेणी में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 41090/- प्रति व्यक्ति है। दो/तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 31610/- प्रति व्यक्ति है। स्टैंडर्ड श्रेणी में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य- 36160/- प्रति व्यक्ति है।

# 3152 स्क्वायर मीटर में बनेगा रोप-वे स्टेशन

**तैयारी**

**24 मार्च के प्रस्तावित दौरे के दौरान प्रधान मंत्री रख सकते हैं आधारशिला**

**जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्टेशन अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शहर को जाम से मुक्त करने के उद्देश्य से आगामी समय में बनने वाले रोप-वे को लेकर जिला प्रशासन की ओर तैयारी जोरों पर है, कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बनने वाले रोप-वे स्टेशन के लिए शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों ने रेलवे के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौर उक्त स्थान से शिफ्ट होने वाली पानी की टंकी, सीवेज, ऑटो स्टैंड के बारे में भी वार्ता हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 मार्च के प्रस्तावित दौरे के दौरान रखी जाने वाली आधारशिला में रोपवे भी शामिल होने की बात की जा रही है। वाराणसी को देश के पहले अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना की सौगात मिलेगी, लागत 555 करोड़ रुपये है। रोपवे पहले चरण में कैंट रेलवे स्टेशन से शुरू होकर गोदौलिया चौराहे को जोड़ेगा. इस दौरान कुल पांच स्टेशन से होकर रोपवे गुजरेगा। जो पांच स्टेशन होंगे वो कैंट रेलवे स्टेशन, विद्यापीठ स्टेशन रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया स्टेशन रहेंगे जिसमें कुल 4.5 किमी का सफर तय किया जायेगा। जिसके बाद एक से डेढ़ घंटे का समय रोपवे बनने के बाद 16 मिनट में सिमट जायेगा।

### प्रोजेक्ट को लेकर प्रशासन की तैयारी तेज

इसके साथ ही रोपवे कार में 11 लोगों के बैठने की सुविधा रहेगी, 555 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को लेकर अब प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। पहले चरण के लिए 31 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए है। रोपवे सौगात मिलने के बाद काशीवासीयों के चेहरे पर खुशियां बिखेर दी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 मार्च को होने वाले वाराणसी दौरे पर इसकी नींव पड़ जायेगी हालांकि इसके पहले ही वाराणसी में हलचल बढ़ जाए. खासतौर से काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले शिवभक्तों के लिए इसे एक बड़ी सौगात माना जा रहा है. आम तौर पर कैंट से गोदौलिया का सफर तय करने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है लेकिन रोपवे बनने के बाद से ये सफर 16 मिनट में सिमट जायेगा।

### सर्कुलेटिंग एरिया से शिफ्ट होगी टंकी

रोप-वे स्टेशन के लिए कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग का कुल 3152 स्वायर मीटर एरिया लिया जायेगा, इन स्थान पर बने पानी की टंकी, सीवेज, ऑटो स्टैंड सहित अन्य को शिफ्ट किया जायेगा।

# बॉलीवुड न्यूज

### अमेजन ओरिजिनल सीरीज 'जुबली' की घोषणा




**मुंबई।** प्राइम वीडियो, भारत का सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफार्म, ने आज आगामी अमेजॅन ओरिजिनल सीरीज, जुबली के ग्लोबल प्रीमियर की घोषणा की। 10-एपिसोड का कल्पित ड्रामा विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित है, जिसे सौमिक सेन ने मोटवानी के साथ बनाया है। अतुल सभरवाल द्वारा पटकथा और संवाद लिखे गए हैं जो एंडोलन फिल्म्स के सहयोग से रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम स्टूडियो द्वारा निर्मित की गए है। सीरीज में प्रसेनजीत चटर्जी, अदिति राव हैदरी, अपारशक्ति खुराना, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर के नेतृत्व में एक अभूतपूर्व कलाकारों की प्रस्तुती है। भारत और फिल्मों दोनों के विकास के समानांतर जुबली उन कहानियों और सपनों का खुलासा करती है, जिन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग को जन्म दिया है । भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट, जुबली एक रोमांचकारी लेकिन काव्यात्मक कहानी है जो पात्रों के एक समूह के इर्द-गिर्द बुनी गई है और वे अपने सपनों, जुनून, महत्वाकांक्षा और प्यार को पाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। भारत और 240 देशों और क्षेत्रों में प्रधान सदस्य 7 अप्रैल को भाग एक (एपिसोड एक से पांच) को स्ट्रीम कर सकते हैं, जबकि भाग 2 (एपिसोड छह से दस) अगले सप्ताह 14 अप्रैल को जारी किया जाएगा। निर्माता और निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने कहा कि जुबली ये एक प्रेम कहानी मेरे जहन में हमेशा रही है । जब मैं फिल्मों में बतौर एक सहायक निर्देशक था तब वैसे कहने के लिए कोई कहानी नहीं थी मगर मुझे यह कहानी बनानी है यह तय था। सीरीज का मूल सिनेमा के प्रसिद्ध दौर में है । जुबली एक बहुत ही अच्छी कहानी है जिसमें कहानी जो है वो हर इंसान के बारे मे कुछ बोलती है। और यही बात है जिसने मुझे पहली बार में कहानी की ओर आकर्षित किया। हमने अपने युग के अनुरूप बने रहने के लिए सीरीज के प्रत्येक पहलू पर बहुत मेहनत की है और सबकुछ अच्छी तरह से पढ़ा है। यह एक शानदार स्टूडियो के समर्थन से किया गया सबसे अच्छा सफर रहा है, जिसमें कुछ सबसे अद्भुत अभिनेता और अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है। इस सीरीज को बनाते हुए हमे काफी मजा आया और हम अभी बहुत उत्सुक है की दुनिया हमारा काम देखें!

## संक्षेप

### खड़ान सिद्धपीठ धाम पर राजनेताओं ने टेका मत्था

**धानापुर।** सिद्धपीठ धाम खड़ान में बाबा प्रसन्नदास महाराज के पावन तपोभूमि पर बाबा के निर्वाण उत्सव में क्षेत्रीय लोगों सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। सिद्धपीठ समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने गांव सहित क्षेत्र की सभी सम्मानित जनता एवं जनप्रतिनिधियों का महोत्सव में सहयोग के लिए स्नेह साथ देने के लिए आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में चंदौली जिला के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष क्षत्रबली सिंह, वाराणसी स्नातक खंड से एमएलसी आशुतोष सिन्हा, वाराणसी एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह के प्रतिनिधि के रूप में बृजेश सिंह के अलावा बलवंत सिंह, धानापुर प्रमुख अजय सिंह भी सिद्धपीठ धाम पहुँचकर दर्शन पूजन किया एवं विकास की आधारशिला रखी। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने बाबा परमहंस माध्यमिक विद्यालय में बरामदा निर्माण कराने का संकल्प लेते हुए भूमि पूजन किया तो वहीं क्षत्रबली सिंह ने सिद्धपीठ सरोवर में जिला पंचायत द्वारा नवनिर्मित घाट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षत्रबली सिंह ने धानापुर सहित चंदौली की जनता के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने महोत्सव के आयोजन को लेकर समिति के लोगों को बधाई देते हुए कहा की यह महोत्सव इसी तरह होता रहे अगले वर्ष से इसे और भी बड़ा किया जाय।

### रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने को लेकर बैठक में चर्चा

**धानापुर।** कस्बा स्थित हनुमान मन्दिर में आगामी रामनवमी शोभायात्रा को लेकर कस्बे के विभिन्न संगठनों की बैठक की गई। इस दौरान रामनवमी 30 मार्च दिन गुरुवार को है, जिसको लेकर आज बैठक में शोभायात्रा की रूट, जगह जगह पुष्पवर्षा, जलपान व्यवस्था की चर्चा के साथ ही डीजे पर बजने वाले दोअर्थी गानो से परहेज करने की बात बैठक में उठाई गई। अध्यक्षता करते हुए नन्दलाल ने कहा कि श्रीराम सबके हैं और रामनवमी सभी सनातनियों का महापर्व है। इस शोभायात्रा में सभी लोगो को शामिल होना चाहिए चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। हम सभी का इस शोभायात्रा में स्वागत करते हुए आमंत्रित करते हैं। कामेश्वर दुबे ने कहा कि हमारे आस पास के सभी मंदिरों के पुजारी को विशेष आग्रह के साथ बुलाया जायेगा। आगामी बैठक 24 मार्च दिन शुक्रवार दोपहर 2 बजे रखी गई हैं। इस बैठक में बिपिन प्रताप रस्तोगी, शंकर वर्मा, अच्युतानंद मिस्त्र, राधेश्याम कश्यप, मनीष सिंह अमादपुर, पंकज रस्तोगी, सूरज जायसवाल, अजित वर्मा, संजय जायसवाल, पंकज रस्तोगी(मास्टर), नीलेश पटेल, रंजन वर्मा, सत्यम, धनंजय, दीपु आदि उपस्थित रहे।

### चंदौली के विकास पर 45.54 करोड़ खर्च करेगा जिला पंचायत

चंदौली। जिला पंचायत की बैठक शुक्रवार को गहमागहमी के बीच हुई। इस दौरान जिले के 35 सेक्टर से आए जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के सड़क, नाली, खड़ंजा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को उठाया। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर बरती जा रही लापरवाही के कारण आमजन को हो रही परेशानी को भी बैठक के पटल पर रखा और इसके निराकरण का आवश्यकता पर बल दिया। सदन में ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 2022-23 के पुनरीक्षित बजट के रूप में 53.27 करोड़ की आय व 37.99 करोड़ की व्यय के साथ ही 2023-24 अनुमानित बजट के तौर पर 48.81 करोड़ की आय और 45.54 करोड़ की धनराशि स्वीकृत एवं अनुमोदित की गई। वहीं 25 करोड़ की लेबर बजट प्रस्तावित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि जो भी कार्य योजना लंबित है उसे शासन से बजट पास कराकर पूर्ण कराया जाएगा। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को गति देना जिला पंचायत का मुख्य उद्देश्य है।

# अशिक्षा व आर्थिक असमानता को दूर करने की जरूरतः रमेश जायसवाल



जायसवाल परिवार की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में मंचासीन अतिथिगण।

**चंदौली।** जायसवाल परिवार नगर इकाई की ओर से गुरुवार की रात नगर स्थित एक लान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने बतौर मुख्य अतिथि भगवान शहस्त्र बाहू अर्जुन देव महाराज के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ ही माल्यार्पण कर किया। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद जायसवाल समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली त्यौहार की खुशियों को साझा किया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने समाज को एकता का संदेश दिया। कहा कि हम सभी को शिक्षित व एकजुट होकर दूसरे समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनना होगा। इसके लिए युवाओं की शिक्षा-दीक्षा व उन्हें संस्कार से नवाजने का काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना होगा। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद के लिए भी आगे आना होगा। नगर अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को होली की मुबारकबाद दी। साथ ही जायसवाल परिवार के उद्देश्यों को प्रकाश डालते हुए उसे सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग मांगा। इसके अलावा कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य-गीत आदि का प्रस्तुति कर वहां मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर जीपी जायसवाल, सिद्धांत जायसवाल, चंद्रेश्वर जायसवाल, अजय , धीरेन्द्र शाह, चन्द्रशेखर, प्रदीप, अनिल, दिलीप, हर्ष, अजय, विजय जायसवाल, संजीव, आलोक, संतोष, दीपक, रामभरोस, देवी शरण जायसवाल, प्रीतम, दीपक आदि उपस्थित रहे। संचालन उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने किया।

### एडीओ पंचायत ने बबुरी कस्बे में कराई साफ-सफाई

**बबुरी।** बबुरी कस्बे में साफ-सफाई की आए दिन शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को एडीओ पंचायत सदर बृजेश कुमार सिंह ने बबुरी कस्बा स्थित पोखरा तथा राम कथा स्थल पर दर्जनों सफाई कर्मचारियों का रोस्टर लगाकर साफ सफाई कराई, जिससे क्षेत्रीय जनता में संतोष है। बताते चलें कि बबुरी कस्बे में ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते कस्बे में जहां तहां कुडे का अम्बार लगा रहता है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। इसकी शिकायत कई बार ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान से की गई, लेकिन उन्होंने इसे नजर अंदाज कर दिया। जिससे आजिज आ कर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एडीओ पंचायत से कि जिस पर उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को दर्जनों सफाई कर्मियों का रोटर लगाकर बबुरी पोखरे तथा राम कथा स्थल पर साफ सफाई कराई। गौरतलब है कि ग्राम प्रधान के लचर कार्यप्रणाली के कारण कस्बे के कई मार्ग क्षतिग्रस्त है, नालियां टूटी हुई है जिससे नालियों में जमा कीचड़ के कारण नाबदान का पानी सड़क पर बह रहा है। लेकिन ग्राम प्रधान इन समस्याओं से उदासीन पड़े हुए हैं।

# भूमि व्यवस्था अधिनियम में परिवर्तन के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**सोनभद्र।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार जमीदारी उन्मूलन भूमि व्यवस्था अधिनियम को खत्म करना चाहती है, जिसके तहत 3.125 एकड़ भूमि जो कृषि योग्य है को गैर अनुसूचित जाति का व्यक्ति नहीं खरीद सकता। अगर इससे अधिक जमीन है तो जिलाधिकारी के परमिशन के उपरांत गैर अनुसूचित जाति का व्यक्ति खरीद सकता है। यह सरकार जमीदारों के हक में फैसला करते हुए यह नियम खत्म करना चाहती है, जो घातक है। पीसीसी सदस्य इं जितेन्द्र पासवान ने कहा कि बीजेपी सरकार हमेशा रसूखदार लोगों के हक में फैसले लेती है। इन्हें दलित आदिवासियों से कोई लेना-देना नहीं। सरकार अधिनियम 1950 को खत्म कर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को फिर से भूमिहीन और कमजोर करना चाहती है। विमला मौर्या ने कहा कि सरकार हमेशा दबे कुचले, उपेक्षितों के विरोध में फैसले लेती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। राजबली पांडे व बाबूलाल पनिका ने कहा कि यह सरकार उद्योगपतियों की है, इन्हें गरीब, दलित, आदिवासियों से कोई सरोकार नहीं है। कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका असर दिखेगा। कार्यक्रम में शीतला सिंह पटेल, लल्लू पांडे, मोहन बियार, संतोष नेताम, कैलाश कुमार, रामप्यारे, कौशलेश पाठक, ईश्वर सिंह गोड़, संतलाल, हरिश्चंद्र उपस्थित रहे।



# एसडीएम नेहा मिश्रा ने पांच विद्युत उपकेंद्रों का किया दौरा



विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद एसडीएम कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए

**जनसंदेश न्यूज**

**गौराबादशाहपुर।** एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने वृहस्पतिवार की देर शाम केराकत क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र मुर्तजाबाद व विद्युत उपकेंद्र केराकत सहित पांच उपकेन्द्रों का दौरा किया। बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा चल रही हड़ताल को देखते हुए एसडीएम नेहा मिश्रा ने विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद कर्मचारियों से वार्ता कर विद्युत सप्लाई चालू कराने का प्रयास किया, परंतु कर्मचारियों ने एसडीएम से बताया कि ऊपर से ही विद्युत सप्लाई बंद है।

एसडीएम नेहा मिश्रा लगभग एक घंटे तक विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद रहीं। उन्होंने उपकेंद्रों पर ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार का कोई उपद्रव न मचाया जाय इसके लिए थाना प्रभारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीएम ने मौजूद बिजली कर्मियों को समय से अपना अपना चार्ज सम्भालने के लिए भी निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार केराकत भी मौजूद रहे।

# सम्मान के साथ खरीदारी के लिए है बापू बाजार: प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**विशेष शिविर**

### कपड़े, साड़ी खरीदकर ग्रामीणों को कुलपति ने किया भेंट

### बापू बाजार के स्टाल पर खरीद के लिए ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**जनसंदेश न्यूज**



बापू बाजार का फीता काटकर उद्घाटन करती कुलपति



बापू बाजार में लगे स्टालों पर खरीददारी करती प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के समापन अवसर पर शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में बापू बाजार का आयोजन किया गया। बापू बाजार में आसपास से आए ग्रामीणों की काफी भीड़ थी। ग्रामीण कपड़े और अन्य सामग्री खरीदकर काफी खुश थे। कुलपति ने भी बापू बाजार के स्टाल से कपड़े और साड़ी खरीदकर ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को भेंट की। गांव वालों ने खाने-पीने के सामान का भी लुत्फ उठाया। सभी सामान दो, तीन और पांच रुपये में लोगों को उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विनय वर्मा ने किया।

इस अवसर पर बापू बाजार का उद्घाटन करतीं हुईं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि ग्रामीणों को सम्मान के साथ खरीदारी करने के लिए यह आयोजन किया गया है। उनके सम्मान के ख्याल के लिए दो, तीन और पांच रुपये की टोकन मनी रखी गई है, ताकि कोई यह न कहे कि निःशुल्क लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वदेशी अपनाने पर बल देते थे। उनकी सोच लोगों को स्वावलंबी बनाने की थी। उनके सिद्धांतों की प्रेरणा से अभिभूत होकर विश्वविद्यालय ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत बापू बाजार का आयोजन किया है। खिलौने और कपड़े पाकर गांव के बच्चों में जो खुशी दिखाई दे रही है, इससे मेरा दिल प्रसन्न हो गया। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि बापू बाजार कार्यक्रम के तहत आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को सम्मान और आर्थिक लाभ पहुंचाने की कोशिश पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर रहा है। इसी के तहत हम गांव-गांव में विश्वविद्यालय बापू बाजार का आयोजन कर रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने कहा कि गांव में बापू बाजार की लोकप्रियता बढ़ रही है कई ग्राम प्रधानों ने मुझे अपने गांव में बापू बाजार लगाने के लिए अनुरोध किया है। बापू बाजार के स्टाल पर साड़ी, पैंट, शर्ट, टीशर्ट, जींस पैंट, कैजुएल पैंट, स्वेटर, शाल, कोट, जैकेट, टोपी, मफलर, पैजामा कुर्ता जैसे सामान्य और ऊनी कपड़े और स्कूली बैग और खिलौने इत्यादि उपलब्ध थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शशिकांत यादव ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबीता सिंह, अजीत सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. श्याम कन्हैया, डा. अजय मौर्य, डा. विशाल यादव, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. पीके कौशिक, सुशील प्रजापति समेत कई महाविद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक शामिल थे।

# विद्युत कटौती से हाहाकार, एसडीएम के प्रयास से आपूर्ति बहाल



132 केवीए स्टेशन पर निर्देश देते एसडीएम शैलेन्द्र कुमार

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार सायं से विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ गयी। पूरा कस्बा जहां अंधकार में डूबा रहा वहीं पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित 132 केवीए एवं बाईपास स्थित 33/11 केवीए सब स्टेशन पर शुक्रवार प्रातः उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार पहुंच गये। 132 केवीए पर तैनात किये गये आईटीआई सबरहद के अध्यापकों एवं लेखपालों ने मोर्चा सम्भाल रखा था। एसडीएम ने एक्सईएन को भी मौके पर बुलाया। आनन-फानन में व्यवस्था पटरी पर लाने हेतु आधा दर्जन संविदा कर्मियों को अनुनय विनय कर बुलाया गया। एक एक कर चार बजे तक सभी फीडरों की आपूर्ति चालू कराया गया।

एसडीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी केन्द्रों पर राजस्व कर्मचारियों को लगाया गया है। वहीं आईटीआई के अध्यापकों की भी सेवाएं ली जा रही है। विभाग के भी अधिकारियों व कर्मचारियों को भी लगाया गया है। फिलहाल सिधाई, डोमनपुर, मजडीहां, मंडवा, निजामपुर, सहावे, बद्दौपुर, मंडवा, अख्खीपुर, इमरानगंज आदि गांवों में विद्युत 24 घंटे आपूर्ति ठप है। इन गांवों को अभी भी बिजली का इंतजार है। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत सब स्टेशन पर पुलिस तैनात किया गया था। 33/11 केवीए एसएचओ संतोष यादव, संविदा कर्मी संजय मौर्य, हरिश्चंद्र जायसवाल, इमरान, शाह मोहम्मद, दल सिंगार उर्फ विनोद, राजेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

## बिजली विभाग की हड़ताल से क्षेत्र में मचा हाहाकार

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड में बिजली विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण क्षेत्र में हाहाकार मच गया है। गुरूवार की रात से बिजली चले जाने से गांवो में पशुओं के लिए पानी की किल्लत हो गयी है वहीं कितने लोगों का मोबाइल स्वीच आफ हो गया। बिजली न रहने के कारण नेट वर्किंग भी नहीं चल रहा है।

जिनके पास जनरेटर है वह जनरेटर चला कर पानी, मोबाइल की व्यवस्था कर ले रहे है। कुछ लोग सोलर लाइट से मोबाइल चार्ज कर ले रहे है जिनके पास कोई व्यवस्था नहीं है वह लोग इधर उधर भटक रहे हैं जबकि यह हड़ताल 72 घंटे की है।

**खुटहन।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते उपकेंद्र से आच्छादित पांचों फीडरों की आपूर्ति गुरुवार की रात दस बजे से ठप पड़ गई है जिसके चलते विकास खंड के सेवित तीन सौ से अधिक राजस्व गांवों के हजारों कनेक्शनधारियों को तमाम फजीहतें झेलनी पड़ी। बगैर बिजली के पहली ही रात गुजारना ग्रामीणों के लिए भारी पड़ गया। दूसरे दिन शुक्रवार की शाम तक ग्रामीण आपूर्ति का इंतजार करते रह गये। मौसम सामान्य रहने के चलते भले ही वे उमस और गर्मी से बचे रहे, लेकिन अधिकांश परिवार मच्छरों के प्रकोप से रतजगा को विवश रहे। कुछ आर्थिक दृष्टि से समृद्ध परिवारों के घर इन्वर्टर की व्यवस्था है। पहला दिन तो किसी ढंग से पार कर लिए। हड़ताल आगे बढ़ी तो वे भी इस मुसीबत से बच नहीं सकते। उपकेंद्र से संचालित नगवां फीडर, पट्टी नरेन्द्रपुर, शेरपुर, रसूलपुर और कपसिया फीडर की बिजली रात के दस बजे अचानक कट गई। पूरी रात और दूसरे दिन भी बिजली न आने से ग्रामीण परेशान रहे। घरों में पानी और खेतों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। लोग अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए इधर उधर भागते रहे।

**दस बजते ही पांचों फीडरों से विद्युत आपूर्ति ठप**

## विद्युत कर्मियों के हड़ताल से अंधेरे में डूबा क्षेत्र

**चंदवक।** विद्युत कर्मियों के प्रदेश व्यापी हड़ताल से पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है जिसके कारण पेयजल की समस्या के अलावा रात में सोने के दौरान गर्मी के कारण लोग बिलबिला उठे। क्षेत्र में चंदवक, कसिली व बजरंगनगर फीडर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। इन फीडरों पर तैनात विद्युतकर्मी प्रदेशव्यापी प्रस्तावित रात दस बजे से 72 घंटे की हड़ताल से पहले 6 बजे ही आपूर्ति बंद कर चले गए जिसके कारण लोगों को और भी परेशानी झेलनी पड़ी।

## संक्षेप

### शातिर बदमाश तमंचे के साथ गिरफ्तार



**खेतासराय।** पुलिस ने शुक्रवार को एक शातिर गो-तस्कर को तमंचा व कारतूस के साथ डोभी तिराहा से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्जकर पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वह हमराह उप निरीक्षक शान मोहम्मद, हेड कांस्टेबल दिनेश यादव, कांस्टेबल दिनेश सरोज और अमरनाथ यादव के साथ सुबह सवा दस बजे डोभी तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे तभी एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम गुफरान अहमद पुत्र स्व. मुख्तार अहमद निवासी मानीकला बताया। पकड़ा गया बदमाश शातिर गो-तस्कर निकला। उसके विरुद्ध थाने में गोवध निवारण, पशु क्रूरता अधिनियम और 25 आर्म्स के मुकदमें दर्ज हैं।

### विद्युत कर्मचारी फीडर छोड़ हुआ फरार

**सुजानगंज।** विद्युत उपकेंद्र करतोरा की सुरक्षा के लिए दो पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। रात में जैसे ही पुलिसकर्मी को झपकी आने पर करतोरा फीडर पर तैनात एसएसओ शिवपूजन ने बीमारी का हवाला देते हुए उपकेंद्र छोड़ घर चले गए। जब पुलिस वालों ने देखा तो शिवपूजन गायब मिला। पुलिस तुरंत खोजबीन में जुट गई। काफी देर के बाद जब वह नहीं मिला तो पुलिस उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर थाने पर ले आई। थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल ने बताया कि शिवपूजन उपकेंद्र की चाबी अपने साथ लेकर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है चाबी मिलने के पश्चात कर्मचारी की पत्नी को छोड़ दिया जाएगा। जबकि शिवपूजन ने बताया कि रजिस्टर पर पूरी बात लिखने के बाद अपने अधिकारी को सूचित करने के बाद मैं वहां से दवा लेने निकला हूं मेरे पास कोई दूसरी चाबी नहीं है। इस अवस्था में पुलिस हमारी पत्नी प्रीति गौतम को जबरन उठा ले गई।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी लालचन्द उर्फ लालमनि पुत्र हनुमत सरोज निवासी-ऊंचडीह पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिसटीम के साथ शुक्रवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया ।

### गैंगस्टर में वांछित गांजा संग गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर में वांछित को दो किलो तीन सौ पचास ग्राम गांजा संग गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर तराव बगही चौराहे के पास से अवैध दो किलो तीन सौ पचास ग्राम गांजा संग कल्लू उर्फ हाशिम पुत्र जुम्मन नट निवासी तराव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह खानपुर गाजीपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

### मोदनवाल समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**शाहगंज।** नगर के शाहपंजा स्थित श्री संगत जी मंदिर प्रांगण में गुरुवार रात मोदनवाल समाज का रंगारंग होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में लोगों ने गुलाल और फूलों से होली खेलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राधा कृष्ण की झांकी व समाज के बच्चों और बच्चियों ने तमाम रंगारंग कार्यक्रम व अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक पंडित दुर्ग विजय मिश्रा व उनकी टीम द्वारा होली के भव्य भजन प्रस्तुत किए। मोदनवाल समाज के अध्यक्ष अनिल मोदनवाल ने आगंतुकों का स्वागत किया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज को मजबूती मिलती है। समारोह का संचालन सभासद भुवनेश्वर मोदनवाल ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री हरिशंकर लाल मोदनवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, महामंत्री शिवेंद्र, कोषाध्यक्ष नारायण विष्णु, प्रहलाद मोदनवाल, पूर्व सभासद अन्नपूर्णा गुप्ता, दीपक, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**जनसंदेश न्यूज**

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय प्रयागराज मार्ग स्थित प्रो. रामनाथ पाण्डेय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव प्रकाश पांडेय द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में सचिव प्रकाश पांडेय ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम से छात्राओं को अनुशासन, आज्ञापालन आदि के साथ ही अनेक बाते जानने और सीखने को मिलता है। ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को अनेक प्रकार के राष्ट्रीय महत्व के विषय में अत्यधिक जानने समझने के साथ ही सीखने को मिलता है।

**समारोह**

### मानव सेवा ही सच्ची सेवा : प्रकाश पांडेय

कार्यक्रम के पूर्व रमेश यादव ने सचिव प्रकाश पांडेय का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की प्राचार्य मंजू लता सिंह ने छात्राओं को अनुशासन, आज्ञापलन के साथ ही कड़ी मेहनत की सीख दी। कार्यक्रम अधिकारी बिंदू ने राष्ट्रीय सेवा योजन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम भी छात्राओं ने पेश किया। रिया और श्रेया ने आभार जताया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी बिंदू पटेल, दीपक तिवारी, डा. कमलेश पांडे, रविशंकर शुक्ल, रमेश यादव, ज्योति पांडे, संजू मिश्रा, अल्पना सिंह, लक्ष्मी मौर्य, धीरज आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# इन्फ्लूएंजा वायरस से बचाव को बरतें सावधानी

**जनसंदेश न्यूज**



ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते वक्ता

**गौराबादशाहपुर।** शुक्रवार को स्थानीय विकासखंड धर्मापुर के ग्राम पंचायत उत्तरगावां और कुछमुछ में ग्राम की समस्याओं और उसके निराकरण हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कुछमुछ में कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ काशीनाथ सोनकर और उत्तरगावां में एडीओ पंचायत लालजी राम ने की।

एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में इन्फ्लूएंजा वायरस तेजी से फैल रहा है। सभी लोग सावधानी बरते, पीड़ित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचे और मास्क का प्रयोग करें। श्री श्रीवास्तव ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, एकल पाइप पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, पंचायत कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी। बीडीओ काशीनाथ सोनकर ने कहा की यदि कोई व्यक्ति आवास दिलाने हेतु पैसा मांगता है तो मुझे तत्काल सूचित करें उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एडीओ एजी राम आजाद ने लोगों को कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं और पैदावार बढ़ाने के उपायों के बारे में बताया। ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र राय ने लोगों को बाल सेवा योजना की जानकारी दी। मौके पर चौपाल में आए शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर ज्वाइंट बीडीओ सुबास चंद्र, जेई एमआई प्रेमचंद चौहान, प्रधान लालजी यादव, कमला यादव, पंचायत सहायक अभिलाषा यादव, संजय मौर्य राजू, विवेक रंजन, आंगनबाड़ी, आशा तथा अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने किया।

## जीत के मंत्र के साथ चुनाव लड़ेगी सपा : नीरज पहलवान

**केराकत।** नगर के डाक बंगले पर शुक्रवार को दोपहर समाजवादी पार्टी की नगर पंचायत कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान ने कहा कि बूथ जीतो चुनाव जीतो की तर्ज पर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने की अपील किया। वहीं कार्यकर्ताओं को वार्ड स्तर पर मतदाताओं की नब्ज टटोलने की भी जानकारी देते हुये कहा कि मतदाता सूची में संशोधन और नए वोटरों को जोड़ने हेतु बीएलओ का सहयोग करने की अपील किया। पार्टी द्वारा अध्यक्ष पद के साथ हो सभासदों के पद पर चुनाव होना है। चुनाव के जीत के लिए वार्ड स्तर पर बूथ प्रभारियों के पदों पर भी पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की बात कही। इस अवसर पर कृष्णा जायसवाल, आजाद कुरैशी, विनोद यादव, मोबिन कुरैशी, अबरार, अशरफी सेठ, ज्ञानचंद कनौजिया, दानिश अंसारी, इसरार अंसारी, छोटक हाश्मी समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महासचिव पवन मण्डल ने किया।

# कंपोजिट विद्यालय में बाल विज्ञान मेले का हुआ आयोजन

**कार्यक्रम**

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को दिया पांच हजार का पुरस्कार

**जनसंदेश न्यूज**



बालिका को पुरस्कृत करते बीएसए

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गरियांव में आयोजित वार्षिकोत्सव, बाल विज्ञान मेला, चहक जैसे विविध शैक्षिक उन्नयन कार्यक्रम के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के साथ ही ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता डॉ. मनीष सिंह, खंड शिक्षाधिकारी ने विविध कार्यक्रमों का अवलोकन करते हुए जटाशंकर मिश्र द्वारा प्रदत्त मध्याह्न भोजन टीन शेड का उद्घाटन भी किया।

इस दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल जीएसएलवी, मिशन मंगलयान, भूकंप अलार्म, फायर अलार्म, एस 400 एंटीक रक्षक मिसाइल, वाटर प्यूरीफायर सिस्टम, डाइजेस्टिव सिस्टम, कंकाल तंत्र सहित अंग्रेजी, गणित, हिंदी, संस्कृत के विविध मॉडल को देखा और बहुत सारे सवालों के जवाब बच्चों द्वारा बेबाकी से प्राप्त होने पर डायट प्रवक्ता डॉ. मनीष सिंह ने खुशी जाहिर किया। छात्रों द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में निपुण लक्ष्य नाटक, राम केवट संवाद, शिव तांडव जैसे प्रेरक अभिनय प्रस्तुत किया।

बीएसए ने विभिन्न वैज्ञानिक माडल बनाए छात्रों को 5000 रुपए पुरस्कार स्वरूप देने के साथ ही प्रतिभाशाली छात्रों को ट्राफी मेडल वितरित किया। इस दौरान मौजूद अभिभावक अतिथियों को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विंध्यवासिनी उपाध्याय, राजीव रत्नम तिवारी, चंद्रमणि तिवारी, हरिशंकर तिवारी, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रमेश प्रताप सिंह, बंशीधर मिश्र, लालचंद तिवारी, जनार्दन प्रसाद तिवारी, चंचल दुबे, सविता, वर्षा, सुनीता, अर्चना समेत बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

## चौबीस हजार रुपये की हुई ठगी

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत गौहानी गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व. राम दुलार गुरुवार को सरायबीका बाजार में स्थित बड़ौदा यूपी बैंक में रुपये जमा करने आया था। बैंक के अन्दर एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे अस्सी हजार रुपये का झांसा देकर बैंक के बाहर ले गया और फार्म भरने के बहाने 24000 रुपये की ठगी कर कागज का नोट बनाकर रुमाल में बांधकर दे दिया और मौका देखते ही फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल किया लेकिन अज्ञात व्यक्ति का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने राजेन्द्र प्रसाद की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

## समीक्षा बैठक आज

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया कि सदस्य उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग हैदर अब्बास चॉद 18 मार्च 2023 को सायं 4.00 बजे सर्किट हाउस जौनपुर तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनपद जौनपुर के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केंद्र/राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं पर समीक्षा बैठक करेंगे।

# डीएम की मंजूरी के प्राविधान को खत्म करने के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर

**जनसंदेश न्यूज**



प्राविधान खत्म करने के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**जौनपुर।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/ जनजाति की जमीन पर क्रय विक्रय करने से पहले जिलाधिकारी की मंजूरी के प्रावधान को खत्म करने के विरोध में जनपद के कांग्रेसी सड़कों पर उतर गये और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हितों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें भूमिहीन होने से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 कानून बनाया था। इसके तहत एक सीमित रकबा (3.125 एकड़) से अधिक कृषि भूमि यदि अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति वर्ग के लोग विक्रय करना चाहते हैं तो उन्हें जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। परन्तु उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कांग्रेस द्वारा बनाये गये उक्त कानून को निष्क्रिय करने जा रही है। यह युगो-युगों से वंचित भारत के अनुसूचित जाति/जनजाति के अधिकारों पर कुठाराघात करने का कदम है।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और केन्द्र की सरकारों द्वारा कुछ उद्योगपतियों को सम्पूर्ण भारत बेचने की साजिश की जा रही है, उसका यह जीता जागता नमूना है। इस अवसर पर अनिल सोनकर, तिलकधारी निषाद, सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह, धर्मेंद्र निषाद, अनिल दुबे, राकेश सिंह, सन्दीप सोनकर, रेखा सिंह, शशांक राय, राजकुमार गुप्ता, अतीक, बब्बी खां, अमन सिन्हा, पुष्कर निषाद, आदिल, सरदार जोगिंदर सिंह, सब्बल अंसारी, इकबाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मंगेतर से हुआ झगड़ा तो किशोरी ने लगा ली फांसी

**दुखद**

**गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव की घटना**

जनसंदेश न्यूज


मृतका की फाइल फोटो


बिलखते परिजन व मौजूद ग्रामवासी

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव निवासी एक किशोरी ने अपने मंगेतर से झगड़ा होने के बाद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। स्वजनों को घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह हो पाई। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव की अनुसूचित बस्ती निवासी सूर्यबली की 18 वर्षीया पुत्री माया जो कि गोविंदपुर मनिहा स्थित बीडी इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा थी तथा उसकी शादी सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खुर्द गांव में एक युवक से तय हुई थी ने गुरुवार की रात किसी समय बंद कमरे में खुद को फांसी लगा लिया। स्वजनों ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी तय होने के बाद युवक माया से मिलने उसके स्कूल के बाहर आता जाता था तथा बात करने के लिए मोबाइल भी दे रखा था। गुरुवार को किसी बात पर दोनों में बहस होने के बाद उक्त युवक स्कूल में उससे मिलने आया तथा माया से मोबाइल छीनकर लेकर चला गया। स्वजनों के अनुसार गुरुवार की रात खा पीकर माया अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। इसी दौरान लड़के का फिर फोन आया जिस पर दोनों ने किसी बात पर बहस भी होती रही। स्वजनों ने सोचा कि मामला शांत हो गया होगा। मंगेतर से झगड़ा होने पर माया ने छत में लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे रात में किसी समय फांसी लगा ली। सुबह जब उसको जगाने स्वजन गए तो दरवाजा बंद देख कर उनको आशंका हुई। दरवाजा तोड़ने पर छत से लटकता माया का शव देखकर स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष देवानंद रजक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। यदि उसके स्वजन कोई तहरीर देते हैं तो मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# बिजली विभाग की हड़ताल जारी

**जौनपुर।** विद्युत विभाग के कर्मचारियों का अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 132 केवी अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम ५ बजे तक विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले संजय यादव की अध्यक्षता में कार्य बहिष्कार किया गया। जिसमें जनपद के ऊर्जा क्षेत्र के सभी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, सहायक अभियन्ता एवं निविदा कर्मियों ने भारी संख्या में भाग लिया। ऊर्जा मंत्री से संयुक्त संघर्ष समिति की वार्ता विफल होने पर कर्मचारियों द्वारा नारेबाजी की गयी तथा प्रबन्धन के स्चेच्छाचारी, तानाशाही पूर्ण रवैये के विरूद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभा को अरविंद मिश्रा के द्वारा सम्बोधित किया गया। कहा गया कि ऊर्जा प्रबन्धन कर्मचारियों के हितों को ध्यान में न रखकर मनमाने ढ़ंग से कार्य कर रही है, जो जन विरोधी एवं विद्युत कर्मचारी है। सभा में ई. धर्मेंद्र कुमार, ई. अभिषेक केसरवानी, ई. जितेन्द्र, अभिषेक सिंह, मोहन पाण्डेय, चन्द्रशेखर आजाद, सुरेंद्र यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि सरकार कर्मचारी की मांग नहीं सुन रहीं है तथा मनमाने रूप से कार्य कर रही है। सभा में ई. सौरभ मिश्रा, ई. रवीन्द्र पासवान, ई. अशोक कुमार सिंह, ई. धर्मेन्द्र मौर्या, ई. अनीश कुमार यादव, ई. संजय लाल प्रजापति, ई. आतिश यादव, ई. गुलाब चन्द राम, अश्वनी श्रीवास्तव, विश्राम मौर्या, निधि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, जितेन्द्र, संजय लाल प्रजापति, अमित खरे, सागर श्रीवास्वत, प्रभात पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, कामता यादव, गिरीश यादव, कमला कान्त मिश्रा समेत भारी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी एवं निविदाकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बिजली कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के संयोजक निखिलेश सिंह द्वारा किया गया।




## बैठक में जिलाधिकारी ने दिये आवश्यक निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निर्माण लि. के प्रस्तावित स्वीकृत कार्यों के सम्बंध में बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निर्माण इकाई ने अवगत कराया कि जनपद में श्री कृष्ण नगर, बदलापुर, जफराबाद-जौनपुर-सुलतानपुर-लखनऊ रेल सेक्शन पर मछलीशहर सम्पर्क मार्ग पर प्रस्तावित फोरलेन ऊपरिगामी सेतु निर्माण एवं विधानसभा मछलीशहर के अंतर्गत ग्राम फत्तूपुर एवं पोखरियापुर के मध्य सई नदी पर सेतु का आरओवी स्वीकृति हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वन विभाग, दूर संचार विभाग, जल निगम विभाग व अन्य सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए और जहां पर जमीन अधिग्रहण किया जाना है। सम्बंधित एसडीएम एवं डीडीसी से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करें और शीघ्र कार्य प्रारंभ की जाये।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देश और समाज का निर्माण : प्रो. आलोक




**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने शिविरार्थियों से कहा कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर के बाद आप लोग गांव/मोहल्लों में जाकर जो यहां सीखे हैं, उसका व्यवहारिक प्रयोग करिए। समारोह के मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस शिविर में शिविरार्थियों ने जो सीखा, उसका बड़ा सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़ा ही मनमोहक था। शिवरार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रसन्न होकर उन्होंने 25000 रूपये का पुरस्कार प्रदान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, उप प्रबंधक, प्राचार्य एवं अन्य अभ्यागत अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देश और समाज का निर्माण किया जाता है। निश्चित रूप से हमारे विद्यार्थियों ने जो इस शिविर में सीखा है उसका अपने आगामी जीवन में व्यवहार करेंगे और समाज को आगे ले जाएंगे।

# आपूर्ति बहाल करने में हांफते रहे अधिकारी

**चौकस नजर**

**कड़ी मशक्कत के बाद कुछ क्षेत्रों में संचालित हुई बिजली**

**काम पर वापस न आने की जिद पर अड़े रहे विद्युत कर्मी**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** बिजली विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल से बीती रात जनपद के विद्युत आपूर्ति चरमरा गई थी। नगर के कई क्षेत्रों में दोपहर बाद से जो बिजली कटी तो पूरी रात बहाल नहीं हो सकी। जिलाधिकारी के नेतृत्व में बनी टीम लगातार आपूर्ति बहाल करने में हांफती रही लेकिन पूरी रात नगर का उत्तरी छोर घने अंधेरे में डूबा रहा वहीं देर रात्रि को जिला प्रशासन द्वारा तैनात किये गये मजिस्ट्रेटों ने बड़ी मशक्कत के बाद कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करा दिया।

ज्ञातव्य हो कि अपने विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर है। जिस कारण नगर में 16 मार्च को दोपहर बाद से बिजली गुल हो गई और कर्मचारी काम पर वापस न आने की जिद पर अड़े रहे। इसी बीच शासन से भी एसपी-डीएम को निर्देश दे दिये गये कि किसी भी हाल में विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े। यदि सरकारी कार्य में कोई भी कर्मचारी बाधा उत्पन्न करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। इसके बाद भी आधा शहर रात के अंधेरे में डूबा रहा। कुछ स्थानों पर तो दूसरे दिन शाम तक बिजली गुल रही। हांलाकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये प्रशासन लगातार प्रयास करता रहा और काफी हद तक आपूर्ति कन्ट्रोल में भी कर ली गई। नगर के प्रत्येक पावर हाउस पर व्यवस्थाओं को कन्ट्रोल करने के लिये मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहे। विद्युत आपूर्ति बहाली को तैनात अधिकारी ने बताया कि विभाग के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 16 मार्च सायंकाल से तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं जिसकी वजह से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बाधित हो गई थी। काफी हद तक तो हमने बहाल कर दिया है, साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात की कर दी गई है, ताकि कोई भी शरारती तत्व तोड़फोड़ न करने पाए। उन्होंने यह भी बताया कि शहर हमारी टीम लगातार प्रयास में लगी हुई है लगभग बिजली आपूर्ति बहाल है कुछ क्षेत्रों में अभी भी समस्याएं बनी हुई है उस पर भी काम चल रहा है। उम्मीद है जल्द ही शहर को पूर्ण रूप से कन्ट्रोल कर लिया जायेगा।

## रोजगार व ऋण मेला कल

**जौनपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मिशन रोजगार के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र शाहंगज में 19 मार्च को प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार का आयोजन रामलीला मैदान तहसील शाहगंज में किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 12 से अधिक कम्पनियों द्वारा 1000 से अधिक योग्यतानुसार पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जायेगी।

## संक्षेप

### फरार हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद में हुई मारपीट के बाद जख्मी महिला की इलाज के उपरांत मौत हो गयी थी। इस हत्या में शामिल फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि हरिद्वारी ग्राम में जमीन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था इस घटना में केवला देवी नामक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी थी जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वारदात के बाद से आरोपी श्याम कुमार विश्वकर्मा उर्फ रामु फरार हो गया था पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी इसी बीच जख्मी केवला देवी की मौत हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह व कॉन्स्टेबल हरीश शर्मा ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर छापा मारकर फरार अभियुक्त श्याम को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया

### 58 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित

**जौनपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अवगत कराया है कि शुक्रवार को विकास खण्ड रामपुर में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विधायक मड़ियाहूं आरके पटेल द्वारा कुल 58 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं 1 दिव्यांगजनों को स्मार्टकेन प्रदान की गयी। उक्त अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी अश्वनी कुमार रंजन तथा विकास खण्ड रामपुर के अन्य अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का आगमन कल

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया है कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 19 मार्च को 11.30 सेंट थॉमस इंटर कॉलेज कोरवलिया भादी, शाहगंज पहुंचेंगे। 11.40 बजे रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं शाहगंज महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। अपरान्ह 12.15 बजे सेंट थॉमस इंटर कॉलेज कोरवलिया भादी शाहगंज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विद्युत कर्मियों का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**नाराजगी**

**बिजली कर्मी को गिरफ्तार किया गया तो हड़ताल के साथ साथ करेंगे जेल भरो आंदोलन**

जनसंदेश न्यूज


हरियांव स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड कार्यालय पर धरना देते विद्युत कर्मचारी


भदोही सब स्टेशन का निरीक्षण करते नोडल व अतिरिक्त एसडीएम योगेंद्र कुमार साहू

**भदोही।** ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने, निजी करण और सेवा शर्तों में कटौती के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों का कार्य बहिष्कार तीसरे दिन भी जारी रहा। इसका असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा। कार्य बहिष्कार के कारण नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीच-बीच में आपूर्ति बाधित होती रही।

नेशनल रजपुरा रोड स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर शुक्रवार को भी ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने, निजी करण और सेवा शर्तों में कटौती के विरोध में 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल जारी रही। आंदोलनकारियों ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान किसी भी बिजली कर्मी को गिरफ्तार किया गया तो हड़ताल के साथ-साथ जेल भरो आंदोलन भी करेंगे।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) के आह्वाहन पर उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सभा को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्य बहिष्कार आन्दोलन में भदोही के लगभग 200 बिजली कर्मी सम्मिलित हैं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भदोही में संयोजक धीरेन्द्र प्रताप कौशल, अभिषेक यादव, जयकार पटेल, ईश्वर सरन सिंह, संजय यादव, रविन्द्र पाल, राहुल सुन्दरम, हरिशंकर कुशवाहा, ब्रह्मदत्त पटेल, अभिषेक प्रजापति, ज्योति प्रकाश, विनोद यादव, माधव द्विवेदी, सत्य प्रकाश, मनोज कुमार आनंद प्रकाश, प्रमोद चौहान, समेत समस्त सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है।

### हड़ताल को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था

**भदोही।** हरियांव स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड कार्यालय पर हड़ताल को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को भदोही सब स्टेशन का निरीक्षण नोडल व अतिरिक्त एसडीएम योगेंद्र कुमार साहू ने किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद लेखपाल रिशुन कुमार, राहुल गौड़ व संग्रह अमीन सत्येंद्र कुमार और अतिरिक्त तौर पर लगाये गए कर्मियों को बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ताकि तैनात टीम के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे।

# सीईपीसी को भदोही में ही दोनों एक्सपो के आयोजन पर करना चाहिए विचार: यादवेंद्र

जनसंदेश न्यूज


यादवेंद्र राय काका

**भदोही।** कालीन उद्योग के निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) द्वारा फेयर का आयोजन किया जाता है। मेले का मकसद विदेशों से आने वाले खरीदारों में भारतीय कालीनों और अन्य फ्लोर कवरिंग की सांस्कृतिक विरासत व बुनाई कौशल को बढ़ावा देना है।

कालीन उद्योग की बेहतरी के लिए वर्तमान परिवेश को देखते हुए सीईपीसी को भदोही में ही दोनों एक्सपो कराने पर विचार करना चाहिए। जब 270 निर्यातकों में से 200 निर्यातक अकेले भदोही- मिजार्पुर परिक्षेत्र के हैं, ऐसे में प्रयास होना चाहिए कि खरीदारों को खींच कर भदोही तक लाया जाए। ताकि निर्यातकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए भदोही से दिल्ली जाकर एक्सपो में हिस्सा लेने का बोझ कम हो सके। भदोही का कारपेट एक्सपो नई दिल्ली एक्सपो से बेहतर होगा। यह बातें जनपद के प्रमुख कालीन निर्यातक काका ओवरसीज के प्रबंध निदेशक यादवेंद्र राय काका ने अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले की चर्चा के दौरान कही। उन्होंने उम्मीद जताई कि भदोही में एक्सपो का आयोजन किये जाने से काफी संख्या में मझोले निर्यातकों को भी लाभ होगा।श्री राय ने कहा कि नई दिल्ली के ओखला में चल रहा कार्पेट एक्सपो का फेयर काफी अच्छा चल रहा है और काफी संख्या में बायर्स फेयर में आये हुए है। जहां पर हाथ से बनी कालीनों की डिमांड है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निर्यात बढ़ने की पूरी संभावना है। क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मशीन मेड कार्पेट का डिमांड घटा है। विदेशी ग्राहक हाथ से बनी कालीनों की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे है।

## शोभा यात्रा को लेकर बैठक कल

**भदोही।** विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने जारी विज्ञप्ति में बताया की हर वर्ष की भांति चैत्र नवरात्रि के राम नवमी के दिन भदोही नगर में श्री राम शोभा यात्रा भव्य रूप से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा निकालने की तैयारी को लेकर भदोही नगर मर्याद पट्टी स्थित महादेव मंदिर में रविवार को समय 3 बजे से बैठक रखी गई है। जिसमें भदोही नगर के कार्यकर्ता और सम्मानितगण भारी संख्या में भाग लेगे।

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर कृषि भवन जोरई में आरंभ हुआ। प्रातः छात्र छात्राओं ने भवन के आसपास उगी कटीली झाड़ियों को फावड़े की सहायता से साफ किया। तदुपरांत स्वच्छ होकर स्वयं भोजन का निर्माण किया। भोजन के उपरांत अल्प आराम के बाद हुई बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. भारतेन्दु द्विवेदी रहे। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ अन्य मिल रहे शिक्षणेत्तर अवसरों का उपयोग जरूर करना चाहिए। क्योंकि इन अवसरों में बहुत कुछ सीखने को मिलता है और जीवन का मार्ग उन्नत होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी पूर्व प्राचार्य रहे उन्होंने कहा कि घर में बड़े बुजुर्गों का हृदय से सम्मान करना चाहिए तथा सदैव सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना में अनुशासन बहुत जरूरी है।

## सर्पदंश से 24 वर्षीय विवाहिता की दुःखद मौत, कोहराम

**ज्ञानपुर।** कोइरौना थाना क्षेत्र के केवटाही गांव निवासी 24 वर्षीय विवाहिता प्रेमा देवी पत्नी अरुन कुमार बिन्द की दुःखद मौत हो गई। प्रथम दृष्टया परिजनों व जानकारों का कहना रहा कि रात में सोते समय किसी जहरीले जंतु के दंश से उसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार संजय कुमार व कोइरौना पुलिस ने जायजा लेते हुए मौत का कारण जानने हेतु शव पोस्टमार्टम जांच हेतु चीरघर भेज दिया। वहीं जानकारी मिली कि पीएम जांच में सर्पदंश से मृत्यु होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व प्रेमा देवी पति के बाहर जाने के ठीक बाद ससुराल से महज चार किलोमीटर दूर पैगहां गांव अपने मायके गई थी। बीती रात भोजन आदि के पश्चात वह पुराने कमरे में सोने चली गई। अन्य लोग दूसरे कमरे में व बाहर सो रहे थे। रात्रि में प्रेमा की मां के साथ बाहर सो रहा प्रेमा का 2 वर्षीय बच्चा रोने लगा। उसकी मां ने प्रेमा को बुलाया किंतु वह गम्भीर हाल में बिस्तर पर पड़ी थी। किसी तरह परिजनों ने दरवाजा खोला और उसे अस्पताल लेकर भागे। किंतु रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों का कहना रहा कि महिला को किसी जहरीले जंतु ने काटा है। पीएम रिपोर्ट में सर्पदंश से मौत की बात सामने आई है। घटना से परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रो बिलखकर बुरा हाल है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## बुद्ध पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाई जाएगी बुद्ध जयंती

**ज्ञानपुर।** सम्राट अशोक क्लब शाखा भदोही के कार्यकताओं पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को प्रोफेसर कॉलोनी ज्ञानपुर में आयोजित किया गया। बैठक में बुद्ध पूर्णिमा के दिन बुद्ध जयंती कार्यक्रम बनाए जाने की चर्चा की गयी। प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञानपुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि मानवता का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध की जयंती को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लग जाए। बैठक में अवधेश कुमार मौर्य, प्रवीण कुमार, राधेश्याम, पन्नालाल, संजय कुमार, अनिल कुमार, रमेश कुमार, सतेंद्र कुमार, मनोज कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# विदेशी खरीदारों को आकर्षक और नई डिजाइनों की कालीनों से लुभाया

**इंडिया कार्पेट एक्सपो**

**उम्मीद के मुताबिक मिला व्यवसाय बोले युवा कालीन निर्यातक रोहित गुप्ता**

**44वें इंडिया कार्पेट एक्सपो के तीन दिनों में 341 खरीदारों ने कराया पंजीकरण**

जनसंदेश न्यूज


इंडिया कार्पेट एक्सपो में लगे स्टाल गैलरी में कालीन देखते विदेशी खरीदार साथ मे खड़े उमेश गुप्ता, रोहित गुप्ता व गौरव गुप्ता

**भदोही।** एनएसआईसी प्रदर्शनी ग्राउंड, ओखला, नई दिल्ली में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण को दुनिया भर से एक्सपो के तीसरे दिन तक 341 विदेशी खरीदारों और 115 खरीददारों के प्रतिनिधियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। उमर हमीद, अध्यक्ष, सीईपीसी ने बताया कि भाग लेने वाले सदस्यों की प्रतिक्रिया और एक्सपो में आने वाले खरीदारों के साथ उनकी बातचीत के अनुसार खरीदार बहुत खुश थे और अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऐसा मंच प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं सीईपीसी के युवा सदस्य कालीन निर्यातक रोहित गुप्ता ने बताया कि इंडिया कारपेट एक्सपो एशिया में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है, जिसमें खरीदारों के लिए एक छत के नीचे सबसे अच्छे हस्तनिर्मित कालीन, गलीचे और अन्य फर्श कवरिंग के लिए एक अनूठा मंच मिलता है। जिसमें गैलरी की ओर से भी स्टाल लगाया है जहां उम्मीद के मुताबिक व्यवसाय मिला है। सीईपीसी के वरिष्ठ सदस्य रह चुके उमेश कुमार गुप्ता मुन्ना ने बताया कि एक्सपो का उद्देश्य अत्यधिक श्रम प्रधान भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग पर ध्यान केंद्रित करना और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े लगभग 20 लाख श्रमिकों, कारीगरों विशेषकर महिलाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करना है। मुकेश कुमार गोम्बर, उपाध्यक्ष, सीईपीसी और अनिल कुमार सिंह, असलम महबूब, दर्पण बरनवाल, फिरोज वजीरी, इम्तियाज अहमद, मोहम्मद वासिफ अंसारी, राम दर्शन शर्मा, श्री राम मौर्य, गुलाम नबी भट, शेख आशिक अहमद, बोध राज मल्होत्रा, महावीर प्रताप शर्मा, विजेंद्र सिंह जागलान, प्रशासनिक समिति के सदस्यों ने ऐसे आयोजन को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# जिले के दो तिहाई क्षेत्रों में बिजली-पानी के लिए हाहाकार

## शहर व देहात क्षेत्र में 11 केवी के 100 से अधिक फीडर बंद, आपूर्ति बाधित, जनजीवन अस्त-व्यस्त



कालीजी मंदिर-पांडेयपुर के पास चक्काजाम किये नागरिक

**हड़ताल का कहर**

- पूर्वांचल-डिस्कॉम के दावे की खुली कलई, गहराने लगा बिजली संकट
- बच्चों की परीक्षा और बिजली-पानी संकट तो पब्लिक उतरी सड़क पर
- कालीजी मंदिर व विद्यापीठ के पास किया चक्काजाम आवागमन बाधित
- पब्लिक के साथ व्यापारियों ने दिया धरना, उपकेंद्रों पर प्रदर्शन व हंगामा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बिजलीकर्मियों के दो दिन चले कार्य बहिष्कार और 72 घंटे के हड़ताल का गहरा असर दिखने लगा है। जिले के दो तिहाई क्षेत्रों में बिजली-पानी के लिए हाहाकार मचा गया है। वजह, जिले के करीब 100 से अधिक 11 केवी के फीडर बंद हो चुके थे। कुछ फीडरों को ऐन-केन-प्रकारेण चालू तो कराया गया, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है। बिजली संकट के चलते इलेक्ट्रानिक उपकरण खामोश है तो चार्जिंग के अभाव में हजारों मोबाइल बंद हो चुके हैं और लोगों का एक-दूसरे से सम्पर्क भंग हो चुका है। हजारों घरों के इंवर्टर टें बोल गए हैं। बिजली-पानी संकट से जूझते लोगों ने काली मंदिर-पांडेयपुर और विद्यापीठ रोड पर चक्काजाम किया। कई उपकेंद्रों पर प्रदर्शन और हंगामें की सूचना मिली। हर जगह पुलिस शांति-व्यवस्था बनाए रखने का हरसंभव कोशिश करती दिखी। सुरक्षा की दृष्टि से पारेषण एवं वितरण के कमोवेश सभी उपकेंद्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी चक्रमण करते हुए हालात का जायजा लेते नजर आए।

पांडेयपुर उपकेंद्र के पहड़िया फीडर से जुड़े नई बस्ती और आसपास क्षेत्रों के लोग गुरुवार की सुबह आठ बजे से बिजली-पानी संकट झेल रहे थे। इससे बिलबिलाए लोग शुक्रवार की सुबह सड़क पर उतरे और काली मंदिर-पांडेयपुर के पास चक्काजाम कर दिया। इससे आवागमन बाधित हुआ और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। लोगों का कहना था कि एक तरफ बिजली-पानी का संकट तो दूसरी तरफ बच्चों की परीक्षा का समय। ऐसे में जीना दुश्वार हो गया है। लोगों का कहना था कि कालीजी मंदिर के पास लगे ट्रांसफॉर्मर का डियो ही उड़ा है, लेकिन उसे बनाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने रूचि नहीं दिखाई। देर शाम तक हालात जस के तस रहे।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही यातायात निरीक्षक मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर आधे घंटे बाद यातायात तो चालू करा दिया। लेकिन पब्लिक के साथ व्यापारी सड़क किनारे धरने पर बैठ गए और चेतावनी दी कि जब तक बिजली नहीं मिलेगी, धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। लाख प्रयास करने के बावजूद जब बिजली नहीं आयी तो मायूस होकर लोगों ने अपराह्न दो बजे के बाद धरना समाप्त कर दिया। धरने पर वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा, दीपचंद गुप्ता, अरविंद कुमार समेत तमाम पब्लिक बैठी थी। दूसरी तरफ, विद्यापीठ उपकेंद्र से शुक्रवार को दोपहर बाद से बिजली गुल रहने से गुस्साएं लोगों ने उपकेंद्र के सामने देर शाम चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम हुआ तो गड़बड़ी दूर कर बिजली चालू कर दी गयी। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद रही।



कोईलहवा उपकेंद्र पर लगा ताला व तैनात पुलिसकर्मी



एसडीओ कार्यालय तरना पर लटकता ताला

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी त्राहिमाम-त्राहिमाम

**वाराणसी।** बिजली संकट के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में भी त्राहिमाम-त्राहिमाम की स्थिति है। हरहुआ प्रतिनिधि के अनुसार, सातो महुआ उपकेंद्र के हरहुआ, बडागांव, अहरक, कोईराजपुर, अकला, एलपीजी, सेहमलपुर व सेहमलपुर कृषि फीडर बंद होने से सैकड़ों गांव की बिजली अपराह्न दो बजे से बंद है। इसके चलते कल-कारखानों के साथ ही कृषि कार्य प्रभावित है। पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। उपकेंद्र पर सुरक्षा में लगे पुलिस के जवानों की ड्यूटी वीआईपी मूवमेंट के चलते दोपहर से लगा दिया गया था। उसी दौरान बिजली कर्मचारियों ने सभी फीडर बंद कर घिसक लिए। अब पुलिस जवानों को यह नहीं मालूम है कि कैसे बिजली चालू की जाए। टोल फ्री नंबर पर फोन भी नहीं लग रहा है। चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार, बिजली कर्मियों के हड़ताल से क्राइस्ट नगर विद्युत उपकेंद्र से बिजली पूरे दिन नदारद रही। बिजली न रहने से कल कारखाने सब बंद रहे। मोबाइल डिस्चार्ज होने से शो पीस बनकर रह गई। क्राइस्ट नगर उपकेंद्र से आयर, औरा, बेनीपुर, गहनी, मुर्दहा, अहिरौली आदि दर्जनों गांवों में बिजली बिना सब सुना-सुना हो गया। हैंडपंप से बड़ी मशक्कत के बाद पानी निकल पा रहा है। सीरियल न देख पाने से महिलाए बिजली विभाग को कोसती रही। शाम होते ही अंधेरा छा गया। जिनके पास इंवर्टर वो भी जनाब दे गया।

### चांदपुर-लोहता मार्ग पर टूटा हाईटेंशन तार

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर-लोहता मार्ग पर शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिरने से कुछ देर के लिए जाम लग गया। सुबह के समय आवागमन कम होने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सड़क पर गिरे तार के कारण दोनों तरफ लम्बा जाम लग गया। क्षेत्रीय लोगों से जाम की सूचना पाकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मय हमराही मौके पर पहुंचे। लाइन चालू होने के कारण सड़क किनारे झाड़ियों में आग भी लग गयी। थानाध्यक्ष ने दमकल विभाग को फोन किया तथा बिजली विभाग को फोनकर लाइन बन्द कराया। दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पायी। तकरीबन दो घंटे के अथक प्रयास के बाद तार हटवा कर आवागमन चालू किया गया।



बिजली के लिए धरने पर बैठे व्यापारी व पब्लिक

### कहीं यह आंदोलनकारियों का खेल तो नहीं!

वाराणसी। बिजली संकट झेल रही जनता का कहना है कि शहर और देहात क्षेत्र में अचानक ब्रेकडाउन एवं फॉल्ट की बाढ़ सी आ गयी है। यह समझ से परे हैं। कहीं इस खेल के पीछे आंदोलनकारियों का हाथ तो नहीं है। आंदोलनकारी इसलिए ऐसा इसलिए कर रहे होंगे ताकि जनता परेशान हो और उनकी बात सुन ली जाए। बताते चलें कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बुधवार व गुरुवार को कार्य बहिष्कार किया और गुरुवार की रात 10 बजे से 72 घंटे के हड़ताल पर चले गए हैं। संघर्ष समिति का दावा है कि पूरे प्रदेश में 600 से अधिक 11 केवी के फीडर ब्रेकडाउन में हैं। इतनी बड़ी संख्या में अपने आप ब्रेकडाउन हो जाना समझ से परे हैं। ऐसी संभावना है कि इसके पीछे कहीं न कहीं आंदोलनकारियों का खेल नजर आ रहा है।

### कई सरकारी कार्यालयों की भी बत्ती गुल

**वाराणसी।** बिजली संकट से पब्लिक ही नहीं, विभिन्न सरकारी कार्यालयों के कर्मचारी भी जूझ रहे हैं। कई सरकारी कार्यालयों की बत्ती गुल होने से कामकाज पर गहरा असर पड़ा है। जिलाधिकारी कार्यालय बिजली गुल होने से कामकाज पूरी तरह बाधित रहा। अंधेरें में काम करने को कर्मचारी विवश तो हुए, लेकिन आम जनता को बैरंग लौटना पड़ा। विकास भवन में भी गुरुवार को गयी बिजली शुक्रवार को दोपहर बाद आयी। शिक्षा विभाग, वाणिज्य कर विभाग, जलकल विभाग, सिंचाई विभाग समेत तमाम विभाग के कार्यालय बिजली संकट के चलते जेनरेटर पर आश्रित नजर आए।

### विद्युत फॉल्ट की 1510 शिकायतें

वाराणसी। विद्युतकर्मियों की हड़ताल से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह फॉल्ट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित होने से जनता परेशान है। विभाग के हेल्पलाइन 1912 पर आपूर्ति बाधित होने से संबंधित शुक्रवार की शाम करीब छह बजे तक 1510 शिकायतें दर्ज की गयी। इसमें वाराणसी में अकेले 716 शिकायतें आयी। इसके अलावा आजमगढ़ में 214, बलिया में 66, बस्ती में 126, चंदौली व मीरजापुर में 13-13, देवरिया में 78, जौनपुर में 114, मऊ में छह, मीरजापुर में 13, प्रयागराज में 135, भदोही में 20 और सोनभद्र में नौ शिकायतें दर्ज की गयी।

### अपराधियों को नहीं, लाइनमैन को खोज रहे पुलिसकर्मी

**वाराणसी।** विद्युतकर्मियों के हड़ताल के चलते पुलिसकर्मी अपराधियों के छोड़कर लाइनमैनों को खोजने में व्यस्त हो गये हैं। थाने के पुलिसकर्मी हो या फिर चौकी के, कमोवेश सबका यही हाल है। रमना चौकी प्रभारी क्षेत्र की जनता को बिजली दिलाने के लिए लाइनमैन को ढूढ़ते नजर आए। सभी विद्युत उपकेंद्रों को छोड़कर कर्मचारी फरार है। सभी जगह दरोगा एवं सिपाहियों ने कमान संभाल रखी है। शक्ति पीठ उपकेंद्र, सारनाथ के अटल नगर फीडर व हर नारायण विहार कॉलोनी क्षेत्र में सुबह पांच बजे से विद्युत आपूर्ति बंद है। जिला कमांड सेंटर पर एक उपभोक्ता ने फोन किया तो बताया गया कि कर्मचारियों को पकड़ने के लिए कई जगह छापेमारी की जा रही है, परंतु अभी तक सफलता नहीं मिली है। इस कारण से जिला प्रशासन भी चिंतित है। नगरीय विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के कंदवा उपकेंद्र के कंदवा फीडर पर विद्युत आपूर्ति अपराह्न साढ़े तीन बजे से बंद है। उपभोक्ताओं ने पूर्वांचल-डिस्काम के टोल फ्री नम्बर 1912 पर बात की तो रात 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया है। हालांकि इसके पूर्व ही किसी पब्लिक ने यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम देवराज को मैसेज कर दिया, नतीजा यह हुआ कि रात सवा आठ बजते-बजते कंदवा फीडर से आपूर्ति बहाल करा दी गयी।



बेनिया उपकेंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी



विद्यापीठ उपकेंद्र के सामने आक्रोशित जनता ने किया चक्काजाम

### अस्पतालों की बिजली गुल, मरीज बेहाल

**तरना।** बिजलीकर्मियों के हड़ताल ने मरीजों को भी बेहाल कर दिया है। कोईलहवा उपकेंद्र के कर्मचारी शुक्रवार को अपराह्न एक बजे के बाद ताला बंद कर चलते बने। ऐसा ही हाल रेलवे क्रॉसिंग स्थित एसडीओ ऑफिस का भी रहा, वहां भी ताला लटकता मिला। शिवपुर के शहरी सामुदायिक केंद्र में लाइट न होने के कारण स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि सोलर इनवर्टर जब तक चार्ज था, तब तक लाइट आती रही। इसके डिस्चार्ज होने के बाद लाइट बंद हो गई। अस्पताल में लगभग 12 मरीज भर्ती हैं, लेकिन लाइट न होने के कारण परेशान हैं। टीकाकरण कक्ष में नर्स मोबाइल की रोशनी में बच्चों का टीकाकरण करती हुई मिली। डाकघर शिवपुर में बिजली न होने के कारण पूरा कामकाज प्रभावित रहा। पोस्टमास्टर ने बताया कि इंवर्टर का बैकअप काफी कमजोर होने के कारण एक घंटे में ही बंद हो गया। उसके बाद से सभी लेनदेन का कार्य ठप रहा।



शिवपुर सामुदायिक केंद्र पर बिजली न होने से बंद रहे पंखे

### कई उपकेंद्रों से 40 घंटे से अधिक बिजली संकट

मैदागिन, चौकाघाट, मच्छोदरी, कज्जाकपुरा, काशी, बेनिया, भेलूपुर, शंकुलधारा, नरिया, मंडुवाडीह, डीपीएच, लोहता, पन्नालाल पार्क, अर्दली बाजार, तरना, बड़ालालपुर, दौलतपुर, लेढ़ूपुर, शक्तिपीठ, टाउनहाल, चौक, गोदौलिया, रानीपुर समेत समस्त वितरण उपकेंद्रों पर बिजली संकट झेलते पब्लिक ने हंगामा और प्रदर्शन किया। हालांकि सब जगह मौजूद पुलिसकर्मियों ने सबको समझा-बुझाकर लौटाया। कोटवां उपकेंद्र से जुड़े फुलवरिया क्षेत्र में गुरुवार की आधी रात से, बेनिया उपकेंद्र से जुड़े रामकटोरा, बौलिया और आसपास क्षेत्र में गुरुवार की शाम से, चौकाघाट उपकेंद्र से जुड़े नई बस्ती, ईश्वरगंगी, औसानगंज, भरत मिलाप कालोनी, महेश कालोनी आदि क्षेत्रों में गुरुवार शाम से, कोईलहवा उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में भी बिजली संकट बरकरार है। आम जनता बिजली संकट झेलने को विवश है। कहने का आशय यह है कि कई उपकेंद्रों से 40 घंटे से अधिक समय से बिजली संकट बरकरार है। रामनगर उपकेंद्र के तीन फीडर से बिजली आपूर्ति शुक्रवार की सुबह से बाधित है। दो पुलिसकर्मियों के अलावा कोई शिकायत सुनने वाला नहीं है। सरकार व कर्मचारियों की लड़ाई में आमजन को परेशान हो रही है। डीपीएच उपकेंद्र से जुड़े मड़ौली, मंडुवाडीह, इंग्लिशियालाइन, परेडकोठी, मलदहिया समेत कई इलाकों में कहीं गुरुवार की शाम छह बजे से तो कहीं सुबह सात बजे से आपूर्ति बाधित है। आक्रोशित लोगों का कहना है कि पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी ने मीडिया से दावा किया था कि 70 प्रतिशत कर्मचारी उनके साथ है और बाकी 30 प्रतिशत को मना लिया जाएगा। उनके दावे की कलई तक खुल गयी है। शक्तिपीठ उपकेंद्र के अटल नगर फीडर से सुबह पांच बजे से बिजली गुल है। लेढ़ूपुर उपकेंद्र से जुड़े लोहिया नगर कॉलोनी समेत कई इलाकों में गुरुवार की शाम चार बजे से आपूर्ति बाधित है। कंदवा उपकेंद्र के कंदवा फीडर से जुड़े क्षेत्रों में भी गुरुवार की शाम से बिजली गुल है।

## बिजली संकट से फैक्ट्रियों में उत्पादन प्रभावित



बिजली संकट के चलते कारखाने में डंप माल और कामकाज ठप



रामनगर औद्योगिक क्षेत्र का बंद विद्युत उपकेंद्र

**उद्यमियों में रोष**

**रामनगर औद्योगिक क्षेत्र की 50 से अधिक फैक्ट्रियां रहीं बंद**

**वाराणसी।** औद्योगिक क्षेत्र रामनगर फेस वन में गुरुवार की आधी रात करीब सवा 12 बजे से बिजली न मिलने के कारण 50 से अधिक फैक्ट्रियों में उत्पादन प्रभावित हुआ। उद्यमियों ने बताया कि करीब चार फीडरों की आपूर्ति बंद हो गयी थी। उत्पादन प्रभावित होने और मशीनों के न चलने से पैकिंग आदि कार्य भी ठप रहे और कर्मचारियों को खाली हाथ बैठना पड़ा। जबकि उद्यमियों पर उत्पाद सप्लाई, सप्लायर का भुगतान, जीएसटी पेमेंट, विद्युत बिलों का भुगतान आदि इसी माह करना भी है। ऐसे में संकट का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा समेत कई उद्यमियों का कहना है कि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपेक्षित व्यवहार बहुत ही कष्टप्रद है। शुक्रवार सुबह से मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित सभी से बात होने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ है। एमडी का फोन नहीं उठा।

ऐसे में जिलाधिकारी चंदौली ने मामले की गंभीरता को परखा और एसडीएम मुगलसराय को उपकेंद्र पर भेजा, तब जाकर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई। दूसरी तरफ, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की मलदहिया स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में बिजली संकट से बंद कल-कारखानों के प्रभावित उत्पादन पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के शानदार व सफल आयोजन से उद्यमियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। लेकिन औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दुर्वव्यस्था से पार पाने में प्रशासन की नाकामी ने उद्यमियों का मनोबल टूटने से निराशा का भाव उत्पन्न किया है। बैठक में फूड कमेटी के चेयरमैन दीपक बजाज, मंडलीय सचिव प्रशांत अग्रवाल, राजेश भाटिया, अनुपम देवा, ओपी बदलानी, राकेश जायसवाल, रतन सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### सर्किट हाउस की बत्ती गुल

**वाराणसी।** दो दिनी दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ज्यों ही सर्किट हाउस पहुंचे, परिसर की बत्ती गुल हो गयी। यह स्थित देखते हुए अफसरों के हाथ-पांव फूल गये। उनमें हड़कंप मच गया। उन्होंने आनन-फानन में दौड़धूप शुरु कर दी। हालांकि 15 मिनट बाद ही सर्किट हाउस की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी। दूसरी ओर, विकास भवन में बीते गुरुवार की रात से ठप रही बिजली आपूर्ति शुक्रवार को अपराह्न बहाल हो सकी। इस बीच बिल्डिंग में स्थित विभिन्न विभागों का ऑनलाइन स्तर का कामकाज बाधित होता रहा।

## हड़ताली बिजलीकर्मियों ने किया 'समझौता पूर्ण यज्ञ'

**आंदोलन**

**दावा-हड़ताल में शामिल हैं शत-प्रतिशत अभियंता व कर्मचारी**

**प्रदेश के 11 केवी के 686 फीडर बंद, 50 लाख जनता प्रभावित**

**वाराणसी।** बिजली कर्मचारियों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लागू करने के लिए 72 घंटे सांकेतिक हड़ताल के बीच शुक्रवार को भिखारीपुर स्थित हनुमान मंदिर पर समझौता पूर्ण यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों कर्मचारियों ने आहुति दी और लिखित समझौते को लागू कराने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दूसरी तरफ, हड़ताल के चलते प्रदेश के 11 केवी के 686 फीडर बंद होने से 50 लाख से अधिक उपभोक्ता बेहाल है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसी कर्मचारी की गिरफ्तारी हुई तो बेमियादी आंदोलन के साथ ही जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

सभा कर वक्ताओं ने कहा कि बिजलीकर्मी अपने मुखिया से कुछ नया मांग नही कर रहे हैं। अपितु सन 2000 में संघर्ष समिति और तत्कालीन मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन की बात कर रहे हैं। जिसमें एक वर्ष के अंदर ऊर्जा विभाग का घाटा, जो 70करोड़ था, वो कम नही हुआ तो दोबारा राज्य विधुत परिषद की गठन कर दिया जाएगा। विघटन के बाद ऊर्जा निगमों में कार्यरत बिजलिकर्मियो की सेवा शर्ते में कोई कटौती नही होगा।

वर्तमान मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी व ऊर्जा मंद्धी के साथ 12 सूत्री मांगों को एक पखवारे में पूरा कराने का लिखित आश्वासन हुआ, लेकिन इसे भी पूरा नहीं किया जा रहा है।

संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी अंकुर पांडेय ने कहा कि हम सभी बिजली कर्मियों का बस एक ही मांग है कि दिसंबर में जो हमारी 12 सूत्री मांगों पर जो समझौता हुआ था, वह जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी किसी भी कर्मचारी पर दबाव नहीं बना रहे हैं। जिनको लगता है कि हमारे इस समझौते से उन्हें लाभ है, वह हमारा साथ दे रहे हैं। जिनको नहीं लग रहा है, वह अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय पूरे वाराणसी में 3500 लोग हड़ताल पर हैं। जिले में 25 संगठन संघर्ष समिति के इस आंदोलन में साथ दे रहे हैं। सभा को अविनाश पटेल, चंद्रशेखर चौरसिया, राजेश यादव, विजय सिंह, जिउतलाल, रत्नेश सेठ, राहुल मौर्य, अमित त्रिपाठी, संजय भारती, बीरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अंकुर पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।



समझौता पूर्ण यज्ञ में हड़ताली विद्युतकर्मी दे रहे आहुति



सभा में उपस्थित आंदोलनकारी विद्युतकर्मी

## शांति भंग करने वालों से सख्ती से निबटेंगे

**दी चेतावनी**

**डीएम ने कई विद्युत उपकेंद्रों का किया औचक मुआयना, मौके पर फोर्स तैनात लेकिन सबस्टेशन का स्टाफ नदारद**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बिजली विभाग की हड़ताल को देखते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शुक्रवार को कई विद्युत उपकेंद्रों का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबस्टेशनों पर पुलिस और प्रशासन के कर्मचारियों की लगायी गयी ड्यूटी और तैनाती का हाल जाना। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन और पुलिस कमिश्नरेट के अफसर और कर्मचारी पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के साथ सख्ती से निबटेंगे।

डीएम ने इमलिया घाट स्थित खण्ड-5 के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर मुआयने के वक्त वहां सिर्फ पुलिसकर्मी मिले जबकि ऑपरेटर नहीं था। उसके बाद वह पन्नालाल पार्क उपकेंद्र पहुंचे। वहां भी ऑपरेटर नहीं था और मात्र सिक्यूरिटी की दृष्टि से फोर्स तैनात मिली। नगरीय विद्युत वितरण खंड (द्वितीय) चौकाघाट में भी कमोवेश यही स्थिति दिखी। इसी क्रम में श्री राजलिंगम सिगरा स्थित त्रिनेत्र कमांड सेंटर पहुंचे। वहां से सभी विद्युत स्टेशनों की मानिटरिंग की जा रही है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि विद्युत उपकेंद्रों पर जिला प्रशासन द्वारा तैनात कर्मचारियों की मौजूदगी की जांच की जा रही है। प्रत्येक विद्युत सबस्टेशन पर पुलिस फोर्स तैनात है। किसी उपकेंद्र पर यदि कोई विद्युतकर्मी ड्यूटी पर है तो वहां तैनात फोर्स को सबस्टेशन की सुरक्षा के साथ ही साथ उस बिजली कर्मचारी की भी सुरक्षा करनी है।



जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शुक्रवार को विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों का आकस्मिक जायजा लिया

### बिजली हड़ताल शासन की अदूरदर्शिता: अनिल

वाराणसी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिल श्रीवास्तव 'अन्नू' ने एक वक्तव्य के जरिये बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से उत्पन्न नागरिक समस्याओं और हो रही भीषण परेशानी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है कि यह स्थिति शासन की अदूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि सरकार को चाहिए था कि विद्युतकर्मियों के हड़ताल पर जाने के पहले वह कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था करती। लेकिन सरकार ने इसे मुनासिब नहीं समझा। फलस्वरूप वाराणसी समेत पूरे उत्तर प्रदेश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जनसमस्याओं के प्रति यह सरकार की घोर लापरवाही का द्योतक है।